
* बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

* पटना संस्करण

* रजि. नंबर : 52290/90 * वर्ष : 37 * अंक : 07 * पृष्ठ : 12 * औरंगाबाद, बुधवार, 3 जून 2026 * मूल्य : 3.00 रुपये * औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित * www.navbihartime.com



मुजफ्फरपुर में लाभुक को योजना का चेक प्रदान करते सीएम सम्राट चौधरी

## मुख्यमंत्री ने मुजफ्फरपुर को दी 288 करोड़ रुपये की सौगात

# जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण सरकार की प्राथमिकता : सम्राट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मुजफ्फरपुर।** जिले के मोतीपुर प्रखंड स्थित परसौनी नाथ पंचायत में आयोजित 'सहयोग शिविर' के दौरान मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने जिले को बड़ी सौगात दी। उन्होंने यहां 288.16 करोड़ रुपये की कुल 109 विकास योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज यह सरकार जनता के समर्थन से बनी है और हम लोग लगातार पूरे बिहार में लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान कर रहे हैं। सरकार की एक बड़ी प्राथमिकता जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण है। उन्होंने अधिकारियों को सख्त संदेश देते हुए कहा कि यदि किसी शिकायत का समाधान 30 दिनों के भीतर नहीं होता है तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सरकार पहले भी कार्रवाई कर संदेश दे चुकी है और आगे आवश्यकता पड़ी तो संबंधित अधिकारी को निलंबित



भी किया जाएगा। इस दौरान लोजपा की वैशाली सांसद वीणा देवी, मंत्री रमा निषाद सहित भाजपा और जदयू के सभी विधायक मौजूद रहे। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बिहार विकास के संकल्प को पूरा करने में लगे हुए हैं। बिहार सरकार ने यह निर्णय लिया है कि हर महीने के पहले और तीसरे मंगलवार को पूरे राज्य में सभी मंत्री अपने-अपने जिलों में सहयोग शिविर लगाएंगे। इसका उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। यह केवल सहयोग नहीं बल्कि सहयोग के माध्यम से जनता की समस्याओं के समाधान का अभियान है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि यह पहल केवल आवेदन लेने तक सीमित नहीं रहेगी बल्कि हर शिकायत का फॉलो-अप कर तय समय सीमा के भीतर उसका निपटारा भी किया जाएगा। इस जिले में बेहतर काम किया जा रहा है और यही वजह है कि यहां विकास कार्यों का लगभग 90 प्रतिशत लक्ष्य पूरा हो चुका है।

## संक्षिप्त समाचार

### सीबीएसई के अध्यक्ष और सचिव का तबादला

**नई दिल्ली(नबिटा ब्यूरो)।** ओएसएम विवाद के बीच सीबीएसई के चेयरमैन राहुल सिंह और सचिव हिमांशु गुप्ता का तबादला कर दिया गया है। सीबीएसई द्वारा ऑन-स्क्रीन मार्किंग सेवाओं की खरीद की जांच के लिए एक लिए एक जांच समिति का गठन किया गया है। सीबीएसई के ऑन स्क्रीन मार्किंग सिस्टम में बड़े स्तर पर सामने आई गड़बड़ियों और पुनर्मूल्यांकन से जुड़े पोर्टल के शुरू न होने की शिकायतों के बाद शिक्षा मंत्रालय ने उच्च स्तरीय जांच शुरू कर दी है। जांच रिपोर्ट के बाद जो भी दोषी पाए जाएंगे उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### मुफस्सिल थानाध्यक्ष के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी

**मुंगेर(नबिटा ब्यूरो)।** न्यायालय के आदेशों की लगातार अवहेलना करने पर मुफस्सिल थाना के थानाध्यक्ष विपिन कुमार सिंह के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी किया गया है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-7 संतोष कुमार-2 की अदालत ने पुलिस अधीक्षक को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। यह कार्रवाई बार-बार आदेश दिए जाने के बावजूद आवश्यक रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करने के कारण की गई।

### नीट छात्रा का शव मिलने से हड़कंप

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पत्रकार नगर थाना क्षेत्र के सचिवालय कॉलोनी स्थित राधे कृष्णा हॉस्टल में नीट की तैयारी कर रही छात्रा का शव मिला है। मंगलवार सुबह 17 साल की छात्रा का शव फंदे से झूलता देखकर लोग दंग रह गए। हॉस्टल संचालक ने फौरन पुलिस और परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। पुलिस के अनुसार मृत छात्रा समस्तीपुर की रहने वाली थी।

### किसान की गोली मारकर हत्या

**मुंगेर(नबिटा ब्यूरो)।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के टीकारामपुर स्थित बनारसी राय टोला में सोमवार देर रात अपराधियों ने खेत में सो रहे एक किसान की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान मंसूरी यादव के रूप में हुई है। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतक के भाई नंदन यादव ने बताया कि करीब 10 दिन पहले कुछ अपराधियों ने उनके भाई से रंगदारी की मांग की थी। उनका आरोप है कि उसी धमकी के बाद अपराधियों ने इस वारदात को अंजाम दिया।

### जिला कांग्रेस अध्यक्षों की बैठक 6 को

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** प्रदेश कांग्रेस की सभी जिला कमेटियों के अध्यक्षों की बैठक 6 जून को पार्टी मुख्यालय सदाकत आश्रम में होगी। इसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम करेंगे। इस अवसर पर बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावरु विशेष रूप से मौजूद रहेंगे तथा वे संगठनात्मक विषयों पर जिला अध्यक्षों से संवाद करेंगे। साथ ही आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों एवं जनसंपर्क अभियानों की रूपरेखा पर भी विचार-विमर्श होगा।

## आठ सीओ एवं राजस्व अधिकारियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के खिलाफ अपनी कार्रवाई के तहत मंगलवार को आठ अंचल अधिकारियों एवं राजस्व अधिकारियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की है। इस क्रम में रोहतास जिले के डिहरी की तत्कालीन अंचल अधिकारी एवं वर्तमान में सेवानिवृत्त सीमा रानी पर सरकारी भूमि से संबंधित अभिलेखों में जालसाजी कर सरकारी जमीन के बंदरबांट के मामले में विभागीय कार्यवाही संचालित करने का निर्णय लिया गया है। औरंगाबाद के तत्कालीन राजस्व अधिकारी तथा वर्तमान में बक्सर जिले के इटाढ़ी के अंचल अधिकारी संतोष कुमार प्रीतम पर गैरमजरूआ मालिक खाते की भूमि को रैयती बताकर दाखिल-खारिज की अनुशंसा करने का आरोप सिद्ध होने पर संचयी प्रभाव के बिना एक वेतन वृद्धि पर रोक लगाने का दंड दिया गया है। गोपालगंज जिले के बरौली के तत्कालीन राजस्व अधिकारी विजय कुमार सिंह के विरूद्ध आरोप पत्र गठित किया गया है। मुजफ्फरपुर जिले के मोतीपुर की तत्कालीन अंचल अधिकारी रूचि कुमारी पर बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (बियाडा) की भूमि को निजी व्यक्ति के पक्ष में दाखिल-खारिज करने के आरोप की जांच के लिए दो सदस्यीय जांच दल गठित किया गया है। बेगूसराय जिले के साहेबपुरकमाल के तत्कालीन प्रभारी अंचल अधिकारी तथा वर्तमान में सुपौल के अपर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी चंदन कुमार पर वित्तीय अनियमितता के मामले में आरोप पत्र गठित किया गया है। पश्चिम चंपारण के बगहा-1 के अंचल अधिकारी उदय शंकर मिश्रा पर गैरमजरूआ खाते की भूमि का खाता बदलकर बिना स्थलीय जांच के दाखिल-खारिज स्वीकृत करने, पूर्वी चंपारण के रामगढ़वा अंचल अधिकारी राजा कुमार पर राजस्व कार्यों में बिचौलियों के माध्यम से रिश्वतखोरी करने एवं प. चंपारण के रामनगर के तत्कालीन अंचल अधिकारी विनोद कुमार मिश्रा पर विभिन्न दाखिल-खारिज वादों में गैरमजरूआ भूमि का खाता-खेसरा बदलकर स्वीकृति देने के आरोप में आरोप पत्र गठित किया गया है।

## सरकारी बंगले पर किसी का हक नहीं होता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने किसी का नाम लिए बिना कहा कि सरकारी बंगले पर किसी का हक नहीं होता। जिस दिन मेरा काम खत्म हो जाएगा उसी दिन सीएम आवास खाली कर दूंगा। सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि कुछ लोगों को सरकारी आवास का मोह है। बेटा अलग घर चाहता है, माता जी अलग घर चाहती हैं। जिस दिन पार्टी और हमारे नेता कह देंगे कि आपका काम यहीं समाप्त होता है, मैं 24 घंटे के भीतर अपना झोला उठाकर वहां से चला जाऊंगा। सीएम सम्राट ने कहा कि लोगों को लगता है कि हमारे खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। कभी किसी के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती, मैं पिछले 10 वर्षों से 2016 से 2026 तक मैं कई बार मंत्री बना, कई बार डिप्टी सीएम बना, गृह मंत्री भी बना, पर मैं सरकारी गृह में नहीं रहता था। मैं 2400 स्कावर फीट के अपने घर में रहने का काम करता हूं लेकिन आज पीएम मोदी और नीतीश कुमार ने बिहार की सेवा करने का मौका दिया है। मैं नीतीश कुमार जी को धन्यवाद देता हूं, नीतीश कुमार जी को कोई नोटिस नहीं गया। उन्होंने कहा कि मैं 15 अप्रैल को सीएम बना और 1 मई को नीतीश कुमार जी ने अपना सरकारी आवास खाली कर दिया और दूसरे घर में चले गए। लोग उनको देखना चाहते हैं जो लोकतंत्र में जनता का सेवक होते हैं। मैं जब सीएम आवास में गया तो पहले ही दिन कहा कि ये मुख्यमंत्री का आवास जरूर है पर आप ये बाहर लिखवा दीजिए कि ये लोक सेवक का आवास है। ये आम जनता के कल्याण के लिए सेवा करने का माध्यम है। यह किसी का बपौती नहीं हो सकता। ये राजतंत्र थोड़ी है जो आपको घर मिला उसी में रहेंगे।

## पंचायत कर्मियों के लिए बायोमेट्रिक हाजिरी अनिवार्य

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार ने सरकारी कार्यालयों में समयबद्ध उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए बड़ा फैसला लिया है। अब पंचायत स्तर पर तैनात कर्मियों को भी बायोमेट्रिक सिस्टम के जरिए अपनी हाजिरी दर्ज करनी होगी। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों को निर्देश जारी कर दिया है। साथ ही प्रखंड स्तर पर भी बायोमेट्रिक उपस्थिति व्यवस्था को सख्ती से लागू करने को कहा गया है। नए निर्देश के अनुसार पंचायत स्तर पर कार्यरत सभी विभागों के कर्मचारी पंचायत सरकार भवन में स्थापित बायोमेट्रिक मशीन पर अपनी उपस्थिति दर्ज करेंगे। इसी प्रकार प्रखंड, अनुमंडल और जिला स्तरीय कार्यालयों के सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों को भी कार्यालय में उपलब्ध बायोमेट्रिक सिस्टम के माध्यम से हाजिरी लगानी होगी। सामान्य प्रशासन विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिन कार्यालयों में बायोमेट्रिक मशीनें खराब हैं उन्हें प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त कराया जाए। वहीं जिन कार्यालयों में अभी तक बायोमेट्रिक मशीन नहीं लगी है वहां इसे तत्काल स्थापित करने का निर्देश दिया गया है ताकि उपस्थिति प्रणाली में किसी प्रकार की बाधा न आए। आदेश के अनुसार प्रत्येक माह के अंतिम सप्ताह के कार्य दिवस पर सभी कार्यालय प्रधान बायोमेट्रिक उपस्थिति का प्रिंट आउट संबंधित आईटी प्रबंधक को उपलब्ध कराएंगे। इस व्यवस्था की निगरानी के लिए प्रत्येक जिले में एक नोडल अधिकारी की भी नियुक्ति की जाएगी जो पूरे मामले की रिपोर्ट जिलाधिकारी को देंगे। सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि कर्मियों का वेतन बायोमेट्रिक उपस्थिति के आधार पर निर्गत किया जाएगा। निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी उपस्थिति विवरण के आधार पर ही वेतन विपत्र तैयार करेंगे। इसके लिए कोषागार के साथ भी समन्वय स्थापित किया जाएगा ताकि उपस्थिति और वेतन भुगतान की प्रक्रिया पारदर्शी बन सके। सामान्य प्रशासन विभाग ने कहा है कि निर्देशों के बावजूद कई कार्यालयों में अधिकारी और कर्मचारी समय पर उपस्थिति सुनिश्चित नहीं कर रहे हैं। कार्यालय अवधि में सरकारी दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही की शिकायतें भी मिल रही हैं। ऐसे मामलों को गंभीरता से लेते हुए सरकार ने सख्त निगरानी के निर्देश दिए हैं। सरकार ने पूरे मामले की मॉनिटरिंग के लिए औचक निरीक्षण करने का निर्देश दिया है। नियमों का पालन नहीं करने वाले अधिकारियों और कर्मियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। सरकार का मानना है कि बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली से सरकारी कार्यालयों में अनुशासन बढ़ेगा, जवाबदेही तय होगी और आम लोगों को बेहतर सेवाएं मिल सकेंगी।

## रिश्वत लेते अमीन गिरफ्तार

**बांका(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ निगरानी विभाग की कार्रवाई दूसरे दिन भी जारी रही। मंगलवार को अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने चांदन थाना क्षेत्र में छापेमारी कर अंचल कार्यालय के सर्वेयर अमीन आदित्य कुमार को 8,500 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद अमीन से पूछताछ की जा रही है। चांदन प्रखंड निवासी दिनेश कुमार मंडल ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी जमीन के कागजात में माता-पिता के नाम में त्रुटि थी। इस त्रुटि को सुधारने के लिए सर्वेयर अमीन आदित्य कुमार ने उनसे कथित तौर पर 10 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। दिनेश मंडल ने 6 मई को पटना निगरानी विभाग में इसकी शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के सत्यापन के बाद निगरानी विभाग ने मामले की जांच की और आरोपी को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। पूर्व निर्धारित योजना के तहत दिनेश मंडल ने अमीन को 8,500 रुपये दिए। राशि स्वीकार करते ही टीम ने अमीन को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

## बिहार में जून में होगी शिक्षकों की ट्रांसफर-पोस्टिंग

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मंगलवार को शेखपुरा पहुंचे जहां उन्होंने कई मुद्दों पर अपनी बात रखी। राज्य में शिक्षकों की ट्रांसफर-पोस्टिंग पर सीएम सम्राट ने कहा कि उन्होंने आदेश दिया है कि जून में शिक्षकों का ट्रांसफर कर दिया जाए। काफी समय से राज्य के सरकारी स्कूलों के शिक्षक ट्रांसफर का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में यह राहत भरा आदेश शिक्षकों के लिए माना जा रहा है। लोगों को संबोधित करते हुए सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि जून महीने में महिला शिक्षकों को उनके अपने पंचायत के पास वाले पंचायत में पोस्टिंग मिल जाएगी। साथ ही पुरुष शिक्षकों की पोस्टिंग बगल के ब्लॉक में कर दी जाए। पूरी व्यवस्था उनके घर के पास में रहे ताकि वे आसानी से अपने घर से स्कूल में जाकर बच्चों को पढ़ायेंगे। इस तरह से सीएम सम्राट ने शिक्षकों को लेकर आदेश विभाग को दे दिया है। इससे पहले शिक्षकों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए बिहार के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी के हस्तक्षेप के बाद राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद ने महत्वपूर्ण निर्देश जारी किया था। परिषद के निदेशक की ओर से जारी पत्र के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2025-26 में विभिन्न कारणों से ट्रनिंग से वंचित रह गए शिक्षकों को वर्ष 2026-27 में ट्रनिंग लेने का अवसर दिया जाएगा।

## मदरसों की जांच के लिए बनी तीन सदस्यीय समिति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार ने राज्य के अराजकीय प्रस्वीकृत अनुदानित मदरसों की व्यापक जांच कराने का फैसला किया है। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी की घोषणा के बाद शिक्षा विभाग ने इस संबंध में सभी जिलों के डीएम को आधिकारिक निर्देश जारी कर दिए हैं। सरकार का कहना है कि जिन संस्थानों को सरकारी अनुदान मिल रहा है वहां शिक्षा व्यवस्था और नियमों के पालन की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जाएगा। शिक्षा विभाग के सचिव विनोद सिंह गुंजियाल द्वारा जारी निर्देश के अनुसार प्रत्येक प्रखंड स्तर पर तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया जाएगा। समिति की अध्यक्षता संबंधित प्रखंड के बीडीओ या सीओ करेंगे। वहीं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सदस्य सचिव होंगे और संबंधित मुख्यालय स्थित सरकारी माध्यमिक या उच्च माध्यमिक विद्यालय के वरीयतम प्रधानाध्यापक को सदस्य बनाया जाएगा। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि समिति के सदस्यों को नामित करने की जिम्मेदारी जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) की होगी। समिति के गठन के बाद 10 दिनों के भीतर संबंधित मदरसे का स्थलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार करनी होगी। रिपोर्ट के साथ फोटो और अन्य आवश्यक साक्ष्य भी संलग्न कर मुख्यालय को भेजने होंगे। विभाग का कहना है कि राज्य सरकार इन मदरसों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है। शिक्षकों और कर्मचारियों का वेतन भी सरकारी अनुदान से दिया जाता है। ऐसे में यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले और संस्थान निर्धारित मानकों के अनुसार संचालित हो रहे हों।

## शादी के तीन महीने बाद फंदे से लटके मिले दंपति

**हाजीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** बिदुपुर थाना अंतर्गत माईल गांव से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक घर के अंदर बंद कमरे में नवविवाहित पति-पत्नी का शव फंदे से लटकता हुआ बरामद किया गया है। महज तीन महीने पहले सात फ़ेरे लेकर साथ जीने-मरने की कसमें खाने वाले जोड़े का ऐसा खौफनाक अंत देखकर हर कोई हैरान है। घटना के बाद से पूरे इलाके में सन्नाटा पसरा हुआ है। मृतकों की पहचान माईल गांव मकड़ी चौक निवासी बैजनाथ चौरसिया के 26 वर्षीय पुत्र रवि कुमार और उसकी 21 वर्षीय पत्नी उर्मिला कुमारी के रूप में हुई है। उर्मिला बिदुपुर के ही कुत्तुबपुर सैदपुर निवासी रेखा भगत की पुत्री थी। परिजनों के मुताबिक दोनों की शादी इसी साल करीब तीन महीने पहले ही धूमधाम से हुई थी। सूचना मिलते ही बिदुपुर थाना पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने शवों को फंदे से नीचे उतारा और अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया है। स्थानीय पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है लेकिन हर एंगल से मामले की जांच कर रही है। शादी के महज तीन महीने बाद दोनों ने ऐसा आत्मघाती कदम क्यों उठाया, इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

## मरीजों के प्रति संवेदनहीनता बर्दाश्त नहीं : हेमंत सोरेन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लचर एंबुलेंस सेवा तथा गर्भवती महिलाओं को लेकर हाल की कुछ घटनाओं पर चिंता जताई है। मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में इसपर नाराजगी जाहिर करते हुए उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सरकारी अस्पतालों में इलाज, दवाओं और आपात सेवाओं की गुणवत्ता में हर हाल में सुधार दिखना चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि यह विभाग सीधे तौर पर आम जनमानस से जुड़ा हुआ है, इसलिए यह जरूरी है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जाएं। स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक तकनीक और बेहतर गुणवत्ता से जोड़ते हुए प्रभावी क्रियान्वयन हर हाल में सुनिश्चित करें। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि



एंबुलेंस सेवाओं की मानिटरिंग के लिए एआइ कंट्रोल रूम स्थापित करें। किसी भी दुर्घटना या आपातकाल स्थिति में किसी भी मनुष्य के जीवन के लिए एक-एक मिनट बेहद महत्वपूर्ण होता है। कहा कि स्वास्थ्य संस्थानों से टैग किए गए एंबुलेंस पूरी तरह क्रियाशील हों। साथ ही एंबुलेंस सेवा के विस्तार के भी निर्देश दिए। साथ ही अस्पतालों में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने, मरीजों को समय पर उपचार कराने तथा अस्पतालों में स्वच्छता एवं आवश्यक सुविधाएं सुदृढ़ करने पर बल दिया। कहा कि सभी अस्पतालों में आपातकालीन सेवाएं, उच्च कोटि की दवाओं की उपलब्धता एवं जांच सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाए। बैठक में मुख्य सचिव अविनाश कुमार, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, विशेष सचिव नेहा अरोड़ा, अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा, अपर सचिव, शशि प्रकाश सिंह आदि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने एंबुलेंस सहित अन्य स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित लोगों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। अधिकारियों से कहा कि चिकित्सा सुविधाओं में मरीजों के प्रति संवेदनहीनता किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों, एएनएम, जीएनएम की नियुक्ति प्रक्रिया में तेजी लाने के भी निर्देश दिए। कहा कि मानव संसाधन की कमी की वजह से मरीजों का इलाज प्रभावित नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि झारखंड के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य संबंधित समस्याएं अलग-अलग हैं, इसलिए स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर दो भागों में बांटकर कार्य योजना बनाएं। कैंसर, हार्ट अटैक, ब्रेन स्ट्रोक, शुगर आदि से संबंधित आपातकालीन सेवाओं के लिए अलग व्यवस्था बनाएं। स्वास्थ्य चेकअप को दुरुस्त रहना चाहिए। मुख्यमंत्री ने अस्पतालों में साफ-सफाई की व्यवस्थाओं को आवश्यकतानुसार पीपीपी मोड पर संचालित करने का निर्देश दिया।




C M Y K

# सहयोग शिविर में शिकायतों का समाधान 30 दिनों में : मंत्री

## सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने पूर्वी चंपारण में सहयोग शिविर का किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** सूचना एवं जन-सम्पर्क, ग्रामीण विकास विभाग सह जदयू विधायक दल के नेता मंत्री श्रवण कुमार ने मंगलवार को पूर्वी चंपारण के चिरैया प्रखंड के हरिनारायना पंचायत और ढाका प्रखंड के गवेन्द्री पंचायत में सहयोग शिविर का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह शिविर जन समस्याओं के समाधान की दिशा में एक अत्यन्त सराहनीय अधिक प्रभावी पहल है। सरकार की प्राथमिकता है कि आम जनता को सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ समय पर अधिक पारदर्शी तरीके से मिले। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित शिकायतों का समाधान अगले 30 दिनों में किया जाए। सख्त लहजे में



कहा कि यदि 31वें दिन तक किसी शिकायत का समाधान नहीं होता है तो उससे संबंधित अधिकारी और कर्मचारियों के विरूद्ध प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर बिहार विधान परिषद के सदस्य मो. खालिद अनवर और स्थानीय विधायक लाल बाबू गुप्ता मौजूद थे।

**हरिनारायना पंचायत में 5,654 मामलों का तत्काल निष्पादन**

चिरैया प्रखंड के हरिनारायना पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में कुल 7,767 आवेदन आए जिनमें से 5,654 मामले को निष्पादन तत्काल कर दिया गया। इसमें ग्रामीण विकास विभाग के 1,229 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 1,133 मामलों का निपटारा किया गया। साथ ही श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग सन्निमार्ग कर्मकार कल्याण बोर्ड की ओर से संचालित योजना के अंतर्गत विवाह वित्तीय सहायता से 50 हजार रुपये का चेक परगन राम और बिहार राज्य प्रवासी मजदूर दुर्घटना अनुदान के तहत 4 लाख रुपये का चेक नारायणपुर पंचायत के शिवजी पासवान को मंत्री ने दिया। इसके अलावा जीविका के 22 समूहों को 71 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत किया गया।


**गवेन्द्री पंचायत में 280 मामलों का निपटारा**

इसी तरह ढाका प्रखंड के गवेन्द्री पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में ग्रामीणों ने जन्म मृत्यु, राशन, पेंशन, पेंशन केवाईसी, आवास, शौचालय, कृषि, मनरेगा, आरटीपीएस, नल-जल, आईसीडीएस, राजस्व और श्रम संसाधन से संबंधित 320 आवेदन आए जिसमें मौके पर ही 280 मामलों को निपटारा कर दिया गया है। शिविर में नल-जल से संबंधित समस्याओं की शिकायत पर मंत्री ने जांच कर दोषी कर्मचारियों को दंडित करने का निर्देश दिया है। मौके पर विधान पार्षद खालीद अनवर, विधायक फैसल रहमान, प्रखंड प्रमुख किरण चौधरी, मुखिया नैयरा खातुन, जिला अध्यक्ष भरत पटेल, मंजु देवी, जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष उपस्थित थे। साथ ही पूर्वी चम्पारण के उप विकास आयुक्त, अनुमण्डलाधिकारी, पुलिस अनुमण्डलाधिकारी, चिरैया व ढाका प्रखंड के विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी सहित चिरैया एवं ढाका प्रखंड के सभी प्रखंड स्तर के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# लोकतंत्र को सशक्त बनाने में जनप्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने बिहार विधान सभा सचिवालय के पदाधिकारियों के नेवा सेवा केंद्र में चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम के अवसर पर कहा कि लोकतंत्र की सफलता जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही, पारदर्शिता और जनता के प्रति समर्पण पर निर्भर करती है। बिहार विधान सभा राज्य के विकास, सुशासन और जनकल्याण के लिए सदैव प्रतिबद्ध है तथा विधान सभा की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी, तकनीक-सक्षम एवं जनोन्मुखी बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। विधान सभा केवल कानून बनाने का मंच नहीं, बल्कि जनता की आकांक्षाओं और समस्याओं के समाधान का सर्वोच्च लोकतांत्रिक संस्थान है। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से सदन की गरिमा बनाए रखते हुए सकारात्मक एवं




रचनात्मक चर्चा के माध्यम से बिहार के सर्वांगीण विकास में योगदान देने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि विधान सभा में डिजिटल तकनीकों के उपयोग, ई-विधान प्रणाली तथा प्रशासनिक सुधारों के माध्यम से कार्यों में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाई जा रही है। हाल के महीनों में बिहार विधानसभा द्वारा कई आधुनिक पहलें प्रारंभ की गई है जिनका उद्देश्य सदन की कार्यप्रणाली को और अधिक सुगम एवं प्रभावी बनाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प तथा बिहार सरकार की विकासोन्मुख नीतियों के अनुरूप राज्य को आत्मनिर्भर, समृद्ध और आधुनिक बनाने के लिए सभी वर्गों की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से लोकतांत्रिक मूल्यों को आत्मसात करने, संविधान के प्रति सम्मान रखने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आहवान किया। लोकतंत्र की मजबूती नागरिकों की जागरूकता और सहभागिता से ही सुनिश्चित होती है। अंत में डॉ. प्रेम कुमार ने बिहारवासियों के सुख, शांति, समृद्धि एवं राज्य के निरंतर विकास की कामना करते हुए कहा कि बिहार विधानसभा जनहित के मुद्दों के समाधान और लोकतांत्रिक परंपराओं के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी।

# मां शीतला के दरबार पहुंचे भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद चंद्रवंशी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने दायित्व ग्रहण करने के बाद मंगलवार को पटना के ऐतिहासिक माँ शीतला मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की तथा माँ शीतला का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने प्रदेश और देशवासियों के सुख, शांति, समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए संगठन की मजबूती और जनसेवा के कार्यों में सफलता के लिए विशेष प्रार्थना की। मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना के दौरान श्री चंद्रवंशी ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में नई जिम्मेदारी मिलने के बाद ईश्वर का आशीर्वाद और जनता का विश्वास सबसे बड़ी ताकत होती है। उन्होंने मां शीतला से प्रार्थना की कि



उन्हें संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने तथा समाज के वंचित, पिछड़े और जरूरतमंद वर्गों की सेवा करने की शक्ति प्रदान करें। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मूल उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक विकास और कल्याण की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। ओबीसी मोर्चा संगठन को और अधिक सशक्त बनाते हुए सामाजिक समरसता, संगठन विस्तार और जनसंपर्क अभियान को गति देने का कार्य करेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से भी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए कार्य करने का आहवान किया। मंदिर में पूजा के बाद उपस्थित कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया तथा उनके नेतृत्व में संगठन के और अधिक मजबूत होने की उम्मीद जताई। इस अवसर पर पार्टी के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मुख्य सचिव का कड़ा रुख, 15 जून तक चापाकल मरम्मत करें, लापरवाही पर दी कार्रवाई की चेतावनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी जिलों के जिलाधिकारी शामिल हुए। बैठक में खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग तथा राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने जनहित, सीमावर्ती सुरक्षा, कृषि योजनाओं तथा महत्वपूर्ण सर्वेक्षणों से जुड़े विभिन्न अहम मुद्दों पर विस्तृत समीक्षा की और अधिकारियों को मिशन मोड में काम करने के निर्देश दिए।

बैठक में आम जन को शुद्ध पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने पर सबसे ज्यादा जोर दिया गया। मुख्य सचिव ने लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट निर्देश दिया कि आगामी 15 जून 2026 तक राज्य के सभी खराब पड़े चापाकालों को हर हाल में पूरी तरह चालू कर दिया जाए। उन्होंने इस पूरे अभियान को मिशन मोड में चलाने को कहा है। इस कार्य को समय पर पूरा करने के लिए पीएचईडी को तात्कालिक रूप से अपने मैनपावर (मानव बल) में भारी बढ़ोतरी करने की हिदायत दी गई है। वर्तमान मौसम को देखते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि दक्षिण बिहार के जिलों को प्राथमिकता सूची में शीर्ष पर रखा जाए, क्योंकि वहां जलस्तर गिरने की संभावना अधिक रहती है। इसके साथ ही, विभाग के सभी कार्यपालक अभियंताओं को कार्यालय से बाहर निकलकर सीधे मैदानी स्तर पर काम की कमान संभालने का आदेश दिया गया है। इस पूरे अभियान की दैनिक प्रगति रिपोर्ट और समीक्षा लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के प्रधान सचिव राजेश कुमार को नियमित रूप से सौंपी जाएगी।

# सांस्कृतिक जड़ों को सशक्त करने हेतु चिराग पासवान ने रामालय फाउंडेशन के साथ की चर्चा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारत में सांस्कृतिक पुनर्जागरण और युवा-आधारित राष्ट्र निर्माण के संदर्भ में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने रामालय के संस्थापक एवं जेपीएसआर प्रभु श्रीराम के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक प्रशांत कुमार से भेंट की। इस अवसर पर भारत के भविष्य निर्माण में संस्कृति, विरासत और सभ्यतागत मूल्यों की भूमिका पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। बैठक के दौरान प्रशांत कुमार ने जेपीएसआर प्रभु श्रीराम श्री कृष्ण लीला कलेक्शन प्रस्तुत किया जो भगवान श्री कृष्ण के जीवन और शिक्षाओं से प्रेरित एक अनूठी सांस्कृतिक कहानी पहल है। इस संवाद में विशेष रूप से भारत के युवाओं को देश की समृद्ध सभ्यतागत विरासत से जोड़ने और उन्हें विकसित भारत 2047 के लक्ष्य में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया गया। रामालय की परिकल्पना



साझा करते हुए प्रशांत कुमार ने भारत की सांस्कृतिक धरोहर को आधुनिक स्वरूप देने के लिए एक व्यापक कल्चरल एक्सपीरियंस इकोसिस्टम विकसित करने की योजना प्रस्तुत की। उन्होंने कहा भारत की असली शक्ति अपनी सांस्कृतिक जड़ों और आधुनिक आकांक्षाओं के समन्वय में निहित है और युवाओं को कहानी, डिजिटल माध्यमों और अनुभवात्मक प्लेटफॉर्म्स के जरिए जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। जेपीएसआर प्रभु श्रीराम श्री कृष्ण लीला कलेक्शन को इस बात के उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया गया कि कैसे प्राचीन कथाओं को आधुनिक संदर्भों में नेतृत्व, धैर्य, नैतिकता और राष्ट्र निर्माण के मूल्यों से जोड़ा जा सकता है। साथ ही भारत की वैश्विक सॉफ्ट पावर को सशक्त करने के लिए संस्कृति, आध्यात्मिकता, पारंपरिक ज्ञान, हस्तशिल्प, साहित्य और विरासत पर्यटन के विस्तार पर भी चर्चा हुई।

# डिजिटल योग पहल से चार लाख लोग जुड़े



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, आयुष मंत्रालय ने हैबिल्ड भारत का पहला हैबिट-बिल्डिंग प्लेटफॉर्म के साथ एक समझौता किया है। इस साझेदारी के तहत अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 से पहले एक राष्ट्रव्यापी डिजिटल योग पहल शुरू की गई है। इस पहल का उद्देश्य लोगों को योग को रोजमर्रा की आदत बनाने के लिए प्रेरित करना है। योग 365 पहल के तहत मार्च 2026 में शुरू हुए इस अभियान में अब तक 4 लाख से अधिक प्रतिभागी जुड़ चुके हैं। प्रतिभागी भारत के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के साथ 130 से अधिक देशों से शामिल हुए हैं। यह अभियान 21 जून 2026 तक चलेगा और लोगों को लगातार 100 दिनों तक योग करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। अभियान के अंतर्गत सरल योग सत्र उपलब्ध कराए जा रहे हैं जिन्हें दैनिक जीवन में आसानी से अपनाया जा सकता है।

# ऑनलाइन सट्टेबाजी गिरोह पर पुलिस की कड़ी कार्रवाई, तीन-चार करोड़ के ट्रांजेक्शन का खुलासा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** कोर्रा थाना क्षेत्र में ऑनलाइन सट्टेबाजी के अवैध कारोबार के खिलाफ हजारीबाग पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने छापेमारी कर राहुल कुमार नामक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके मोबाइल से ऑनलाइन सट्टेबाजी से जुड़े कई ऐप और लॉगिन आईडी बरामद हुए हैं। जांच में करीब 3 से 4 करोड़ रुपये के अवैध ऑनलाइन ट्रांजेक्शन की पुष्टि हुई है। पुलिस के अनुसार पिछले कुछ दिनों से सूचना मिल रही थी कि प्रिंस कुमार और राहुल कुमार का गिरोह हजारीबाग जिले में ऑनलाइन सट्टेबाजी का अवैध कारोबार चला रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय ज्ञान रंजन के नेतृत्व में कोर्रा और लोहसिंघना थाना पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गई। टीम ने 31 मई 2026 को कोर्रा थाना क्षेत्र के संभावित ठिकानों पर छापेमारी की। इसी दौरान राहुल कुमार पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे पुलिसकर्मियों ने खदेड़कर पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक आईफोन और एक शाओमी कंपनी का स्मार्टफोन बरामद किया गया।




मोबाइल जांच में ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म लॉगिन हालत में पाए गए। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अपने ममेरे भाई प्रिंस कुमार के साथ मिलकर लोगों को मुनाफ़े का लालच देकर ऑनलाइन सट्टेबाजी में फंसाता था। आरोपी जेएसआर ग्रुप के नाम से मास्टर आईडी बनाकर यह कारोबार चला रहे थे। पुलिस के मुताबिक इस गिरोह का नेटवर्क हजारीबाग के अलावा रामगढ़, रांची और चतरा जिले तक फैला हुआ है। मामले में कोर्रा थाना कांड संख्या 94/26 दर्ज कर राहुल कुमार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। फरार अभियुक्त प्रिंस कुमार सहित अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राहुल कुमार, उम्र करीब 28 वर्ष, पिता महेश प्रसाद मेहता, निवासी ग्राम बोंगा, थाना ईचाक, जिला हजारीबाग तथा वर्तमान पता सिद्धि विनायक पथ, कनहरी हिल रोड, थाना कोर्रा, जिला हजारीबाग के रूप में हुई है। छापेमारी दल में कोर्रा थाना प्रभारी नेमधारी रजक, लोहसिंघना थाना प्रभारी निशांत केरकेट्टा, पिंटू कुमार, पुन्नू यादव, तकनीकी शाखा और कोर्रा थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

# आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय में नामांकन प्रक्रिया शुरू, आवेदन की अंतिम तिथि 15 जून

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न स्नातकोत्तर, शोध एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में नामांकन हेतु आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इच्छुक छात्र-छात्राओं से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 15 जून 2026 निर्धारित की गई है। नामांकन विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित विभिन्न विशिष्ट अध्ययन केंद्रों में उपलब्ध सीटों के लिए किया जाएगा। विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन, स्कूल ऑफ जियोग्राफिकल स्टडीज, स्कूल ऑफ नैनो साइंस एंड टेक्नोलॉजी, स्कूल ऑफ रिवर स्टडीज, पाटलिपुत्र स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, स्कूल ऑफ स्टेम सेल एंड टेक्नोलॉजी, स्कूल ऑफ एस्ट्रोनॉमी, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट टीचिंग्स तथा स्कूल ऑफ फिलॉसफी में विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार इन सभी केंद्रों में नामांकन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और निर्धारित नियमों के अनुसार संचालित की जाएगी। विश्वविद्यालय ने अभ्यर्थियों को आवेदन एवं नामांकन से संबंधित सभी जानकारी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराई है। इच्छुक छात्र-छात्राएं ऑनलाइन आवेदन के साथ-साथ पाठ्यक्रम, पात्रता, सीटों की संख्या, शुल्क संरचना एवं प्रवेश प्रक्रिया से जुड़ी विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त विभिन्न अध्ययन केंद्रों के हेल्पलाइन एवं संपर्क नंबरों के माध्यम से भी नामांकन संबंधी जानकारी हासिल की जा सकती है। इसके अतिरिक्त छात्र-छात्राएं विभिन्न अध्ययन केंद्रों से संबंधित जानकारी के लिए निर्धारित संपर्क नंबरों पर भी संपर्क कर सकते हैं। नामांकन, पाठ्यक्रम, पात्रता, शुल्क संरचना एवं अन्य आवश्यक सूचनाओं के संबंध में विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा सभी विवरण वेबसाइट पर उपलब्ध कराए गए हैं।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी द्वारा जागरूकता कार्यक्रम होगा आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जंदाहा/वैशाली।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कैरियर मिशन चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी द्वारा एक विशेष पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं आम लोगों को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, वृक्षारोपण तथा प्लास्टिक मुक्त समाज के प्रति जागरूक करना है। संस्थान के निदेशक डॉ. आनंद रंजन झा ने बताया कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण और पर्यावरण असंतुलन को देखते हुए समाज



के प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। इसी उद्देश्य से संस्थान परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में वृक्षारोपण अभियान, स्वच्छता जागरूकता रैली तथा छात्रों के बीच पर्यावरण विषयक भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को पर्यावरण संरक्षण एवं अधिक से अधिक पौधा रोपने का संकल्प दिलाया जाएगा। इस अवसर पर संस्थान के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। यदि आज हम प्रकृति की रक्षा करेंगे, तभी आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण मिल सकेगा।

# बिहार विधान सभा की आवास समिति का गठन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बिहार विधान सभा की आवास समिति का गठन कर दिया है। सदस्य नागेन्द्र चन्द्रवंशी ( क्षेत्र संख्या-211 , नोखा) इस पांच सदस्यीय समिति के सभापति बनाये गए हैं। सदस्य हेमनारायण साह (क्षेत्र संख्या-112 , महाराजगंज), सूबेदार दास (क्षेत्र संख्या-218 , मखदुमपुर), उपेंद्र प्रसाद (क्षेत्र संख्या-225, गुरुआ), इंद्रदेव सिंह (क्षेत्र संख्या-110, बड़हरिया) समिति के सदस्य बनाए गए हैं। अध्यक्ष ने सदस्य नागेन्द्र चन्द्रवंशी, (क्षेत्र संख्या-211 , नोखा) को नवगठित आवास समिति के सभापति के रूप में आगामी कार्यकाल के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि आवास समिति मुख्य रूप से सदस्यों की आवास एवं आवश्यक सुविधा संबंधी विषयों पर सलाह देती है। साथ ही यह समिति सभा या अध्यक्ष द्वारा सौंपे गए अन्य कार्यों को भी निष्पादित करती है।

# सहयोग शिविरों के माध्यम से 30 दिनों में होगा समस्याओं का समाधान : संजय सरावगी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार सरकार के 'सहयोग कार्यक्रम' के अंतर्गत आज दरभंगा सदर प्रखंड के शिशो पश्चिमी और शहबाजपुर पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी शामिल हुए। इस क्रम में उन्होंने सहयोग शिविर के उद्देश्यों को रेखांकित किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने इस मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा आयोजित सहयोग शिविरों का उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि अगले माह के प्रथम और तृतीय मंगलवार को जिन पंचायतों में सहयोग शिविर



आयोजित होने हैं, उनकी सूची शीघ्र तय कर दी जाएगी। इन पंचायतों में अधिकारी लगातार 13 से 14 दिनों तक उपलब्ध रहेंगे और लोगों की समस्याओं एवं आवेदनों का निपटारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के निर्देशानुसार सहयोग शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों का निष्पादन 30 दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से किया जाएगा। यदि किसी आवेदन पर 10 दिनों तक कार्रवाई नहीं होती है तो संबंधित अधिकारी को कारण बताओ नोटिस दिया जाएगा। 20वें दिन पुनः नोटिस और 25वें दिन अंतिम चेतावनी जारी की जाएगी। इसके बावजूद 30 दिनों के भीतर कार्य पूरा नहीं होने पर संबंधित पदाधिकारी के विरुद्ध स्वतः निलंबन की कार्रवाई होगी।

# गन्ना किसानों की समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता : विजय कुमार सिन्हा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार शुगर मिल्स एसोसिएशन के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल (सचिव नरेश भट्ट) ने कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को राज्य के गन्ना उत्पादक किसानों के सामने आ रही गंभीर समस्याओं से अवगत कराया और उनके त्वरित समाधान के लिए एक स्मार-पत्र सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से मंत्री को बताया गया कि वर्तमान में बिहार




राज्य में 10 चीनी मिलें कार्यरत हैं जिनसे लगभग 2.50 लाख किसान जुड़े हुए हैं और राज्य में अनुमानित 2.60 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में गन्ने की खेती की जाती है। वर्तमान समय गन्ने की फसल का मुख्य बढ़वार काल है जिसमें फसल को यूरिया खाद की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। यूरिया की कमी के कारण गन्ने की पत्तियां पीली पड़ने लगी है जिससे किसानों को भारी नुकसान की आशंका है। इसके साथ ही जल-जमाव के कारण भी फसल प्रभावित हो रही है।

# छह को सदाकत आश्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्षों की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** 6 जून 2026 को बिहार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम, पटना में सभी जिला कांग्रेस कमिटियों के अध्यक्षों की एक आवश्यक बैठक आहूत की गई है। बैठक की अध्यक्षता बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम करेंगे। इस अवसर पर बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारू विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे तथा संगठनात्मक विषयों पर मार्गदर्शन देंगे। मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने बताया कि बैठक में विशेष रूप से संगठन सृजन साथी अभियान की प्रगति, उसके प्रभावी क्रियान्वयन तथा संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

# एससी-एसटी युवाओं को मिलेगा मुफ्त चालक प्रशिक्षण, रोजगार के नए अवसर खुलेंगे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राज्य में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (एससी-एसटी) समुदाय के अभ्यर्थियों को मुफ्त चालक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके लिए एससी-एसटी कल्याण विभाग के तहत संचालित बिहार महादलित विकास मिशन ने आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े दलित वर्गों के लिए हल्के एवं भारी मोटर चालक प्रशिक्षण कोर्स की शुरुआत की है। इससे एससी-एसटी समुदाय के अभ्यर्थियों प्रशिक्षण पाकर निजी अथवा किसी भी आगामी सरकारी नौकरियों में चालक के रूप में रोजगार प्राप्त कर सके। प्रशिक्षण औरंगाबाद स्थित चालक प्रशिक्षण-सह-यातायात शोध संस्थान में दिया जा रहा है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून तक निर्धारित है। विभाग ने सभी पात्र अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि से पहले आवेदन कर योजना का लाभ उठाएं। इस योजना के तहत अबतक 200 से अधिक एससी-एसटी युवा-युवतियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। दोनों ही कोर्स के लिए उम्र सीमा 18 से 40 वर्ष निर्धारित है। एलएमवी के लिए योग्यता मैट्रिक पास या एलएमवी का लर्निंग लाइसेंस अनिवार्य है। वहीं एचएमवी के लिए मैट्रिक पास होने के साथ एक वर्ष पुराना एलएमवी चलाने का परमानेंट लाइसेंस और एचएमवी चलाने का लर्नर लाइसेंस होना अनिवार्य है। एलएमवी के लिए प्रशिक्षण अवधि 21 दिन और एचएमवी के लिए 30 दिन होगी।

राज्य के सभी जिलों के एससी-एसटी अभ्यर्थी इस योजना के लिए आवेदन कर सकते हैं।

# सहयोग शिविर में 3304 आवेदनों का निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** रोहतास जिला के सभी प्रखंडों में मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। इसी क्रम में काराकाट प्रखंड के काराकाट पंचायत सरकार भवन में जिलाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में आमजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से 'सहयोग शिविर' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। शिविर के दौरान जिलाधिकारी ने लाभुकों के बीच राशन कार्ड, विभिन्न प्रमाण पत्र एवं शौचालय निर्माण की राशि का वितरण किया तथा कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान कराया। सहयोग शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं लाभुकों ने भाग लेकर विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन एवं समस्याएं प्रस्तुत कीं। प्राप्त आवेदनों का मौके पर ही निष्पादन किया गया तथा लाभुकों को इसकी जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने स्वयं उपस्थित होकर आमजनों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि आम नागरिकों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े तथा उनकी समस्याओं का समाधान पंचायत स्तर पर ही सुनिश्चित किया जाए। इसी उद्देश्य से सहयोग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। ताकि विभिन्न विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। शिविर में प्राप्त शिकायतों का निष्पादन निर्धारित समय सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही नागरिक ऑनलाइन माध्यम से भी पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों ने जिला प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि पंचायत स्तर पर इस प्रकार के आयोजन से लोगों को काफी सुविधा मिल रही है तथा सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आसानी हो रही है। जिले में अब तक कुल 4044 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनमें से 3304 आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है। डीपीआरओ आशीष रंजन ने बताया कि सहयोग शिविर में काराकाट के सोनवर्षा पंचायत में बंदोबस्त पदाधिकारी नवीन कुमार, अकोढ़ी गोला के पकरिया पंचायत में अनुमंडल पदाधिकारी डिहरी निलेश कुमार, बिक्रमगंज के खैरा बुधर में डीसीएलआर संतोष कुमार, चेनारी के मल्हीपुर पंचायत में जिला पंचायती राज पदाधिकारी अमृता ओशो, डिहरी के गंगौली पंचायत में वरीय उप समाहर्ता विनय प्रताप, दिनारा के अकोढ़ा पंचायत में अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज प्रभात कुमार, करगहर के शिवन पंचायत में डीसीएलआर अशोक कुमार, कोचस के कपसिया पंचायत में वरीय उप समाहर्ता विनीता कुमारी, नासरीगंज के धनाव पंचायत में जिला आपूर्ति पदाधिकारी शशि शंकर, नौहट्टा के यदुनाथपुर पंचायत में नगर आयुक्त सासाराम विकास कुमार, नोखा के मौडीहा पंचायत में उप विकास आयुक्त विजय कुमार पांडेय, राजपुर के बरना पंचायत में डीपीजीआरओ सुभाष कुमार, रोहतास के बकनौरा पंचायत में अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन, सासाराम के करसेरुआ पंचायत में अनुमंडल पदाधिकारी सासाराम नेहा कुमारी, शिवसागर के पडुरी पंचायत में वरीय उप समाहर्ता ओम प्रकाश लाल, सूर्यपुरा के सियोबहार पंचायत में जिला परिवहन पदाधिकारी राकेश कुमार सिंह एवं तिलौथू के चितौली पंचायत में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी एमडी जफर हसन शामिल हुए।

# इंदिरा आवास लाभुकों को भूमि आवंटन का ग्रामीणों ने किया विरोध, सहयोग शिविर में 105 आवेदनों का निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** प्रखंड क्षेत्र के गंगौली पंचायत भवन में मंगलवार को अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी विनय प्रताप की अध्यक्षता में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान इंदिरा आवास के लाभुकों को भूमिहीन बताकर जमीन का पर्चा देकर कब्जा दिलाने के प्रयास का ग्रामीणों ने विरोध किया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान तथा मुखिया देवानंद सिंह एवं अन्य अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। शिविर में राजस्व अधिकारी तौकीर अहमद ने बताया कि पर्चा प्राप्त 14 भूमिहीन परिवारों को जमीन पर कब्जा दिलाने की प्रक्रिया चल रही है। इसी दौरान सिधौली गांव के रामप्रवेश पासवान, दया पासवान सहित अन्य लाभुकों को भूमि देने के मामले पर ग्रामीणों ने आपत्ति जताई। गांव निवासी शंभू दास समेत अन्य ग्रामीणों का कहना था कि जिन लोगों को भूमिहीन बताकर भूमि देने की बात कही जा रही है, वे पहले से ही इंदिरा आवास योजना के लाभुक हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि एक ओर वास्तविक भूमिहीन परिवार भूमि और आवास योजना के लाभ से वंचित हैं वहीं दूसरी ओर पहले से लाभान्वित लोगों को फिर से सरकारी सुविधा दी जा रही है। मुखिया देवानंद सिंह ने भी ग्रामीणों की बात का समर्थन करते हुए वास्तविक भूमिहीन परिवारों की पहचान कर उन्हें भूमि उपलब्ध कराने तथा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की। मामले पर अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी विनय प्रताप ने जांच कराने और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया। शिविर में अधिकारियों ने बताया कि पंचायत से कुल 113 आवेदन प्राप्त हुए थे जिनमें से 105 आवेदनों का निष्पादन कर संबंधित आवेदकों को सूचित कर दिया गया है। शेष आठ आवेदनों पर कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है।

# तिलोखर भूमि विवाद में ग्रामीणों की मुख्यमंत्री से गुहार

## माले ने दी आंदोलन की चेतावनी, जमाबंदी रद्दीकरण का अभिलेख एडीएम को भेजा गया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास जिले के नौहट्टा प्रखंड अंतर्गत तिलोखर गांव की भूमि को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा है। एक ओर ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री, राजस्व मंत्री, लघु जल संसाधन मंत्री एवं जिला प्रशासन से अपनी जमीन की जमाबंदी रद्द करने की प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की है, वहीं दूसरी ओर प्रशासनिक स्तर पर जमाबंदी रद्दीकरण वाद की कार्रवाई आगे बढ़ाते हुए संबंधित मूल अभिलेख अपर समाहर्ता सह अपर जिला दंडाधिकारी (एडीएम), रोहतास को भेज दिया गया है। इस बीच भाकपा माले ने भी मामले को गरीब, दलित एवं पिछड़े वर्ग के बंदोबस्तधारियों के अधिकारों से जुड़ा बताते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है। ग्रामीणों द्वारा भेजे गए आवेदन में कहा गया है कि जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत तिलोखर एवं समरडीहा पोखरा के जीर्णोद्धार कार्य के नाम पर वर्ष 1988 से बंदोबस्त प्राप्त खाताधारियों की भूमि को अधिग्रहित करने तथा उनकी जमाबंदी रद्द करने की तैयारी की जा रही है। उनका कहना है कि यह भूमि उनके परिवारों के जीविकोपार्जन का मुख्य साधन है और जमाबंदी रद्द होने की स्थिति में सैकड़ों गरीब, मजदूर एवं वंचित परिवारों के समक्ष आजीविका का गंभीर संकट उत्पन्न हो जाएगा। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि भूमि विवाद से संबंधित मामला फरवरी 2026 से पटना उच्च न्यायालय में लंबित है और अभी अंतिम निर्णय आना शेष है। ऐसे में न्यायालय में मामला विचाराधीन रहने के बावजूद जमाबंदी रद्दीकरण की कार्रवाई शुरू करना उचित नहीं है। ग्रामीणों ने न्यायालय के अंतिम निर्णय तक किसी भी प्रशासनिक कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की है तथा मांगों पर विचार नहीं होने की स्थिति में जनआंदोलन की चेतावनी दी है। दूसरी ओर भाकपा माले और प्रभावित ग्रामीणों का आरोप है कि खाता संख्या 255, प्लॉट संख्या 33 सहित संबंधित भूमि पर बंदोबस्तधारी परिवार दशकों से खेती-बाड़ी एवं आवासीय उपयोग करते आ रहे हैं और उनकी जमाबंदी ऑफलाइन तथा ऑनलाइन दोनों रूपों में कायम है। उनका दावा है कि भूमि सुधार उपसमाहर्ता, डिहरी द्वारा वाद संख्या 17/2022-23 में 15 दिसंबर 2023 को तथा अपर समाहर्ता सह अपर जिला दंडाधिकारी, रोहतास द्वारा जमाबंदी रद्दीकरण वाद संख्या 55/2024 में 22 दिसंबर 2025 को पारित आदेशों में बंदोबस्तधारियों के दखल-कब्जे एवं कृषि कार्य को स्वीकार करते हुए उनके पक्ष में निर्णय दिया गया था।

# पकड़िया पंचायत में सहयोग शिविर में 98 मामलों का निष्पादन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** प्रखंड क्षेत्र के पकड़िया पंचायत भवन में मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं और योजनाओं के लाभ के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। शिविर के दौरान कुल 108 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 98 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन कर दिया गया। शेष आवेदनों को त्वरित कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया।

शिविर का उद्घाटन विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह, एसडीएम निलेश कुमार, एसडीपीओ, बीडीओ रविरंजन, सीओ निधि ज्योत्सना, उपप्रमुख पुरुषोत्तम सिंह उर्फ पप्पू सिंह, मुखिया प्रवेज आलम एवं सरपंच श्रीराम प्रजापति ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर विधायक सोनू सिंह ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए लोगों से अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। वहीं एसडीएम निलेश कुमार ने कहा कि ऐसे शिविरों का उद्देश्य आम जनता को उनके घर के समीप ही सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें छोटे-छोटे कार्यों के लिए कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े। शिविर की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ हुई तथा समापन बिहार गान के साथ किया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन दिए। अधिकांश आवेदनों का मौके पर ही निपटारा होने से लोगों में संतोष और उत्साह देखने को मिला।

शिविर के सफल आयोजन के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मियों की सराहना की गई। आयोजकों ने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के शिविरों के माध्यम से लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

# जल संरक्षण एवं ऊर्जा बचत के प्रति जागरूकता अभियान आयोजित

## रेलकर्मियों के लिए सासाराम स्टेशन पर स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** विश्व पर्यावरण दिवस के क्रम में मिशन-लाइफ अभियान के अंतर्गत पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, ऊर्जा बचत एवं जनस्वास्थ्य को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न जागरूकता एवं स्वच्छता गतिविधियां आयोजित की गईं।

मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर यात्रियों के उपयोग हेतु उपलब्ध जल सुविधाओं, वाटर बूथों एवं अन्य पेयजल व्यवस्थाओं की विशेष सफाई एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वच्छ पेयजल सुविधाओं के महत्व तथा जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाते हुए स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया गया। इसी क्रम में सासाराम स्टेशन पर रेलकर्मियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण किए गए तथा स्वस्थ जीवनशैली, स्वच्छता एवं पर्यावरणीय स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। जल के विवेकपूर्ण उपयोग, प्लास्टिक प्रदूषण में कमी तथा पर्यावरण संरक्षण विषयक जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। अभियान के दौरान लोगों को जल की बचत, अनावश्यक जल अपव्यय रोकने तथा उपलब्ध जल संसाधनों के जिम्मेदार उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही ऊर्जा संरक्षण विषय पर भी विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। लोगों को एलईडी प्रकाश व्यवस्था के उपयोग, आवश्यकता अनुसार वातानुकूलन उपकरणों के संचालन तथा उपयोग के बाद विद्युत उपकरणों को बंद रखने जैसी सरल आदतों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया जिससे ऊर्जा की बचत के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान दिया जा सके। डीडीयू जंक्शन, सासाराम, गया जंक्शन, डिहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड सहित मंडल के विभिन्न स्टेशनों एवं रेलवे परिसरों में आयोजित इन गतिविधियों के माध्यम से जल संरक्षण, ऊर्जा बचत, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया।

## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाने का निर्णय

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** बिहार पेंशनर समान अनुमंडल शाखा डिहरी की बैठक कार्यालयय में हुई। अध्यक्षता शिवजग प्रसाद ने की। विगत तीन माह की आय-व्यय की समीक्षा के फलस्वरूप इसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। जुलाई 26 में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाने का निर्णय लिया गया। सरकार द्वारा 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाया गया है जो इस महंगाई में बहुत कम है। इस पर पेंशनरों ने अपने-अपने ढंग से नाराजगी व्यक्त किये।

भेड़िया सुअरा उ.वि. के संस्थापक प्रधानाध्यापक यमुना सिंह का निधन हो गया। बहुत दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। दो मिनट मौन रखकर उनके निधन पर शोक मनायाा गया। बैठक में धीरेन्द्र प्रसाद शंकर विजय सिंह उर्फ मुन्ना सिंहए बच्चन चौबे, इ. लक्ष्मण सिंह छठ्ठू शर्मा, राजेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव रामराज प्रसाद, भरत सिंह, अशोक कुमार, रामबाबू पंडित, अरविंद कुमार, प्रेम सिंह, मनोज कुमार, रामबलि सिंह इत्यादि उपस्थित थे।


## कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव

E-mail :- nagarpanchayatmanzhiaon@gmail.com

पत्रांक...................... ,न0पं0 / दिनांक.......................

**आम सूचना**

नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार की अधिसूचना संख्या– SUDA/AMRUT/Amendment -06/ 2022UDHD/1511, राँची दिनांक–29.04.2026 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2026–27 का होल्डिंग टैक्स 30 जून 2026 के पहले जमा करने पर मझिआँव नगर पंचायत के करदाताओं कों वर्त्तमान वित्तीय वर्ष में छूट इस प्रकार हैः–

- **सभी करदाताओं को 5% की छूट।**

**इसके अतिरिक्तः–**

- होल्डिंग महिला के नाम होने से 5% की छूट।
- वरिश्ट नागरिक होने पर 5% की छूट।
- स्वंय कार्यालय में आकर जमा करने पर 2.5% की छूट।
- आर्मी, ट्रांसजेंडर होने पर 5% की छूट।
- दिव्यांग होने पर 5% की छूट।

यह छूट केवल आवासीय धृतियों पर लागू होगी।

**Online (https://suda.jharkhand.gov.in)** जमा करने पर 5% की छूट।

**नोटः– 30जून के उपरांत बकाए टैक्स पर प्रतिमाह 1% की दर से छूट।**

**कार्यपालक पदाधिकारी,**
**नगर पंचायत मझिआँव।**

**PR.NO.381324 Urban Development(26-27):D**


# कैमूर के 22 पंचायतों में लगा सहयोग शिविर, निपटाए गए मामले

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** लोगों के समस्याओं को उनके घर में ही सुलभ ढंग से निपटने के लिए मंगलवार को कैमूर जिले के सभी 11 प्रखंडों के 22 पंचायतों में सहयोग शिविर आयोजित किया गया। शिविर में पहुंचकर लोगों ने संबंधित विभाग के अफसरों के समक्ष अपनी-अपनी समस्याओं को रखा। अफसरों ने कुछ मामलों को आन द स्पॉट निष्पादित कर दिया जबकि कुछ मामलों को संबंधित विभाग के पास भेजकर निर्धारित समय सीमा के अन्दर हर हाल में निपटारा करने का निर्देश दिया। इधर सरकार द्वारा नियुक्त जिले के प्रभारी सचिव दिवेश सेहरा, डीएम नितिन कुमार सिंह व एसपी हरिमोहन शुक्ला ने जिले के विभिन्न प्रखंडों के पंचायतों में आयोजित सहयोग शिविर में भाग लेकर प्रशासनिक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रभारी सचिव ने अफसरों को जनसमस्याओं के त्वरित निष्पादन हेतु आवश्यक निर्देश दिया। डीएम-एसपी एवं विभिन्न विभागों के वरीय नोडल पदाधिकारियों ने भी सक्रिय रूप से शिविर में भाग लेकर आमजन से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# खैरा भूधर पंचायत में 'सब का सम्मान, जीवन आसान' का दूसरा सहयोग शिविर संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**विक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज प्रखंड के खैरा भूधर पंचायत भवन में बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी पहल 'सब का सम्मान, जीवन आसान' के संकल्प के साथ दूसरा सहयोग शिविर धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया राजेंद्र प्रसाद गुप्ता ने की जबकि संचालन जिला बीस सूत्री सदस्य रोहतास नवीन चंद्र शाह द्वारा किया गया। आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निष्पादन और सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार गौतम, अंचल पदाधिकारी अलका कुमारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रितेश कुमार, प्रखंड प्रमुख राकेश कुमार सिंह, बीपीआरओ सलोनी चतुर्वेदी, बीएसओ दीपक कुमार, दीपांकर प्रियांशु पाराशर तथा वरिष्ठ नेत्री मालती कुशवाहा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का विधिवत उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद राष्ट्रीय गीत प्रस्तुत किया गया और सभी अधिकारियों को पौधा एवं वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। जनता की समस्याओं के समाधान हेतु पंचायती राज, राजस्व विभाग, सहकारिता, ग्रामीण विकास, अल्पसंख्यक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग, स्वास्थ्य विभाग सहित कुल 22 काउंटर लगाए गए थे। इन काउंटरों से लगभग 22 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से कुछ का मौके पर ही निष्पादन कर बीडीओ एवं मुखिया द्वारा लाभार्थियों को लाभ वितरित किया गया। शिविर में मोहिनी पंचायत के मुखिया रामचंद्र नट, जमोढी पंचायत के मुखिया मनोज मंजिल, बीडीसी उमेश राम, अजय गांधी, गौतम तिवारी, सुशील कुमार, अमित कुमार बबलू तथा प्रखंड कल्याण पदाधिकारी रविंद्र कुमार यादव समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सहयोग शिविर में डीएम ने 34 लाभार्थियों को सौंपे प्रमाण पत्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**काराकाट।** काराकाट पंचायत सरकार भवन में मंगलवार को जिला मजिस्ट्रेट उदिता सिंह की अध्यक्षता में सहयोग शिविर का आयोजन हुआ जिसमें नागरिकों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया और विभिन्न योजनाओं के तहत 34 लाभार्थियों को लाभ वितरित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान और दीप प्रज्वलन से हुआ जिसमें रोहतास डीएम उदिता सिंह, एसपी रोशन कुमार, सिविल सर्जन मणि रंजन राज, मुखिया योगेंद्र सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह और अंचलाधिकारी डॉ. रितेश कुमार समेत अन्य अधिकारियों ने हिस्सा लिया। शिविर में आयुष्मान कार्ड, पेंशन, किसान निधि, आवास योजना, ई-श्रम कार्ड, राशन कार्ड, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र और जॉब कार्ड जैसे दस्तावेज सौंपे गए। सिद्धू चौधरी और जयराम शर्मा को आयुष्मान कार्ड, रामजी सिंह को पेंशन, दिनेश सिंह को कृषि विभाग से 2000 रुपए का चेक और चांदनी देवी को आवास योजना के तहत सम्मानित किया गया। आईसीडीएस विभाग ने मिनट कुमारी व मंजू देवी को गोद भराई सम्मान और फल-भरी टोकरी दी जबकि शिक्षा विभाग ने जिला टॉपर प्रियांशु कुमार व रोशनी कुमारी को प्रशस्ति पत्र दिए। एसपी रोशन कुमार ने सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता जताते हुए लोगों से नाबालिगों को वाहन न देने और अधिक सवारी न बैठाने की अपील की। उन्होंने जंबल स्ट्रिप सहित सुरक्षा उपायों की जानकारी भी दी। डीएम उदिता सिंह ने कहा कि सरकार का लक्ष्य पंचायत स्तर पर ही समस्याएं सुलझाना है ताकि लोगों को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े। उन्होंने अधिकारियों को आवेदनों का 30 दिन में निपटान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया और बताया कि पंचायत भवन में एक माह पहले आवेदन दिए जा सकते हैं। इस अवसर पर प्रभारी सचिव रोहतास संदीप कुमार आर पुड़कलपटी, काराकाट थाना प्रभारी विवेक कुमार, आरओ ध्रुव कुमार, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी देवाशीष कुमार, एमओ राहुल कुमार, बीपीआरओ रेणुका कुमारी, सीडीपीओ रीता कुमारी, बीडब्ल्यूओ शिवानी, बिजली एसडीओ राजू कुमार, बीएओ दिलीप कुमार और जेएसएस अनुज कुमार समेत कई विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।


## झारखण्ड सरकार
## वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग
## न्यायालय :– प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल, गढ़वा।

**सूचना**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के प्रशासनिक क्षेत्राधीन भारतीय वन अधिनियम, 1927 (सपठित बिहार संशोधन, 1989) के सुसंगत प्रावधानों के उल्लंघन करने के विरूद्ध जप्त वाहन, वन पदार्थ एवं उपस्करों पर प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के न्यायालय में भारतीय वन अधिनियम, 1927 (सपठित बिहार संशोधन, 1989) के अंतर्गत निहित प्रावधानों के तहत् राज्यसात की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है, जिसमें संबंधित पक्ष को अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु कई बार अवसर प्रदान किया जा चुका है, परन्तु कोई प्रतिवादी उपस्थित नहीं हुए हैं। इसलिए उक्त मामलों में सुनवाई की अंतिम तिथि 15.07.2026 को 10:00 बजे पूर्वाह्न में निर्धारित की गई है। अतः उक्त निर्धारित तिथि को ससमय प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अन्यथा न्यायालय द्वारा उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर एकतरफा निर्णय ले लिया जायेगा। जप्त वाहन, वन पदार्थ एवं उपस्करों तथा वन वादों से संबंधित अधिहरण वाद की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | अधिहरण वाद संख्या | जप्त वाहन एवं वन पदार्थ | अभियुक्तों का नाम एवं पता | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 11/2026 | (1) महिन्द्रा पिकअप, निबंधन संख्या–CG12E0684, रंग–सफेद एवं (2) सेमल बोटा कुल–8 पीस (5 फीट 5 इंच x 5 फीट–1 पीस; 5 फीट 6 इंच x 5 फीट 2 इंच–1 पीस; 5 फीट 5 इंच x 2 फीट 2 इंच–2 पीस; 5 फीट x 2 फीट 3 इंच–2 पीस; 5 फीट 4 इंच x 3 फीट–1 पीस एवं 2 फीट 5 इंच x 2 फीट 3 इंच–1 पीस) | अज्ञात | |
| 2. | 02/2026 | (1) मिश्रित प्रजाति के 22 पौधे (लम्बाई 8 फीट एवं गोलाई 9 इंच) (2) जुआठ–01 पीस एवं (3) टाँगी–01 पीस | लालमुनी पासवान, पिता–रामकेवल पासवान, ग्राम–मझिगाँवा, टोला–कवलदाग, थाना–भवनाथपुर, जिला–गढ़वा। | |
| 3. | 05/2026 | विभिन्न प्रजाति के बल्ली–21 पीस (तेन्द–14 फीट x 13 इंच–2 पीस; 12 फीट x 10 इंच–1 पीस; 10 फीट x 13 इंच–1 पीस; धौरा–13 फीट x 12 इंच–1 पीस; 13 फीट x 10 इंच–1 पीस; 11 फीट x 12 इंच–1 पीस; 12 फीट x 10 इंच–1 पीस; आसन–13 फीट x 12 इंच–1 पीस; 12 फीट x 10 इंच–2 पीस; 13 फीट x 10 इंच–1 पीस; 10 फीट x 9 इंच–1 पीस; 10 फीट x 10 इंच–1 पीस; सीधा–16 फीट x 14 इंच–1 पीस; 16 फीट x 12 इंच–1 पीस; 15 फीट x 12 इंच–1 पीस; 15 फीट x 10 इंच–1 पीस; 13 फीट x 10 इंच–1 पीस; 14 फीट x 11 इंच–2 पीस) | मोहन भुईयाँ, पिता–स्व0 बुधु भुईयाँ, ग्राम–बलीगढ़, टोला–मोटगावाँ, थाना–केतार, जिला–गढ़वा। | |
| 4. | 08/2026 | सीधा प्रजाति का बोटा–5 पीस (6 फीट ग 30 इंच–1 पीस; 5 फीट ग 31 इंच–1 पीस; 5 फीट ग 32 इंच–1 पीस; 5 फीट ग 19 इंच–1 पीस एवं 5 फीट ग 21 इंच–1 पीस | रमन सिंह, पिता–स्व0 बैद्यनाथ सिंह, ग्राम–बानुटिकर, थाना+जिला–गढ़वा। | |
| 5. | 03/2026 | (1) प्लास्टिक का डब्बा–02 पीस एवं (2) सीधा एवं अन्य प्रजाति का लकड़ी–20 बोझा | (1) विनय साव, पिता–स्व0 डिहल साव, ग्राम–पुरनानगर, (2) राजेश साव, पिता–स्व0 मोती साव, ग्राम–पुरनानगर, (3) श्रवण प्रसाद, पिता–जवाहिर साव, ग्राम–चेचरिया एवं (4) सुरेश साव, पिता–विश्वनाथ साव, ग्राम–चेचरिया, सभी थाना–नगर उँटारी, जिला–गढ़वा। | |
| 6. | 04/2026 | मिश्रित प्रजाति का लकड़ी–12 बोझा | (1) मुनेश्वर उराँव, पिता–स्व0 बोधन उराँव, (2) सुनेश्वर उराँव, पिता–स्व0 बोधन उराँव एवं (3) बैजनाथ उराँव, पिता–स्व0 बोधन उराँव, सभी का ग्राम–गरबांध, थाना–नगर उँटारी, जिला–गढ़वा। | |

**प्राधिकृत पदाधिकारी**
**–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी,**
**गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल।**

PR 381327 (Forest, Environment and Climate Changes) 26-27 (D)

# प्राकृतिक खेती से ही सुरक्षित होगा किसानों का भविष्य : डॉ प्रेम कुमार

**डॉ. पंकज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा**। बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि प्राकृतिक एवं जैविक खेती ही किसानों के सुरक्षित और समृद्ध भविष्य की आधारशिला है। रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध उपयोग से मिट्टी की उर्वरता प्रभावित हो रही है, इसलिए समय की मांग है कि किसान प्राकृतिक खेती की ओर लौटें और मिट्टी के स्वास्थ्य को संरक्षित रखें। नवादा जिला अतिथिगृह सभागार में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित "विकसित भारत-समृद्ध बिहार" अभियान के तहत "प्राकृतिक खेती, उर्वर मिट्टी एवं सुरक्षित भविष्य-खेत बचाओ अभियान" विषय पर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बातें कहीं। उन्होंने कृषि क्षेत्र में प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने तथा मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बिहार सरकार मृदा संरक्षण और भूमि की उर्वरता बनाए रखने के लिए कई योजनाओं पर कार्य कर रही है। किसानों को मिट्टी जांच के प्रति जागरूक किया जा रहा है तथा मृदा स्वास्थ्य कार्ड के माध्यम से संतुलित उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे किसानों को अपनी भूमि की वास्तविक आवश्यकता के अनुसार उर्वरकों के प्रयोग की जानकारी मिलती है, जिससे लागत घटती है और उत्पादन बढ़ता है। उन्होंने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए राज्य के सभी जिलों में विशेष टीमों का गठन किया गया है। कृषि वैज्ञानिक एवं विशेषज्ञ गांव-गांव जाकर किसानों से संवाद स्थापित करेंगे और खेतों पर पहुंचकर उन्हें वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक सलाह देंगे। उन्होंने किसानों से आधुनिक तकनीक के साथ-साथ पारंपरिक एवं प्राकृतिक खेती की पद्धतियों को अपनाने की अपील की। डॉ. प्रेम कुमार ने भाजपा कार्यकर्ताओं से गांव स्तर पर किसानों को जागरूक करने का आह्वान करते हुए कहा कि कोई भी पात्र किसान किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने तथा कृषि को लाभकारी बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

## सबका सम्मान, जीवन आसान के निश्चय के तहत सहयोग शिविर आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज (नवादा)**। प्रखंड के ओड़ो पंचायत के इंटर विद्यालय ओड़ो में मंगलवार को सबका सम्मान, जीवन आसान के निश्चय के तहत सहयोग शिविर आयोजित की गई। इस दौरान जिला पार्षद उपाध्यक्ष निशा कुमारी, एडीएम अनिल कुमार तिवारी, डीएसपी राहुल कुमार, बीडीओ सोनिया ढनढनिया, सीओ रईस आलम, मुखिया चिंता देवी समेत अन्य ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उदघाटन किये। अधिकारियों ने कहा आमजनों के कल्याण के लिए यह शिविर आयोजित हुई है। आप सभी लोगों की समस्या को सुनने के लिए आई है। प्रत्येक विभाग में समन्वयक स्थापित कर कार्य को निष्पादित किया जाएगा। कार्यक्रम में पांच पीएम आवास लाभुकों को चाभी का वितरण किया। इसके अलावा नौ लाभुकों को राशनकार्ड, मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के तहत 16 लाभुक के बीच वितरण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया चिंता देवी व संचालन आवास सहायक चंदन कुमार पांडेय ने की। मौके पर विभिन्न गांव के ग्रामीणों ने अपनी समस्या को रखें। इस शिविर में शिक्षा, राशन,बाल विकास परियोजना, स्वास्थ्य, कृषि, मनरेगा,लोहिया स्वच्छता अभियान, पशुपालन, बिजली समेत अन्य नौ विभाग के स्टाल लगाये गये थे।

वहां लाभुकों से आवेदन पत्र लेकर विशेषज्ञों को सुनी कर निष्पादित किया गया। मौके पर बीपीओ विवेक कुमार गौरव, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी रामसागर पाल, एमओ शैलेश कुमार, प्रखंड लेखापाल संजीव रंजन, नाजिर संटू कुमार, प्रधान लिपिक दीपक कुमार, समाजसेवी गौरव कुमार उर्फ छोटी, राजा, अभिषेक कुमार, बिट्टू कुमार समेत अन्य ग्रामीण शामिल रहे।

## एक नजर

### सहयोग शिविर का आयोजन

**नगरनौसा (नालंदा)**। बिहार सरकार ने आम लोगों की समस्या के समाधान के लिए पंचायत स्तर पर पहल की जा रही है इसी को लेकर मंगलवार के दिन प्रखंड के कछियाबां पंचायत के पंचायत सरकार भवन कछियाबां एवं दामोदरपुर बलधा पंचायत के पंचायत सरकार भवन दामोदरपुर में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे, अपने-अपने समस्याओं को रखा, मौके पर बीडीओ ओम प्रकाश कुमार ने शिविर में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अब आप लोगों को किसी भी कार्य को लेकर पंचायत से बाहर नहीं जाना पड़ेगा। पंचायत में लगने वाले सहयोग शिविर में आकर अपनी समस्याओं को तुरंत समाधान पाएं। इस मौके पर बीडीओ ओमप्रकाश कुमार,सीओ सत्येंद्र कुमार, कछियाबां पंचायत के मुखिया उषा सिन्हा, सरपंच खुशबू कुमारी कछियाबां पंचायत के कृषि सलाहकार चंद्रमणि कुमार अकेला, राजस्व कर्मचारी अंकित कुमार, पंचायत सचिव दीपक कुमार, इंदिरा आवास सहायक राकेश कुमार विकास मित्र ब्रह्मदेव कुमार समेत प्रखंड स्तरीय एवं पंचायत स्तरीय कर्मी मौजूद थे।

### आश्रितों को बीडीओ ने दी सहायता राशि

**कौआकोल**। मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना के तहत मंगलवार को बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार ने मृतकों के घर पहुंचकर उनके आश्रितों को सहायता राशि का चेक प्रदान किया। बीडीओ ने बताया कि नावाडीह गांव में विद्युत करंट की चपेट में आने से मृत हुई मीणा देवी के आश्रित पुत्र मिथलेश कुमार,पिता-भुनेश्वर यादव को 20 हजार रुपये का चेक सौंपा गया। वहीं बिझो गांव में वज्रपात से मृत हुई सुलेखा देवी के आश्रित पति शिवदानी यादव को भी 20 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। बीडीओ ने कहा कि मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना के तहत आपदा एवं आकस्मिक मृत्यु से प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने परिजनों को हरसंभव सरकारी सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर प्रखंड नाजिर गोपाल कुमार समेत अन्य अधिकारी एवं स्थानीय लोग मौजूद थे।

### सड़क हादसे में दो युवक घायल

**पकरीबरावां**। पकरीबरावां थाना क्षेत्र के करतारा मोड के पास सड़क हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि जमुई जिले के चनरवर गांव निवासी अनिल यादव के पुत्र विपीन कुमार एवं महादेव यादव के पुत्र विभीषण कुमार दोनों बाइक से नवादा के रामलखन सिंह यादव कॉलेज मार्कशीट लाने गए थे। नवादा से लौटने के दौरान करतारा मोड पर विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रैक्टर और बाइक की आमने सामने की टक्कर हो गई। बाइक पर सवार विभीषण कुमार का एक पैर घटनास्थल पर ही कट गया। आस पास के लोगों ने हादसे की सूचना पकरीबरावां थानाध्यक्ष रंजन चौधरी को दी। सूचना के बाद पुलिस वहां पहुंचकर मामले की जांच की। इस बीच कचना गांव निवासी समाजसेवी धर्मेंद्र यादव ने घायलों को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां लाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को चिंताजनक स्थिति में नवादा रेफर कर दिया है। इधर, दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लेकर भागने में सफल रहा।

### रग्बी संघ के तत्वावधान में समर कैंप का आयोजन

**नवादा**। जिला रग्बी संघ के तत्वाधान में 15 दिवसीय समर कैंप का आयोजन कृष्ण प्रसाद खेल मैदान में चल रहा है इस समर कैंप का मुख्य उद्देश्य यह है कि आगामी आने वाले प्रतियोगिताओं में नवादा जिले के खिलाड़ियों का प्रदर्शन और बेहतर हो सके जिला रग्बी संघ के सचिव विक्रम कुमार ने बताया कि इस कैंप के माध्यम से खिलाड़ियों को वेट ट्रेनिंग, रन ट्रेनिंग,जिम ट्रेनिंग,मैराथन,स्पीड ट्रेनिंग फ्लैक्सिबल ट्रेनिंग, डाइट ट्रेनिंग,वन बाई वन स्किल आदि एक साथ दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण से खिलाड़ियों में नई तकनीक एवं बेहतर प्रदर्शन की संभावनाएं बहुत बढ़ जाएगी। यहां के खिलाड़ी प्रतिवर्ष दो दर्जन से अधिक मेडल राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जीतकर लाते हैं कई खिलाड़ियों को खेल कोटे से नौकरी भी प्राप्त हो चुका है। समर कैंप में गर्मी में भी खेलने की क्षमता को विकसित करता है। नवादा जिला रग्बी संघ के अध्यक्ष ए के गुरु ने बताया कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य यही है कि नवादा जिला रग्बी संघ को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों को पहुंचाकर नवादा का नाम पटल पर लाया जा सके ताकि खेल के माध्यम से यहां के खिलाड़ियों को रोजगार के अवसर अधिक से अधिक मिल सके जिले में खेल गतिविधि बहुत ही बेहतर चल रहा है।

### टेम्पो लूट कांड का उदभेदन, छह अपराधी गिरफ्तार



**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**। बेन थाना क्षेत्र के पैक्स गोदाम दाहाघाट के समीप हुए सीएनजी टेम्पो लूटकांड का नालंदा पुलिस ने सफलतापूर्वक उद्भेदन करते हुए अंतरजिला लूट गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में छह अपराधियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक विधि-विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर तीन लूटी गई सीएनजी टेम्पो, दो मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल बरामद किए गए हैं। जानकारी के अनुसार, 23 मई 2026 को निरंजन कुमार ने बेन थाना में आवेदन देकर बताया था कि 22 मई की रात करीब 12 बजे कोल्हुआ-दाहाघाट मार्ग पर चार अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर उनकी सीएनजी टेम्पो और दो मोबाइल फोन लूट लिए थे। गिरफ्तार अपराधियों में प्रभात रंजन, भूषण उर्फ भोला, राहुल कुमार, नीतीश कुमार, नितीश कुमार (धिरा बिगहा) और सचित कुमार शामिल हैं। साथ ही एक विधि-विरुद्ध बालक को भी निरुद्ध किया गया है।

## केवाली पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में उमड़े फरियादी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। प्रखंड के केवाली पंचायत सरकार भवन में मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याओं एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन लेकर पहुंचे। शिविर में सदर एसडीओ अमित अनुराग,बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार,सीओ मनीष कुमार समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने लोगों की समस्याओं को सुना तथा संबंधित मामलों में आवेदन प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान कई लाभुकों को विभिन्न सरकारी सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ मौके पर ही उपलब्ध कराया गया। अधिकारियों ने बताया कि सहयोग शिविर का उद्देश्य आम लोगों को एक ही स्थान पर विभिन्न सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। शिविर के आयोजन से ग्रामीणों में उत्साह देखा गया और बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन जमा कराया।

## फिर शुरू हुई धर्मशीला हॉस्पिटल की जांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा**। उच्च स्तरीय जांच के दायरे में आए नवादा नगर के केंदुआ स्थित धर्मशीला देवी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल की मुश्किले और अधिक बढ़ने वाली है क्योंकि विशेषज्ञ चिकित्सकों के अभाव और इलाज में लापरवाही के कारण अपने पुत्र अखिलेश कुमार को खो चुके पूर्व श्रम राज्यमंत्री राजबल्लभ प्रसाद द्वारा अस्पताल प्रबंधन के विरुद्ध किए गए मुकदमें की उच्च स्तरीय जांच पुनः शुरू हो गई है । इस बाबत 2 जून को पांच सदस्यीय जांच कमिटी सदर अस्पताल पहुंची और शिकायतकर्ता समेत अन्य प्रत्यक्षदर्शियों का बयान दर्ज किया । अपना पक्ष रखने के लिए राजबल्लभ प्रसाद स्वंय प्रस्तुत हुए और पूरे घटनाक्रम की विस्तृत जानकारी लिखित और मौखिक दोनों रूप में जांच दल के समक्ष रखे । उन्होंने धर्मशीला देवी हॉस्पिटल के संचालक पर लगाए गए समस्त आरोपों को दोहराते हुए जोड़ा कि इस घटना के पूर्व भी कई ऐसी घटनाएं घटी है जिसमें चिकित्सकों की लापरवाही और प्रबंधन के भ्रष्ट रवैये के कारण मरीजों का दमन उत्पीड़न के साथ जान तक चली गई है । इसी बीच सदर विधायक विभा देवी भी जांच दल के समक्ष अपना पक्ष रखते हुए कहा कि धर्मशीला देवी हॉस्पिटल के डॉक्टरों के द्वारा अगर मेरे बेटे को दो घंटा पहले भी रेफर कर दिया जाता तो उसकी जान नहीं जाती । उन्होंने अखिलेश कुमार के इलाज के दौरान घटी पूरी घटनाओं का ब्यौरा विस्तार से बताया और लिखित रूप में अपना बयान दर्ज किया। जांच दल से उन्होंने आग्रह किया कि इस निजी हॉस्पिटल को तत्काल प्रभाव से शील किया जाय और दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाय। लिखित बयान दर्ज करने के बाद पूर्व मंत्री ने कहा कि इस हॉस्पिटल के प्रबंधक की आपराधिक चरित्र कई बार सामने आ चुकी है उसके बावजूद हॉस्पिटल का लाइसेंस बरकरार रहना आश्चर्यजनक है। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि सदर हॉस्पिटल के मरीजों को यहां के चिकित्साकर्मी जो धर्मशीला देवी हॉस्पिटल का पार्टनर भी है के द्वारा ही बहला फुसलाकर धर्मशीला देवी हॉस्पिटल ले जाया जाता है और मरीजों का शोषण दोहन होता है। बजाज स्वास्थ्य बीमा कंपनी द्वारा किए गए मुकदमें में भी स्पष्ट आरोप लगाया गया है कि सदर अस्पताल से रेफर किये गए फर्जी मरीजों के नाम पर करोड़ो रुपए की राशि की अवैध निकासी की गई है जो जांच का विषय है। मौके पर कादिरगंज के एक बालक की किडनी निकाल कर बेचने का मामला भी उठाया गया। शिकायतकर्ता ने स्वंय जांच दल के सामने इसका साक्ष्य प्रस्तुत किया। इसी प्रकार कई और पीड़ित अभिभावकों ने धर्मशीला देवी हॉस्पिटल प्रबंधक के कारगुजारियों को जांच दल के सामने रखा । इस बीच पत्रकारों से बात करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि हमने जांच दल के सामने पूरी सच्चाई रख दी है और उम्मीद करता हूं कि आरोपी के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई होगी।

## प्रभारी जिला सचिव ने सहयोग शिविरों का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। अकबरपुर प्रखंड के माखर पंचायत एवं रजौली प्रखंड के रजौली पश्चिमी पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर का निरीक्षण प्रभारी जिला सचिव हिमांशु शर्मा द्वारा किया गया।

प्रभारी जिला सचिव ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सहयोग शिविर आमजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभ से उन्हें जोड़ने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है।इस अवसर पर प्रभारी सचिव द्वारा निष्पादित आवेदनों से संबंधित स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। इसके उपरांत प्रभारी जिला सचिव हिमांशु शर्मा, जिला पदाधिकारी नवादा रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक नवादा अभिनव धीमान द्वारा इंजीनियरिंग कॉलेज, नवादा का संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कॉलेज में उपलब्ध शैक्षणिक एवं आधारभूत संरचनाओं, छात्र-छात्राओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं तथा संस्थान की समग्र कार्यप्रणाली की समीक्षा की गई। अधिकारियों द्वारा परिसर में उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं का अवलोकन करते हुए संस्थान के सुचारु संचालन, शैक्षणिक गुणवत्ता में वृद्धि तथा छात्र-छात्राओं के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## पकरीबरावां में युवक की मिली लाश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां**। पकरीबरावां थाना क्षेत्र के राजेबीघा धेवधा छिलका के पास मंगलवार की सुबह को एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेज दिया है। युवक की पहचान पकरीबरावां के रामनगर निवासी प्रसिद्ध पंडित के पुत्र 19 वर्षीय संदीप कुमार के रूप में की गई है। शव के पास मृतक की साइकिल भी मिली है। मृतक के पिता ने हत्या का आरोप लगाते हुए अज्ञात के विरुद्ध पकरीबरावां थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

## बिहार की सभी महान विभूतियों का गांव आदर्श ग्राम के रूप में विकसित हो : विवेक ठाकुर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा**। भाजपा नेता एवं नवादा सांसद विवेक ठाकुर ने विगत दिनों बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात के दौरान बिहार के सभी महान विभूतियों के स्थली को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करने हेतु आग्रह किया था। जिसपर मुख्यमंत्री ने बिहार के सभी महान विभूतियों की जन्मस्थलियों का सर्वेक्षण कराने तथा चरणबद्ध तरीके से उन्हें "आदर्श ग्राम" के रूप में विकसित करने की कार्ययोजना तैयार करने हेतु निर्देशित किया है। इस पहल के लिए सांसद ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया। सांसद विवेक ठाकुर ने कहा बिहार ज्ञान, संस्कृति, आध्यात्म, स्वतंत्रता संग्राम, सामाजिक सुधार और राष्ट्र निर्माण की महान परंपरा का केंद्र रहा है। ऐसे में उन महापुरुषों से जुड़े स्थलों को संरक्षित एवं विकसित करना समय की आवश्यकता है, जिन्होंने अपने विचारों और कार्यों से देश-दुनिया को नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि बिहार की नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास और महान व्यक्तित्वों से जोड़ने के लिए उनकी स्थलियों को प्रेरणा केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। सांसद विवेक ठाकुर ने विशेष रूप से नवादा लोकसभा के महान विभूतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह लोकसभा भी ऐतिहासिक, आध्यात्मिक और सामाजिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध रहा है। महान स्वतंत्रता सेनानी एवं बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. श्रीकृष्ण सिंह, जवाहर रजवार इत्यादि की स्मृतियों को संरक्षित कर उसका समग्र विकास किया जाएगा। सांसद विवेक ठाकुर ने कहा मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के कुशल नेतृत्व एवं सुशासन के संकल्प से बिहार निश्चित ही विकास, समृद्धि एवं आत्मनिर्भरता के नए आयाम स्थापित करेगा।

## वार्ड नंबर 5 में सहयोग शिविर आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा**। नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 5 में बुधवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर बुधवार बस स्टैंड परिसर में लगाया गया, जहां स्थानीय लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे। शिविर में मुख्य पार्षद पिंकी कुमारी, कार्यपालक पदाधिकारी सत्येंद्र प्रसाद वर्मा सहित नगर परिषद के कई अधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे। शिविर के दौरान लोगों से जुड़ी विभिन्न प्रकार की समस्याओं एवं शिकायतों को सुना गया। जानकारी के अनुसार शिविर में लगभग तीन दर्जन से अधिक मामले प्राप्त हुए, जिनमें से 33 मामलों का ऑनलाइन एवं ऑनस्पॉट निष्पादन किया गया। कई लोगों को तत्काल राहत मिलने से उनमें संतोष देखा गया। मुख्य पार्षद पिंकी कुमारी ने बताया कि नगर परिषद आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि जिन मामलों का तत्काल निष्पादन संभव था, उनका मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि अन्य मामलों को संबंधित विभागीय अधिकारियों के पास अग्रसारित किया गया है ताकि जल्द से जल्द कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। कार्यपालक पदाधिकारी सत्येंद्र प्रसाद वर्मा ने कहा कि इस तरह के सहयोग शिविरों का उद्देश्य आम नागरिकों को एक ही स्थान पर सुविधाएं उपलब्ध कराना है, ताकि लोगों को कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़े। शिविर के आयोजन से स्थानीय लोगों में खुशी देखी गई तथा लोगों ने नगर परिषद की इस पहल की सराहना की।

## लाइब्रेरी को आम जनता के लिए खोलने की मांग को हस्ताक्षर अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। स्मार्ट सिटी फंड से निर्मित धनेश्वरघाट स्थित पब्लिक लाइब्रेरी को आम जनता के लिए जल्द खोलने की मांग को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मंगलवार को व्यापक हस्ताक्षर अभियान चलाया। अभियान में हजारों छात्रों, युवाओं और स्थानीय नागरिकों ने भाग लेकर लाइब्रेरी को शीघ्र शुरू करने तथा उसमें सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। अभियान की शुरुआत एबीवीपी के प्रदेश अध्यक्ष एवं राजनीति विज्ञान के प्राध्यापक डॉ. बिनीत लाल ने की। उन्होंने कहा कि नालंदा ज्ञान और शिक्षा की ऐतिहासिक भूमि रही है। ऐसे में एक आधुनिक और सुसज्जित सार्वजनिक पुस्तकालय छात्रों एवं युवाओं के लिए ज्ञान का महत्वपूर्ण केंद्र बन सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहारशरीफ स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत निर्धारित उद्देश्यों को प्रशासनिक उदासीनता के कारण धरातल पर नहीं उतारा जा सका है। उन्होंने कहा कि करदाताओं के पैसे से बनी सुविधाओं को अविलंब जनता के लिए उपलब्ध कराया जाना चाहिए। जिला संयोजक प्रतीक राज ने कहा कि जिला प्रशासन को लाइब्रेरी खोलने की स्पष्ट समय-सीमा घोषित करनी चाहिए, ताकि छात्र, युवा और आम नागरिक इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि जनता के पैसे से बनी सार्वजनिक सुविधाओं का उपयोग जनता के हित में होना चाहिए। यदि जल्द लाइब्रेरी नहीं खोली गई तो विद्यार्थी परिषद छात्रों के साथ मिलकर शांतिपूर्ण आंदोलन करेगी। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अदिति ने कहा कि हर बार प्रशासन की ओर से लाइब्रेरी को जल्द शुरू करने का आश्वासन दिया जाता है, लेकिन अब तक इसे जनता के लिए नहीं खोला गया है। उन्होंने स्मार्ट सिटी प्रबंधन से छात्रों और युवाओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की।

## भाजपा कार्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय, नवादा में जिलाध्यक्ष अनिल मेहता की अध्यक्षता में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि एवं कार्यक्रम प्रभारी संदीप कुमार मिंटू तथा विशिष्ट अतिथि प्रदेश मंत्री संजय कुमार मुन्ना उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन जिला उपाध्यक्ष तेजस सिन्हा ने किया। मुख्य अतिथि संदीप कुमार मिंटू ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 12 सफल वर्ष पूरे किए हैं। इन वर्षों में भारत ने विकास, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिष्ठा के नए आयाम स्थापित किए हैं। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है तथा देश के हर क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुआ है। उन्होंने बताया कि मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में "12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के" अभियान के तहत 5 जून से 21 जून तक जिले भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रदेश मंत्री संजय कुमार मुन्ना ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता केंद्र सरकार की उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संकल्पित है। जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष देश के विकास, सुशासन और जनविश्वास के प्रतीक हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की अग्रणी शक्तियों में अपनी मजबूत पहचान बना रहा है। अनिल मेहता ने कहा कि अभियान को सफलतापूर्वक संचालित करने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों के लिए जिला स्तर पर जिम्मेदारियां भी सौंपी गई हैं। वृक्षारोपण अभियान का संयोजक जिला महामंत्री गौरव शांडिल्य गगन, "12 साल बेमिसाल" अभियान का संयोजक जिला महामंत्री शैलेन्द्र शर्मा तथा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का संयोजक जिला महामंत्री अरविंद गुप्ता को बनाया गया है।

## मोदी सरकार के 12 साल पूरे होने पर भाजपा का महाअभियान

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नालंदा जिला इकाई की मासिक बैठक मंगलवार को बिहारशरीफ परिसदन में जिलाध्यक्ष राजेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के अवसर पर जिलेभर में जनसंपर्क अभियान चलाने तथा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान भाजपा के नवनिर्वाचित प्रदेश मंत्री सह जिला प्रभारी संजय कुमार मुन्ना का जिला पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर स्वागत किया। जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि मोदी सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए भाजपा कार्यकर्ता घर-घर संपर्क अभियान चलाएंगे। इस दौरान सरकार की उपलब्धियों से संबंधित पत्रक वितरित कर आम लोगों से संवाद स्थापित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत जिले के सभी बूथों पर वृक्षारोपण किया जाएगा। इसके अलावा प्रेस वार्ता, प्रदर्शनी, स्वच्छता अभियान और अन्य जनजागरण कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा।


## सहयोग शिविर में 128 आवेदनों का निस्तारण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से मंगलवार को बिंद एवं अस्थावां प्रखंड की अमावां पंचायत में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य विभाग के सचिव कुमार रवि की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं तथा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया गया। बिंद पंचायत सरकार भवन में आयोजित सहयोग शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 98 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 93 आवेदनों का मौके पर ही निष्पादन कर लाभुकों को सूचित किया गया। प्राप्त आवेदनों में ग्रामीण विकास विभाग के 58, भू-अर्जन विभाग के 17, शिक्षा विभाग के 8, श्रम संसाधन विभाग के 2, पीएचईडी के 1, विद्युत विभाग के 1 तथा अन्य विभागों के 11 आवेदन शामिल थे। वहीं अस्थावां प्रखंड अंतर्गत अमावां पंचायत के बेनार पंचायत सरकार भवन में आयोजित सहयोग शिविर में कुल 35 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका ऑन-द-स्पॉट निष्पादन कर दिया गया। इस अवसर पर सचिव कुमार रवि ने पंचायत सरकार भवन में नवनिर्मित पुस्तकालय का उद्घाटन भी किया। इसके अलावा जीविका दीदियों द्वारा संचालित सिलाई केंद्र का निरीक्षण कर महिलाओं के स्वरोजगार प्रयासों की सराहना की। सचिव कुमार रवि ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि आम नागरिकों को छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए सरकारी कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े। इसी उद्देश्य से पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जहां विभिन्न विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाए

# 1163 करोड़ रुपये की बोधगया कॉरिडोर परियोजना से बदलेगी बोधगया की तस्वीर : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने मंगलवार को गया जिला अतिथि गृह सभागार में वर्चुअल माध्यम से बोधगया कॉरिडोर परियोजना की प्रगति की समीक्षा बैठक की। बैठक में परियोजना के विभिन्न घटकों, तीर्थयात्रियों की सुविधाओं के विस्तार तथा बोधगया को विश्वस्तरीय आध्यात्मिक एवं पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में चल रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के उपरांत डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि बोधगया कॉरिडोर परियोजना की कुल अनुमानित लागत 1163 करोड़ रुपये है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना का उद्देश्य महाबोधि मंदिर एवं आसपास के क्षेत्रों में आधुनिक आधारभूत संरचना विकसित कर देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि महाबोधि मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों में बोधगया में अंतरराष्ट्रीय स्तर के अस्पताल की स्थापना, आधुनिक विजिटर सेंटर का निर्माण, तीर्थयात्रियों के लिए समुचित पार्किंग व्यवस्था, सुरक्षित पैदल पथ, स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली, ध्यान पथ, श्रद्धालुओं के लिए विश्राम शेड तथा प्रमुख बौद्ध स्थलों के समग्र विकास जैसे महत्वपूर्ण बिंदु शामिल हैं। इन प्रस्तावों पर गंभीरता से विचार करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। डॉ. प्रेम कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बोधगया से विष्णुपद मंदिर होते हुए चाकंद तक फ्लाईओवर निर्माण की संभावनाओं पर विशेष रूप से कार्य किया जाए जिससे बोधगया और गया शहर के बीच यातायात व्यवस्था सुगम हो तथा तीर्थयात्रियों एवं स्थानीय नागरिकों को जाम की समस्या से राहत मिल सके। उन्होंने फल्गु नदी के दोनों किनारों पर आकर्षक पार्क विकसित करने, हरित आवरण बढ़ाने, वृक्षारोपण अभियान को गति देने तथा नदी तट को पर्यावरणीय एवं पर्यटन दृष्टिकोण से विकसित करने पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि फल्गु नदी क्षेत्र का सौंदर्यीकरण और हरियाली का विस्तार न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक होगा बल्कि गया और बोधगया की पहचान को भी नई ऊंचाई प्रदान करेगा। बैठक में महाबोधि मंदिर के निकास द्वार के पुनर्विकास, बड़े कंग्रेगेशन एरिया के निर्माण, निरंजना (फल्गु) नदी के किनारे मेडिटेशन पाथवे विकसित करने, स्थानीय हस्तशिल्प एवं हथकरघा परंपराओं को प्रोत्साहित करने तथा डुंगेश्वरी, मुचलिंद सरोवर, बराबर, गुरपा, सुजाता गढ़ एवं बकरौर जैसे महत्वपूर्ण बौद्ध स्थलों एवं हिन्दू धर्मावली के तीर्थयात्रियों को ध्यान में रखते हुए मातंगवापी,धर्मारण्य एवं मां सरस्वती जैसे पुराणिक वेदियों पर आधारभूत सुविधाओं के विस्तार पर भी चर्चा की गई। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बोधगया विश्व धरोहर स्थल होने के कारण इसकी गरिमा और सांस्कृतिक पहचान को अक्षुण्ण रखते हुए विकास कार्य किए जाएंगे। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया। समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ पदाधिकारी, तकनीकी विशेषज्ञ एवं परियोजना से जुड़े अधिकारी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे। बैठक में बोधगया के समग्र विकास, पर्यटन संवर्धन तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं के विस्तार को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

# सहयोग शिविर में 87 में से 83 आवेदनों का निष्पादन, लाभुकों को मिला प्रमाण पत्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शेरघाटी।** प्रखंड के चिताबकला स्थित पंचायत सरकार भवन में बिहार सरकार एवं मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के प्रथम और तृतीय मंगलवार को आयोजित होने वाले सहयोग शिविर के तहत द्वितीय सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय विपिन कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी स्नेहिल आनंद, अंचलाधिकारी उषा कुमारी सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया। अधिकारियों ने बताया कि सहयोग शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान कर प्रशासन और जनता के बीच विश्वास को मजबूत करना है। यह शिविर प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को विभिन्न पंचायतों में चक्रानुक्रम के आधार पर आयोजित किया जाएगा। अगला सहयोग शिविर 16 जून को ढाब चिरैया पंचायत सरकार भवन में लगाया जाएगा। चिताबकला पंचायत के लिए 2 मई से आवेदन प्राप्त किए जा रहे थे। शिविर में कुल 87 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें राजस्व विभाग के 50, मनरेगा के 16, पेंशन के 13, शौचालय भुगतान के 2, आवास योजना के 4 तथा जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित 2 आवेदन शामिल थे। इनमें से 83 आवेदनों का सकारात्मक निष्पादन कर लाभुकों को लाभ प्रदान किया गया जबकि 4 आवेदन प्रक्रियाधीन हैं। इस अवसर पर संबंधित लाभुकों को उपलब्ध कराई गई सेवाओं के प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। अधिकारियों ने ग्रामीणों से अधिकाधिक संख्या में शिविर का लाभ उठाने की अपील की।

# सुपर-30 कार्यक्रम से मिली प्रेरणा, देश का नंबर वन बना शुभम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**गयाजी।** जेईई एडवांस-2026 में ऑल इंडिया रैंक-1 हासिल कर देशभर में बिहार का नाम रोशन करने वाले शुभम कुमार की सफलता के पीछे वर्षों की मेहनत, परिवार का सहयोग और शिक्षकों का मार्गदर्शन रहा है। ब्रिटिश स्कूल गुरुकुल के निदेशक भीमराज ने बताया कि शुभम की प्रतिभा को उन्होंने काफी पहले ही पहचान लिया था और उन्हें विश्वास था कि वह राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल करेगा। उन्होंने बताया कि करीब चार वर्ष पहले पटवा टोली में आयोजित सुपर-30 कार्यक्रम के दौरान शुभम नौवीं कक्षा का छात्र था। कार्यक्रम में आईआईटी और सुपर-30 की सफलता की कहानियां सुनकर उसके मन में इंजीनियर बनने का सपना जागा। वहीं से उसने आईआईटी में जाने का लक्ष्य तय कर लिया था। भीमराज ने कहा कि शुभम की बड़ी बहन श्रेया कुमारी भी गुरुकुल की छात्रा रही हैं। दो वर्षों तक यहां पढ़ाई करने के बाद उनका चयन आईआईटी में हुआ। वर्तमान में वह आईआईटी पटना में कंप्यूटर साइंस की पढ़ाई कर रही हैं। बहन की सफलता ने भी शुभम को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। श्रेया जब आईआईटी में अध्ययनरत थीं, उसी दौरान शुभम ने भी संस्थान में दाखिला लेकर अपनी तैयारी शुरू की। निदेशक ने बताया कि शुभम शुरू से ही मेधावी छात्र था। संस्थान में आयोजित मासिक परीक्षाओं में उसका प्रदर्शन लगातार 90 प्रतिशत से अधिक रहता था। पढ़ाई के प्रति उसकी गंभीरता और अनुशासन को देखकर शिक्षकों को भरोसा था कि वह एक दिन बड़ी सफलता हासिल करेगा। बाद में बेहतर प्रतिस्पर्धी माहौल और उन्नत तैयारी के लिए वह कोटा स्थित एलन संस्थान चला गया, लेकिन जब भी गया आता था तो अपने शिक्षकों से मार्गदर्शन लेने गुरुकुल जरूर पहुंचता था।

# कोंच पंचायत में बाल संरक्षण समिति की मासिक बैठक आयोजित




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** कोंच पंचायत में मंगलवार को बाल संरक्षण समिति की मासिक बैठक का आयोजन पंचायत भवन में मुखिया दिलीप कुमार की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में बच्चों के संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं उनके अधिकारों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ ही बाल विवाह, बाल श्रम एवं बच्चों की सुरक्षा संबंधी मामलों पर जागरूकता बढ़ाने और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। मुखिया दिलीप कुमार ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास और उनकी सुरक्षा के लिए समाज के सभी वर्गों की सहभागिता आवश्यक है। बैठक में समिति के सदस्यों ने पंचायत क्षेत्र में बाल संरक्षण से संबंधित गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक सुझाव भी दिए। इस अवसर पर वार्ड सदस्य पप्पू कुमार, गजाला शाहीन सहित अन्य सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# गुरुआ के मयंक मणि बने एमवीआई इंस्पेक्टर, बिहार में हासिल की 10वीं रैंक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** गुरुआ बाजार के ऊपरडीह मोहल्ला निवासी सामाजिक कार्यकर्ता नंदलाल साव के पुत्र मयंक मणि ने बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) द्वारा आयोजित मोटरयान निरीक्षक (एमवीआई) परीक्षा में शानदार सफलता हासिल की है। उन्होंने पूरे बिहार में 10वां रैंक प्राप्त कर गुरुआ एवं गया जिले का नाम रोशन किया है। मयंक मणि ने अपने पहले ही प्रयास में यह सफलता प्राप्त की है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, मित्रों और क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। सफलता की खबर मिलते ही शुभचिंतकों और स्थानीय लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। क्षेत्र के लोगों ने कहा कि मयंक की मेहनत, लगन और अनुशासन ने उन्हें यह मुकाम दिलाया है। उनकी सफलता युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है और यह साबित करती है कि निरंतर प्रयास और आत्मविश्वास के बल पर किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। मयंक मणि की इस उपलब्धि पर गुरुआ बाजार सहित पूरे क्षेत्र में गर्व का माहौल है। स्थानीय सामाजिक संगठनों, शिक्षकों और जनप्रतिनिधियों ने भी उन्हें बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता से क्षेत्र के अन्य छात्र-छात्राओं को भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रेरणा मिलेगी।

# मानव तस्करी, दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के मामले में फरार मुख्य अभियुक्त गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में फरार अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत टेहटा थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। वर्ष 2023 से फरार चल रहे अत्यंत गंभीर कांड के नामजद अभियुक्त को त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया गया। टेहटा थाना कांड सं0- 694/23 में अभियुक्त के विरुद्ध आइपीसी (अपहरण, दुष्कर्म, मानव तस्करी), पॉक्सो एक्ट (नाबालिग का यौन शोषण) और अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम के तहत अत्यंत गंभीर आरोप दर्ज हैं। गिरफ्तार अभियुक्त को चिकित्सीय परीक्षण के उपरांत माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

# सिमरा पंचायत में पहली बार लगा सहयोग शिविर, 72 मामलों का निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** कोंच प्रखंड की सिमरा पंचायत में मंगलवार को पहली बार सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। पंचायत भवन में आयोजित शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर प्राप्त सभी 72 आवेदनों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन किया। शिविर में भूमि विवाद के 40, पेंशन के 15, बिजली विभाग के 12, पीएचईडी के तीन तथा पंचायती राज विभाग के दो मामले आए जिनका त्वरित समाधान किया गया। शिविर की अध्यक्षता प्रभारी पदाधिकारी सह जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश कुमार ने की। मौके पर एसडीपीओ सुशांत कुमार चंचल, बीडीओ विपुल भारद्वाज, सीओ मुकेश कुमार, थानाध्यक्ष सुदेह कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा की। वहीं विकन बिगहा टोला स्थित प्राथमिक विद्यालय तक पीसीसी सड़क निर्माण की मांग पर बीडीओ ने शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने शिविर के सफल आयोजन पर खुशी जताते हुए ऐसे कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित करने की मांग की।

# पंचानपुर बाजार में एक ही रात तीन दुकानों से लाखों की चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** क्षेत्र में बेखौफ चोरों ने पंचानपुर बाजार में एक ही रात तीन दुकानों को अपना निशाना बनाया व लाखों रुपये की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। चोरों ने दुकान के बाहर काम के लिए लगाए गए बांस-बल्ले का फायदा उठाकर इस सेंधमारी को अंजाम दिया। एक दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी की घटना कैद हो गई है। घटना पंचानपुर बाजार के अंबेडकर चौक के समीप स्थित बाबा बजरंगी एजेंसी, फास्ट फूड दुकान व पान गुमटी में चोरी की घटना को अंजाम दिया। बाबा एजेंसी के संचालक शुभम मिश्रा के मुताबिक दुकान के आगे कुछ निर्माण कार्य कराने के लिए बांस और बल्ले का ढांचा बांधा गया था। चोरों ने इसी का फायदा उठाया व बांस के सहारे ऊपर चढ़कर दुकान में सेंधमारी की। दुकान के अंदर घुसकर चोरों ने गल्ले में रखी 82 हजार रुपये नगदी समेट ली और रफूचक्कर हो गए। शुभम ने घटना को लेकर पंचानपुर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

**एक ही रात में तीन दुकानों में वारदात**

चोर के हौसले इतने बुलंद थे कि उन्होंने केवल बाबा एजेंसी दुकान को नहीं, बल्कि समीप स्थित दो और दुकानों को भी अपना निशाना बनाया। फास्टफूड की दुकान से लगभग दस हजार व पान गुमटी का पटरा तोड़ चोरी की घटना को अंजाम दिया। एक ही रात में लगातार तीन दुकानों में हुई चोरी से सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

**सीसीटीवी फुटेज से चोर की पहचान में जुटी पुलिस**

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची व मामले की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस को दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज दी गई जिसमें चोर चोरी करते हुए साफ नजर आ रहा है। पंचानपुर एसएचओ पद्माकर उपाध्याय ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों के हुलिए की पहचान की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पांच प्रखंड के 15 पंचायतों में सहयोग शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अरवल।** जिले के पांच प्रखंड के 15 पंचायत में आज सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में आम लोगों के समस्याओं का निदान 30 दिनों के अंदर करने के लिए संबंधित पदाधिकारी को जिले के प्रभारी सचिव डॉक्टर असीमा जैन ने आवश्यक निर्देश दिया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य पदाधिकारी भी सहयोग शिविर का निरीक्षण कर रहे थे। जिले के प्रभारी मंत्री ने भी अनेक शिविर का निरीक्षण किया और लोगों से संवाद किया।

# शादी के एक माह बाद ही उजड़ गया सुहाग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी(ग्रामीण)।** बांके बाजार प्रखंड के डुमरामा गांव के एक नवविवाहित युवक की दिल्ली में दर्दनाक हादसे में मौत हो गई। युवक की शादी को अभी एक माह भी पूरा नहीं हुआ था। इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है और परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की पहचान डुमरामा गांव निवासी सुनील कुमार, पिता विजय चौधरी, के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार सुनील कुमार की शादी 4 मई 2026 को सीता कुमारी के साथ हुई थी। शादी के बाद घर में खुशी का माहौल था, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। शादी के लगभग 15 दिन बाद वह गांव के एक ठेकेदार के साथ रोजगार के लिए दिल्ली चला गया था। बताया जाता है कि सुनील दिल्ली में एक निर्माणाधीन सात मंजिला इमारत में मजदूरी का काम कर रहा था। वह पिछले करीब 10 दिनों से वहां कार्यरत था। 31 मई को काम के दौरान अचानक ऊपरी मंजिल से नीचे गिर गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद वहां मौजूद लोगों ने पुलिस और संबंधित अधिकारियों को सूचना दी। दिल्ली में कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद मंगलवार को शव गांव लाया गया। जैसे ही शव डुमरामा पहुंचा। पूरे गांव में मातम छा गया। परिजनों की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो गया। नवविवाहिता पत्नी सीता कुमारी पति की मौत की खबर सुनकर बार-बार बेहोश हो रही है। माता-पिता समेत पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के पिता विजय चौधरी ने बताया कि सुनील परिवार का सहारा था और घर की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए दिल्ली गया था। उन्होंने प्रशासन से उचित मुआवजा और सहायता की मांग की है। इस हृदयविदारक घटना से गांव के लोग भी स्तब्ध हैं। ग्रामीणों ने शोक व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता दिलाने की मांग प्रशासन से की है।

# 15 साल पुराने दुष्कर्म मामले में साक्ष्य कमजोर, एडीजे-3 कोर्ट से आरोपित बरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** डोभी थाना कांड संख्या 40/19 से जुड़े बहुचर्चित दुष्कर्म मामले में एडीजे-3 अमरजीत कुमार की अदालत ने आरोपी शिवकुमार प्रसाद को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपों को संदेह से परे साबित करने में सफल नहीं हो सका, इसलिए आरोपी को दोषी ठहराना न्यायोचित नहीं होगा।

मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया कि वर्ष 2004 से पीड़िता के साथ यौन शोषण किया गया तथा उसकी शादी के बाद भी यह सिलसिला जारी रहा। अभियोजन ने पीड़िता और उसकी बहनों की गवाही के आधार पर आरोपी को दोषी करार देने की मांग की। वहीं बचाव पक्ष के अधिवक्ता मनोज कुमार सिंह ने अदालत में दलील दी कि मामला पारिवारिक एवं संपत्ति विवाद से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि कथित घटनाओं के कई वर्षों बाद प्राथमिकी दर्ज कराई गई और उपलब्ध साक्ष्य आरोपों की पुष्टि नहीं करते हैं। बचाव पक्ष ने गवाहों के बयानों में मौजूद विरोधाभासों की ओर भी अदालत का ध्यान आकर्षित किया। अदालत ने रिकॉर्ड पर उपलब्ध दस्तावेजों, गवाहों के बयानों और दोनों पक्षों की दलीलों का विस्तृत परीक्षण किया। सुनवाई के बाद न्यायालय ने माना कि अभियोजन पक्ष आरोपों को पर्याप्त और विश्वसनीय साक्ष्यों से सिद्ध नहीं कर सका। इसके आधार पर आरोपी को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया गया।


# किसानों को जैविक खेती और आय बढ़ाने के दिए गए टिप्स

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** किसानों की आय बढ़ाने और खेती को अधिक लाभकारी बनाने के उद्देश्य से कृषि विज्ञान केंद्र, आमस द्वारा पिंजरा गांव में 'खेत बचाओ अभियान' के तहत एक दिवसीय कृषि जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, जैविक खेती, फसल सुरक्षा और मौसम आधारित खेती की विस्तृत जानकारी दी गई। कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक विमलेश पांडे और वैज्ञानिक सुनील चौधरी ने कहा कि जैविक खेती अपनाने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनी रहती है तथा बेहतर गुणवत्ता की उपज प्राप्त होती है। उन्होंने किसानों से रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम कर जैविक संसाधनों के उपयोग को बढ़ावा देने की अपील की।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना (नोटिस)**



PROCLAMATION REQUIRING THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED

(U/s 84 of the BNSS)

FORM NO.5

WHEREAS a complaint has been made before me that Rahimtullah Ansari @ Ramtullah Ansari aged 19 years S/o- Serajuddin Ansari R/o- Bahiyar Khurd P.s. Ramna Dist- Garhwa (name, description and address) has committed (or is suspected to have committed) the offence of Rape, Criminal intimidation, punishable under section 69/89/3(5) of the Bharatiya Nyaya Sanhita, 2023, and it has been returned to a warrant of arrest thereupon issued that the said Rahimtullah Ansari @ Ramtullah Ansari (name) cannot be found, and whereas it has been shown to my satisfaction that the said Rahimtullah Ansari @ Ramtullah Ansari (name) has absconded (or is concealing himself to avoid the service of the said warrant);

Proclamation is hereby made that the said Rahimtullah Ansari @ Ramtullah Ansari aged 19 years S/o- Serajuddin Ansari R/o- Bahiyar Khurd P.s. Ramna Dist- Garhwa is required to appear at the Court of Judicial Magistrate Ist class-, Sub-Divisional Courts, Nagar Untari, Dist-Garhwa (place) before this Court (or before me) to answer the said complaint on or before the 29th day of June, 2026, at 11:00 am.

Dated, this 08th day of May, 2026.

J.M.F.C
8/5/26

नाम– (1) रहिमतुलाह अंसारी उर्फ रमतुल्लाह अंसारी उम्र–19 वर्ष करीब, पिता–सेराजुद्दीन अंसारी, पता–ग्राम+पो0–बहीयार खूर्द, थाना–रमना, जिला–गढ़वा राज्य–झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप रमना थाना कांड सं0–137/2025, दिनांक–23.12.2025 धारा–69, 89, 3(5) बी0एन0एस0 2023, परि0 धारा–69, 64(2)(M), 351(3) बी0एन0एस0 2023 एवं 04/06 पोक्सो एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे हैं। आपके विरुद्ध माननीय न्यायालय श्री शैलेन्द्र कुमार नापित न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी, नगर उंटारी, जिला–गढ़वा झारखण्ड के द्वारा दिनांक–08.05.2026 को इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक–20.05.2026 को आपके घर पर उक्त इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। परन्तु आप अपने घर से फिरार है। उक्त इश्तिहार में आपको दिनांक–29.06.2026 तक माननीय न्यायालय श्री शैलेन्द्र कुमार नापित न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी, नगर उंटारी, जिला–गढ़वा झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया गया है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक–29.06.2026 तक माननीय न्यायालय श्री शैलेन्द्र कुमार नापित न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी, नगर उंटारी, जिला–गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

PR 381331 Police (26-27)_D

पुलिस अधीक्षक, गढ़वा



## Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited

Electric Supply Area, Medininagar *(CIN:U40108JH2013SGC001702)*

*Regd. Office :By Pass Road, Sudna, Medininagar,822102 email:gm_mdnjseb@yahoo.in*

*Telephone:-06562-295539*

**Online tender for short e-procurement of materials under O&M head 2026-27 under Electric Supply Area, Medininagar .**

**e-procurement NIT No.-128/PR/JBVNL/2026-27 under O&M Head.**

Online Tenders are invited from reputed and experienced Manufacturers having adequate manufacturing capability & best testing facilities and permanently registered with SSI/MSME/NSIC units OR Authorized dealer/ Financially Sound & reputed regular supplier firms authorized by such principle manufacturers having best testing facilities conforming to standard specification for supply of under mentioned different types of materials under O&M Head for the financial year 2026-27.

Manufacturing,testing & supply of following O&M Materials:-

| Sl. No. | Name of Materials | Unit | O&M Quantity | Earnest Money (in Rs.) | Cost of BOQ (Non Refundable) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | MCCB for 160 Amp suitable for LTDB | Nos. | 200 | Rs 36,200/- | Rs 5000/- GST Rs 900/- Rs 5900/- |
| 2 | MCCB for 200 Amp suitable for LTDB | Nos. | 100 | | |

| | |
|---|---|
| Availability of tender document on website | Date 05.06.2026 time 02.00 PM |
| Start date and time for uploading of E-Tender with **Online Payment** towards cost of BOQ, Earnest Money and other document etc | Date 05.06.2026time 02.00 PM |
| Pre Bid Meeting | Date 12.06.2026 time10.00 AM |
| Last date and time for uploading of E-Tender with **Online Payment** towards cost of BOQ, Earnest Money and other document etc | Date 19.06.2026 time01.00 PM |
| Date and time for opening of Techno commercial part. | Date 20.06.2026time 15.00 PM |
| Date and time for opening of tender Part-II(Price Part) | To be Further communicated |
| Tendering Officer and address for communication | GM-cum-CE, Electric Supply Area, Medininagar |
| Bid Processing Fees | Rs. 5,900/- |
| EMD | Rs. 36,200/- |
| Tender Value | Rs. 18,05,400 |
| Offer Validity (Days) | 180days from last date of Bid Opening. |

a) **No. of Items/quantity may be Increased or decreased.**
b) Due date as stated above may be extended at the discretion of the Nigam and in event of any such extension the extended date will be applicable.
c) In case of the above date is declared holiday by nigam/ local administration the stipulated date will automatically get extended to next working days.
d) Note:- JBVNL reserves the right to cancel this Bid /or invite fresh Bid with or without amendments to the Bid document, without any liability or any obligation without assigning any reason at any point of time.
e) The requirement mentioned in the tender notice and general conditions is tentative and is subject to increase or decrease at the time of finalization of the tender.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
GM-cum-CE
ESA, Medininagar

PR 381297 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd)26-27*D

संपादकीय

# पंजाब : आप की पकड़ बरकरार

पंजाब में हाल में सम्पन्न स्थानीय निकाय चुनावों में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) की शानदार जीत से साफ हो गया है कि राज्य में आप की पकड़ मजबूत है और अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में उसे चुनौती देना विपक्षी पार्टियों के लिए आसान नहीं होगा। हालांकि इन नतीजों से पंजाब की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस में कोहराम मचा है, क्योंकि उसे उम्मीद थी कि अगर सत्ता के इस सेमीफाइनल में वो अच्छा प्रदर्शन करती है तो अगले साल विधानसभा चुनाव में उसकी सत्ता में वापसी के आसार प्रबल होंगे। लेकिन कांगेस नगरीय निकायों पर कब्जे के मामले में दूसरे नंबर पर रही है, जबकि बंगाल चुनाव में बंपर जीत के बाद पंजाब भी जीतने के दावे करनी वाली भाजपा चौथे क्रंमाक पर रही है। उसके लिए राहत की बात इतनी है कि एक नगर निगम पर उसने भगवा फहरा दिया है, इससे उसका हौसला जरूर बढ़ा है। जबकि बरसों भाजपा के साथ में और सत्ता में रही शिरोमणि अकाली दल (शिअद) तीसरे नंबर पर रही है। पंजाब में कुल 102 नगरीय निकायों के लिए चुनाव सम्पन्न हुए थे। इनमें से कुल 925 सीटें जीत कर पहले नंबर पर रही है। 374 सीटें जीतकर कांग्रेस ने दूसरे और 189 सीटों पर विजय प्राप्त कर अकाली दल तीसरे नंबर पर रही है। जबकि भाजपा को 167 सीटों पर और निर्दलीय उम्मीदवारों को 248 सीटों पर जीत हासिल हुई है। यानी संख्या के हिसाब तो निर्दलीय तीसरे नंबर पर रहे हैं, जिनकी संख्या कांग्रेस के विजयी प्रत्याशियों से थोड़ी ही कम है। अगर यही ट्रेंड विधानसभा चुनाव में रहा तो राज्य में विस चुनाव बेहद दिलचस्प होंगे। इन नतीजों के बाद राज्य में सत्तासीन आप के हौसले बुलंद हो गए हैं। यह भी साफ हो गया है कि पिछले दिनो आप के सात राज्यसभा सांसदों के भाजपा में पाला बदल का कोई असर इन चुनावों में नहीं दिखाई दिया। वैसे भी यह कहा जा रहा था कि जो सांसद भाजपा में गए हैं, उनकी पंजाब में कोई राजनीतिक जमीन नहीं है। आप की जीत के साथ महीनों से लगभग खामोश बैठे आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने एक वीडियो में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर यह कहकर हमला किया कि देश को एक पढ़ा-लिखा प्रधानमंत्री चाहिए, ताकि प्रवेश परीक्षाओं में धांधलियों को रोका जा सके। जबकि इन नतीजों के बाद विपक्षी कांग्रेस में अंतर्कलह शुरू हो गई है। इस हार के लिए वरिष्ठ नेता एक दूसरे को कटघरे में खड़ा कर रहे हैं। अगर कांग्रेस में यह गुटबाजी और कलह नहीं रूकी तो अगले विधानसभा चुनाव में भी उसके जीतने की संभावनाएं न्यून हो जाएंगीं। इसी प्रकार अकालीदल भी सुखबीर सिंह बादल के नेतृत्व में कुछ खास नहीं कर पा रहा है। भाजपा से अपना बरसों पुराना गठबंधन तोड़ने के बाद राजनीतिक रूप से अकाली दल को कुछ भी हासिल नहीं हुआ है। आगे भी खास संभावनाएं नहीं दिख रही हैं। इस बीच भाजपा ने पंजाब में अपनी स्थिति कुछ मजबूत की है। इसके अलावा उसने डॉ.केवल सिंह ढिल्लो को पार्टी का प्रदेशाध्यक्ष बनाकर नया दांव खेला है। भाजपा की कोशिश अब सिख वोटों को बांटने की है। डॉ.केवल सिंह ने कहा कि पंजाब में भाजपा रामराज्य और सरकार ए खालसा के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ेगी। अभी तक भाजपा वहां मुख्य रूप से हिंदू वोटों को एक करने के मकसद से काम कर रही थी। इसलिए सुनील जाखड़ को प्रदेशाध्यक्ष बनाया गया था। लेकिन अब पार्टी सिखों के बीच सेंधमारी करने की राह पर आगे बढ़ रही है। उसका मानना है कि हिंदू वोट उससे नहीं छिटकेगा। पार्टी की इस रणनीति का कितना असर होता है, यह देखना होगा।

# आस्थाएं और परम्पराएं धर्म नहीं होती

**नौ सदस्यीय बैंच की अध्यक्षता सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश श्री सूर्यकांत कर रहे थे और यह बैंच सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश को लेकर याचिका की सुनवाई कर रही है साथ ही दाउदी बोहरा**

**समुदाय की 1986 में दाखिल की गई पीआईएल, की भी सुनवाई कर रही है, जिसमें उन्होंने धर्म से बहिष्कृत करने के कानून पर रोक लगाने के संबंध में बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी है।**



भारत के सर्वोच्च न्यायालय में नौ जजों की पीठ ने सुनवाई करते हुये कहा कि अगर लोग धार्मिक प्रथाओं या धर्म से जुड़े मामलों को लेकर संवैधानिक अदालत में सवाल उठाने लगेंगे तो अलग-अलग राज्यों में सैकड़ों याचिकायें आ जायेंगी। इससे धर्म और सभ्यता के टूटने की स्थिति बन जायेगी। हालांकि खंडपीठ की बैठक में कुछ ही दिनों पूर्व मुख्य न्यायाधीश ने टिप्पणी की थी कि आस्था और परंपराओं को सुनना संवैधानिक अधिकार है। इनके इस यूटर्न के पीछे क्या कारण है, यह वही बता सकते हैं। इस नौ सदस्यीय बैंच की अध्यक्षता सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश श्री सूर्यकांत कर रहे थे और यह बैंच सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश को लेकर याचिका की सुनवाई कर रही है साथ ही दाउदी बोहरा समुदाय की 1986 में दाखिल की गई पीआईएल, की भी सुनवाई कर रही है, जिसमें उन्होंने धर्म से बहिष्कृत करने के कानून पर रोक लगाने के संबंध में बोम्बे हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी है।

यह पीठ अलग-अलग धर्मों की धार्मिक स्वतंत्रता की सीमा और उनके दायरे पर भी सुनवाई कर रही है। सुनवाई अभी जारी है परंतु सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणी चिंताजनक है। इसके पहले सर्वोच्च न्यायालय कई ऐसे निर्णय कर चुका है जिनमें कानूनी प्रावधानों को छोड़कर आस्था, विश्वास या जनमत के बहुमत की अपेक्षा के आधार पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसले दिए हैं। पूर्व मुख्य न्यायाधीश श्री वाई वी चंद्रचूर्ण ने तो सेवानिवृत्ति के बाद अपने एक साक्षात्कार में कहा भी था कि अयोध्या के मामले में फैसला देना बहुत कठिन था क्योंकि यह करोड़ों लोगों की आस्था का सवाल था। याने एक प्रकार से परोक्ष रूप से उन्होंने यह स्वीकार किया कि अयोध्या मामले का सुप्रीम कोर्ट का फैसला वैधानिक आधार पर नहीं बल्कि आस्थाओं के आधार पर था। अब उसी बात को वर्तमान सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश भिन्न शब्दों में दोहरा रहे हैं।

मैं सर्वोच्च न्यायालय की इस टिप्पणी के पीछे न केवल असंवैधानिक दृष्टिकोण देख रहा हूँ, बल्कि कई प्रकार के भविष्य के खतरे भी देख रहा हूँ। कल अगर किसी विश्व के न्यायिक मंच पर भारत के सर्वोच्च न्यायालय के फैसलों की पृष्ठभूमि पर चर्चा होगी तो क्या भारत की संपूर्ण न्यायपालिका एक असंवैधानिक निर्णय लेने वाली कमजोर न्यायपालिका के रूप में नहीं जानी जायेगी?

दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष यह भी है कि आस्था और विधान में फर्क होता है। आस्थायें समग्र समाज के छोटे-बड़े हिस्सों की अलग अलग हो सकती है परंतु संविधान के प्रावधान और विधान जो देश की निर्वाचित संसद के बहुमत के आधार पर बनाया जाते है उसका जनसमर्थन का दायरा समूहों की तुलना में कहीं अधिक हो जाता है। जब भारत का संविधान बना था तब तत्कालीन संविधान सभा ने लगभग आम राय से संविधान को स्वीकृत किया था। अनेक सवालों पर परस्पर मतभेद थे, लंबी-लंबी बहसें हुईं और अंत में सबने मिलकर एक राय से फैसला किया। ये निर्णय एक प्रकार से समूचे देश के निर्णय थे, किसी समुदाय विशेष के नहीं। हालांकि अनेकों ऐसे कानून हैं जो बहुमत ने पारित किये और उनके पीछे उतनी सार्वदेशिक सहमति भले ही न हो जो संविधान निर्माण के समय रही थी परंतु देश के जनमत के बहुमत का समर्थन उसके पीछे था।

आस्थाओं का कोई आधार नहीं होता और परंपरायें भी कई बार समाज अपने समय के अनुकूल व जरुरतों के आधार पर बनाता है। जिनमें सभ्य समाज समय समय पर, वर्तमान काल के अनुसार परिवर्तन करता है, और यही प्रगतिशीलता है।

जब ब्रिटिशकाल में राजा राममोहनराय के मुकदमे में ब्रिटिश सरकार ने सती प्रथा पर रोक लगाई थी तो वह एक प्रकार से हिंदु समाज की आस्थाओं और परंपराओं पर रोक थी। हिंदू समाज में और विशेषतरू बाम्हो समाज व अन्य कई समाज में यह परंपरा थी कि पति की मृत्यु के बाद पत्नी को पति के साथ अग्नि में प्रवेश करना चाहिए। यह उनके सतीत्व की कसौटी या परीक्षा भी थी और उनके देवी बनने की प्रक्रिया थी जो महिलायें सती बनती थीं उन्हें सती माता या सती देवी के रूप में समाज पूजता था। ज्यादातर सती हुई महिलाओं के मंदिर बने हैं। सती सावित्री का किस्सा तो अमूमन उद्धित किया जाता है। दरअसल यह परंपरा पुरुष प्रधान समाज या पुरुष एकाधिकारी समाज में उपजी थी जिसमें स्त्री का भविष्य पुरुष के साथ जुड़ा था। मान लो कल कोई याचिका सती प्रथा समाप्त करने वाले उस ब्रिटिश कानून के खिलाफहो या कुछ लोग यह कहें कि यह हमारी आस्था व परंपरा है तो क्या भारत का सर्वोच्च न्यायालय उस ब्रिटिश काल के कानून को रद्दकर सती प्रथा को पुनरूचालू करने की अनुमति देगा? जो टिप्पणी सबरीमला मंदिर के मामले में या दाउदी बोहरा समाज की अपील मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने की है वह तो यह संकेत देती है कि सर्वोच्च न्यायालय ऐसी याचिका को स्वीकृत कर सकता है। ऐसे कितने प्रकरण बताये जा सकते हैं जहां पर परंपराओं को जो कालवाह्य हो चुकी है या अमानवीय थी या अतार्किक थी उन्हें कानून के माध्यम से रोकने का काम न्यायपालिका और विधायिका ने किया है। एक जमाने में हमारे देश के गाँव-गाँव में बेगार प्रथा थी। मजदूरों को जमींदारों के लिये बगैर पारिश्रमिक बेगारी करना होती थी, हमारे यहां बंधुआ मजदूरी भी थी, संसद ने कानून बनाकर बेगार प्रथा पर प्रतिबंध लगाया। बंधुआ मजदूर कानून तो सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टि पी एन भगवती की पहल पर भारत की सरकार और संसद ने बनाया था और एक अर्थ में देश की यह प्रगतिशीलता थी। क्या कल आस्था और परंपरा के नाम पर सर्वोच्च न्यायालय बेगारी प्रथा उन्मूलन कानून या बंधुआ उन्मूलन कानून को समाप्त करने की अनुमति देगा?

जो टिप्पणी सर्वोच्च न्यायालय ने की है अगर उसे व्यापक फलक पर देखा जाए तो यह निष्कर्ष निकलता है कि सर्वोच्च न्यायालय इन प्रगतिशील कानूनों को आस्था व परंपरा के नाम पर रद्द कर सकता है। ऐसी कुपरंपरायें केवल हमारे हिंदु धर्म या समाज में नहीं बल्कि कमोवेश सभी धर्मों में रही है। जिन्हें प्रगतिशील आंदोलनों ने बदलने के लिये अभियान चलाये हैं। आज ईरान में बुर्का तो छोड़ो हिजाब के खिलाफभी लड़कियां आंदोलन कर रही हैं। महीसा अमीनी की मौत पुलिस हवालात में हुई और लगभग 4500 लड़कियां मारल पुलिस की कार्यवाही के नाम पर जेल में है। क्या सर्वोच्च न्यायालय यह चाहेगा कि हिंदुस्तान में ऐसी मारल पुलिस शुरू हो? 18वीं और 19वीं सदी के आरँभ तक देश में या हमारे भारतीय समाज में, पर्दा प्रथा आम थी जिसे 19वीं सदी के मध्य के बाद समाज ने काफी हद तक त्याग दिया। कल कोई याचिका पेश करके कहे कि पर्दा प्रथा हमारी आस्था है और परंपरा है, तो क्या सर्वोच्च न्यायालय उसे स्वीकृति प्रदान करेगा? दाउदी बोहरा समाज में कुछ परंपरायें काफी अमानवीय थी और जिसके खिलाफ उनके समाज के भीतर से ही लोगों ने अभियान व आंदोलन शुरू किये थे। आंदोलन करने वाले दाउदी बोहरा समाज के कई प्रमुख लोगों को शारीरिक हमले तक सहने पड़े और अपमानित होना पड़ा था। तब जाकर ऐसी अमानवीय परंपराओं पर रोक लगी थी। समाज से बहिष्कृत किये जाने के भय से लोग उन परंपराओं को मानने के लिये बाध्य होते थे। एक लंबे आंदोलन के बाद 1962 में बाम्बे धर्म बहिष्कार निवारण अधिनियम 1949 को रद्द कर दिया गया तथा ऐसी अनुचित अमानवीय परंपराओं को न मानने के आधार पर उन्हें धर्म से बहिष्कृत करने पर वैधानिक रोक लगाई गई थी। अब क्या सर्वोच्च न्यायालय आस्था के नाम पर फिर उस दौर को वापिस लायेगा? ऐसी परंपरायें अन्य धर्मों में भी हैं। इस्लाम में भी हलाला की परंपरा आज के समाज में उचित नहीं मानी जा सकती। बहुत सारे मुस्लिम भाई भी इस परंपरा से दुखी हैं और अपनी बातचीत में इसे गलत बताते हैं। परंतु धर्म और आस्था के नाम पर भयभीत होकर घुटते रहते हैं। सार्वजनिक रूप से कुछ कह नहीं पाते। ऐसे कई मित्रों व उनकी पीड़ा को मैं निजी रूप से जानता हूँ।

भारत के सर्वोच्च न्यायालय को भी विचार करना चाहिए कि आस्था या परंपरायें परंपरा धर्म नहीं होती। परंपरायें वे एक दौर के समाज के द्वारा किसी कालखण्ड में, तात्कालिक उपयोगिता के कारण बनाई गई होती है। धर्म तो मानवता है, समता है, अन्याय का प्रतिकार है और दूसरे के दुखों में सहभागिता है। आस्थायें भी धर्म नहीं होती। आस्थाओं को तो समाज व्यक्ति को उसके जन्म के साथ और उसके परिवार की परंपराओं व चलन के साथ प्रेरित करता है। क्या आस्था का कोई अंत हो सकता है? आस्था तार्किक और अतार्किक दोनों हो सकती है। कुछ वर्षों पूर्व छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में एक घटना घटित हुई थी। वहां सवर्ण समाज के एक व्यक्ति की जमीन पर कुछ सतनामी भाईयों ने जैतखंभ गाड़ दिया और इसका कारण बताया गया कि एक व्यक्ति ने कहा है कि मुझे स्वप्न आया कि यहां पर जैतखंभ था तथा बड़ी संख्या में लोग उस जमीन पर अपनी धार्मिक क्रियायें करने लगे। जमीन के मालिक बेचारे दर-दर भटके। विधायक, सांसद, सरकार तक को याचनायें की परंतु कोई परिणाम नहीं निकला। क्योंकि वोट के लिये सभी चुप थे। अंत में बिलासपुर उच्च न्यायालय ने उस पर रोक लगाई, फलस्वरूप जमीन के वैधानिक मालिक को उसका अधिकार व जमीन वापिस मिल सकी। क्या अब इस आस्था के तर्क पर सारे कायदे कानून समाप्त हो जायेंगे इससे एक प्रकार की अराजकता पैदा नहीं होगी? सर्वोच्च न्यायालय ने धार्मिक प्रथाओं के बारे में सुनवाई करते हुये कहा कि अगर धार्मिक प्रथाओं पर कोर्ट में सवाल उठे तो धर्म और सभ्यता टूट सकती है। यह माननीय सर्वोच्च न्यायालय का बहुत ही अवैधानिक कथन है। आस्थाओं को तर्क की कसौटी पर कसने, परंपराओं को वर्तमान के काल की जरूरतों के चश्मे से देखने से धर्म टूटेगा नहीं बल्कि धर्म मानवीय, व्यापक व विस्तारित होगा। सभ्यता नहीं टूटेगी बल्कि सभ्यता में छिपी या घुसी हुई जो असभ्य प्रवृत्तियां हैं वह हटेगी और सभ्यता परिष्कृत होगी।

अध्यात्म

## शिक्षक का पेशा बहुत पवित्र तथा ईमानदारी वाला होता है!



एक बार बाल गंगाधर अपने कुछ मित्रों के साथ बात कर रहे थे। उन दिनों उन्होंने वकालत पास की थी। एक मित्र बोला, 'तिलक, वकालत तो तुमने पास कर ली है। किंतु आगे के लिए क्या सोचा है? क्या अब सरकारी नौकरी करोगे याकिसी कोर्ट कचहरी में वकालत?' मित्र की बात सुनकर तिलक बोले,'अब तुमने पूछ ही लिया है तो सुन लो। मुझे ऐसे पैसे की जरूरत नहीं जो मुझे सरकार का गुलाम बना कर रखे। मैं ऐसी वकालत नहीं करना चाहता जहां दिन में कई बार झूठ बोलना पड़े।'?

बात आई-गई हो गई। सभी अपने-अपने कामों में लग गए। एक दिन उनकी मित्र-मंडली को पता चला कि बाल गंगाधर ने एक स्कूल में पढ़ाना शुरू कर दिया है। तनख्वाह है तीस रुपए महीना। यह सुनकर उस मित्र को सबसे ज्यादा आश्चर्य हुआ जिसने कुछ समय पूर्व उनका मन जानना चाहा था। वह सीधे तिलक के पास जा पहुंचा और बोला, 'यह तुमने क्या किया तिलक? वकालत की डिग्री लेकर अध्यापक क्यों बने? क्या तुम शिक्षकों की आर्थिक स्थिति के बारे में नहीं जानते? दोस्त! जब तुम अंतिम सांस लोगे, तब तुम्हारे दाह-संस्कार के लिए भी घर में कुछ नहीं होगा।'

मित्र की बात सुनकर तिलक मुस्कुराते हुए बोले, 'मैंने जो पेशा चुना है वह बहुत पवित्र है, ईमानदारी वाला है। रही अंतिम समय की बात तो मेरे दाह संस्कार का प्रबंध नगरपालिका कर देगी। मैं इसकी चिंता क्यों करूं?' तिलक की बात सुनकर मित्र हैरान रह गया। उसने आज तक संतुष्टि के ऐसे भाव किसी व्यक्ति में नहीं देखे वह मन ही मन तिलक के प्रति श्रद्धा से अभिभूत हो गया।

# अन्नदाता ही नहीं, ऊर्जादाता भी बनें किसान

**भारत का किसान सदियों से देश का पेट भरता आया है, लेकिन विडंबना यह है कि वही किसान आज भी अपनी आय, सम्मान और भविष्य की लड़ाई लड़ रहा है। खेतों में हरियाली उगाने वाले हाथ आज भी आर्थिक असुरक्षा से घिरे हैं। प्रश्न यह है कि क्या इक्कीसवीं सदी में भी किसान की भूमिका केवल अनाज पैदा करने तक सीमित रहनी चाहिए? जब दुनिया ऊर्जा, तकनीक और हरित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रही है, तब भारतीय किसान को केवल 'अन्नदाता' कहकर छोड़ देना उसके सामर्थ्य को कहीं ना कहीं सीमित करना है। समय की मांग है कि किसान को 'ऊर्जादाता' और 'ईंधनदाता' के रूप में भी देखा जाए। और उन्हें उसी क्रम में सशक्त बनाने की और क़दम उठायें जाएँ।**



भारत आज दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा खाद्यान्न उत्पादक देश है। कृषि मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2024-25 में देश में लगभग 330 मिलियन टन से अधिक खाद्यान्न उत्पादन हुआ। लेकिन इसी भारत में हर वर्ष करोड़ों टन कृषि अवशेष या तो सड़ जाते हैं या जला दिए जाते हैं। पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पराली जलाने की समस्या केवल प्रदूषण का मुद्दा नहीं, बल्कि नीति और दृष्टि की कमी का भी परिणाम है। जिस पराली को किसान मजबूरी में आग के हवाले करता है, वही यदि बायो-सीएनजी, बिजली और इथेनॉल उत्पादन में उपयोग हो, तो किसान प्रदूषण का कारण नहीं बल्कि समाधान बन सकता है। हम यहाँ पराली जलाने को प्रदूषण फैलाने का प्रमुख कारक नहीं मान रहे बल्कि उस क्रम को दूसरे उपक्रम से जोड़ने की ओर देख रहे हैं। भारत सरकार ने बीते वर्षों में जैव ईंधन को लेकर महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। पेट्रोल में इथेनॉल मिश्रण वर्ष 2014 में जहां लगभग 1.5 प्रतिशत था, वहीं 2025 तक यह 20 प्रतिशत लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। नीति आयोग और पेट्रोलियम मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार इससे अब तक हजारों करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा की बचत हुई है और गन्ना किसानों को अतिरिक्त आय मिली है। केवल गन्ना ही नहीं, मक्का, टूटे चावल और कृषि अपशिष्ट भी अब ऊर्जा अर्थव्यवस्था का हिस्सा बन रहे हैं। यह बदलाव केवल आर्थिक नहीं, वैचारिक भी है। भारतीय साहित्य ने हमेशा किसान को संघर्ष और संवेदना के केंद्र में रखा है। प्रेमचन्द की गोदान का होरी केवल एक किसान नहीं, भारतीय गांव की आत्मा के रूप में हमने पढ़ा है। होरी का सपना बहुत बड़ा नहीं था, बस सम्मान के साथ जी लेना चाहता था। लेकिन आज का किसान केवल जीवित रहने की नहीं, आगे बढ़ने की आकांक्षा रखता है। दुनिया के कई देशों ने कृषि को ऊर्जा और तकनीक से जोड़कर किसानों की आय में क्रांतिकारी बदलाव किए हैं। ब्राजील इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। वहां गन्ने से बनने वाला इथेनॉल दशकों से वाहनों के ईंधन के रूप में प्रयोग हो रहा है। ब्राज़ील के लगभग 70 प्रतिशत से अधिक वाहन 'फ्लेक्स फ्यूल' तकनीक पर चलते हैं। वहां किसान केवल खाद्य उत्पादन का हिस्सा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा का भी भागीदार है। जर्मनी में 9 हजार से अधिक बायोगैस संयंत्र कृषि और पशु अपशिष्ट से बिजली उत्पादन कर रहे हैं। वहां गांवों में किसान अपनी डेयरियों और खेतों के अवशेष से ऊर्जा बनाकर राष्ट्रीय ग्रिड तक बिजली पहुंचाते हैं। इसी प्रकार नीदरलैंड में सीमित भूमि के बावजूद तकनीकी खेती और ग्रीनहाउस मॉडल के माध्यम से कृषि निर्यात में विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। उधर इजराइल ने यह साबित किया कि पानी की कमी भी खेती को रोक नहीं सकती। वहां ड्रिप इरिगेशन, सेंसर तकनीक और डेटा आधारित खेती ने कृषि को अत्यधिक उत्पादक बना दिया। भारतीय किसान यदि ऐसी तकनीकों से जुड़े, तो कम पानी और कम लागत में अधिक उत्पादन संभव है। भारत में भी परिवर्तन की शुरुआत दिखाई दे रही है। राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र में किसान 'सोलर फार्मिंग' के माध्यम से अतिरिक्त आय अर्जित कर रहे हैं। 'पीएम-कुसुम योजना' के तहत लाखों सौर पंप लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इससे किसानों का डीज़ल खर्च घट रहा है और कई स्थानों पर किसान बिजली बेचकर भी आय प्राप्त कर रहे हैं। मैला आँचल पढ़ते हुए गांव की मिट्टी, श्रम और सामूहिक जीवन की महक महसूस होती है। फणीश्वर नाथ रेणु के गांव में किसान प्रकृति से जुड़ा हुआ है, लेकिन आज वही गांव तकनीक से भी जुड़ सकता है। खेतों में फसल के साथ सोलर पैनल, गांवों में बायोगैस संयंत्र और कृषि अवशेष से ईंधन उत्पादन यह केवल कल्पना नहीं, आने वाले भारत की वास्तविकता हो सकती है। अब कृषि में कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। अमेरिका, जापान और चीन जैसे देशों में ढ्ढ आधारित खेती ने उत्पादन लागत घटाई है और गुणवत्ता बढ़ाई है। सेंसर और ड्रोन की मदद से मिट्टी की नमी, पौधों की स्थिति और रोगों की पहचान पहले ही कर ली जाती है। एआई यह अनुमान भी लगा सकता है कि मौसम का फसल पर क्या प्रभाव पड़ेगा। इससे किसान समय रहते निर्णय ले सकता है। भारत में भी कई स्टार्टअप एआई आधारित कृषि तकनीकों पर काम कर रहे हैं। ड्रोन द्वारा कीटनाशक छिड़काव, मोबाइल एप के माध्यम से मौसम पूर्वानुमान और उपग्रह आधारित फसल विश्लेषण अब धीरे-धीरे गांवों तक पहुंच रहे हैं। यदि इन तकनीकों को पंचायत स्तर तक ले जाया जाए, तो खेती जोखिम आधारित नहीं बल्कि वैज्ञानिक और डेटा आधारित बन सकती है। लेकिन केवल तकनीक उपलब्ध कराना पर्याप्त नहीं है। सबसे बड़ी चुनौती कृषि शिक्षा को बदलने की है। आज भी अधिकांश कृषि विश्वविद्यालय पारंपरिक पाठ्यक्रमों में उलझे हुए हैं। कृषि शिक्षा में ढ्ढ, ड्रोन तकनीक, सोलर एनर्जी, बायोफ्यूल, एग्री-बिजनेस, डेटा एनालिटिक्स और जल प्रबंधन को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाना चाहिए। आईसीएआर द्वारा मान्यता प्राप्त कृषि संस्थान इस दिशा में कार्य भी कर रहे हैं, लेकिन इसमें और तेजी की जरूरत है। कृषि के छात्रों को केवल खेत तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि उन्हें ऊर्जा उद्योग, ग्रामीण स्टार्टअप और तकनीकी नवाचार से भी जोड़ा जाना चाहिए। गांव आधारित इंटर्नशिप, स्थानीय समस्या समाधान और कृषि उद्यमिता को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाना समय की आवश्यकता है। यदि कृषि शिक्षा रोजगार और नवाचार से नहीं जुड़ेगी, तो युवा खेती से दूर होते जाएंगे। भारतीय सिनेमा और साहित्य ने किसान की पीड़ा को हमेशा आवाज दी है। फ़िल्म दो बीघा जमीन का शंभू महतो हो या राग दरबारी के गांव, हर जगह किसान व्यवस्था और अभाव से लड़ता दिखाई देता है।

लेकिन अब समय किसान की नई छवि गढ़ने का है। ऐसी छवि जिसमें वह तकनीक से जुड़ा हो, ऊर्जा उत्पादक हो और आत्मनिर्भर ग्रामीण उद्यमी भी। आज गांवों से युवाओं का पलायन इसलिए बढ़ रहा है क्योंकि खेती उन्हें सम्मानजनक आय नहीं दे पा रही। यदि कृषि को ऊर्जा, तकनीक और उद्योग से जोड़ा जाए, तो गांवों में ही रोजगार पैदा होंगे। बायोगैस प्लांट, एथेनॉल इकाइयां, ड्रोन सेवा केंद्र और सोलर परियोजनाएं गांवों को नए आर्थिक केंद्रों में बदल सकती हैं। महात्मा गांधी ने कहा था कि 'भारत का हृदय गांवों में बसता है।' लेकिन उस हृदय को नई ऊर्जा देने की आवश्यकता है। किसान के हाथ में हल के साथ तकनीक भी हो, खेत में फसल के साथ ऊर्जा भी हो और गांव में परंपरा के साथ आधुनिकता भी, यही भविष्य के भारत की पहचान होगी। जिस दिन भारत का किसान केवल अन्नदाता नहीं बल्कि ऊर्जादाता और ईंधनदाता बन जाएगा, उस दिन देश की अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और ग्रामीण समाज, तीनों को नई दिशा मिलेगी। तब गांव केवल उपभोग का केंद्र नहीं, बल्कि ऊर्जा, नवाचार और आत्मनिर्भरता की प्रयोगशाला बनेंगे।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज आपका आत्मविश्वास बढ़ सकता है। नौकरी में नए अवसर मिल सकते हैं। सिद्ध योग आपके अधूरे कार्यों को पूरा कराने में मदद करेगा।

**वृषभ**
आज आर्थिक मामलों में लाभ मिलने के संकेत हैं। सिद्ध योग व्यापार में नई डील दिला सकता है। मानसिक तनाव कम करेगा। परिवार के किसी सदस्य से शुभ समाचार मिल सकता है।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक रह सकता है। करियर में उन्नति के संकेत दे रहा है। आपकी इच्छाशक्ति के प्रभाव से रुके हुए काम पूरे हो सकते हैं।

**कर्क**
आज भावनाओं पर नियंत्रण रखना जरूरी होगा। आज का दिन आपको आध्यात्मिक कार्यों की ओर आकर्षित कर सकता है। सिद्ध योग धन लाभ के अवसर दे सकता है।

**सिंह**
आज का दिन सफलता दिलाने वाला साबित हो सकता है। सिद्ध योग से कार्यक्षेत्र में सम्मान बढ़ सकता है। आज आपके आत्मबल मजबूत रहेगा।

**कन्या**
आज करियर में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। आज का दिन आपकी निर्णय क्षमता को मजबूत कर सकता है। सिद्ध योग से प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिलने के योग हैं।

**तुला**
आज का दिन शुभ साबित हो सकता है। सिद्ध योग से व्यापार में लाभ मिलने के संकेत हैं। आज का दिन मानसिक शांति देगा। जीवनसाथी का सहयोग मिलने के संकेत हैं।

**वृश्चिक**
आज कार्यक्षेत्र में मेहनत का पूरा फल मिल सकता है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। सिद्ध योग आर्थिक मामलों में सफलता दिला सकता है।

**धनु**
आज का दिन भाग्य का साथ दिलाने वाला रहेगा। सिद्ध योग से रुके हुए कार्य पूरे हो सकते हैं। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में पदोन्नति के योग बन रहे हैं। प्रेम जीवन अच्छा रहेगा।

**मकर**
आज सावधानी से काम लेने की जरूरत है। मानसिक संतुलन बनाए रखने में मदद करेगा। आर्थिक लाभ मिलने की संभावना है। परिवार के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा।

**कुंभ**
आज नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं। करियर में सफलता में योग हैं, आत्मबल बढ़ेगा,दांपत्य जीवन सुखद रहने के योग हैं।

**मीन**
आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। मानसिक शांति मिल सकती है। सिद्ध योग धन लाभ और कार्यों में सफलता दिला सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### भदौरा पैक्स चुनाव आज, चतुष्कोणीय मुकाबले में पिता-पुत्र आमने-सामने, कड़ी सुरक्षा में मतदान



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद मसौढ़ी के भदौरा पैक्स का चुनाव आज बुधवार को कड़ी सुरक्षा के बीच होगा। मंगलवार को सभी पोलिंग पार्टियों को रवाना कर दिया गया। भदौरा पंचायत में मतदाताओं के बीच चुनाव को लेकर खासा उत्साह है।अध्यक्ष पद के लिए इस बार चार उम्मीदवार मैदान में हैं। नागेश्वर प्रसाद सिंह, लक्ष्मण पांडे, रामदयाल सिंह और पवन कुमार के बीच मुकाबला है। दिलचस्प बात यह है कि पिता रामदयाल सिंह और पुत्र पवन कुमार आमने-सामने हैं। कुल 2672 मतदाता 4 मतदान केंद्रों पर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ प्रभाकर कुमार ने बताया कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पहचान पत्र की जांच के बाद ही मतदान होगा। गौरतलब है कि 25 जुलाई 2025 को हुए चुनाव में लक्ष्मण पांडे 85 वोट से जीते थे। लेकिन एक महीने के अंदर ही 6 नवनिर्वाचित सदस्यों ने इस्तीफा दे दिया, जिससे पैक्स भंग हो गया और चुनाव रद्द करना पड़ा। अब एक बार फिर मतदाता अपना अध्यक्ष चुनेंगे।

### 10 कैन बियर के साथ शराब सप्लायर गिरफ्तार



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शराबबंदी के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन के तहत एक्साइज पुलिस ने मंगलवार देर शाम को तारेगना रेलवे स्टेशन के पास से 10 कैन बियर के साथ एक बाइक सवार शराब सप्लायर को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। एक्साइज सुपरिटेंडेंट संजय कुमार चौधरी ने बताया कि सूचना मिली थी कि झारखंड से आने वाली एक्सप्रेस ट्रेनों से शराब की सप्लाई हो रही है। कई युवक पिट्ठू बैग में झारखंड से विभिन्न कंपनियों की शराब ला रहे हैं। इस सूचना पर टीम लगातार निगरानी कर रही थी। मंगलवार देर शाम आरोपी ट्रेन से उतरकर बाइक से शराब की सप्लाई करने की तैयारी में था। तभी एक्साइज पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। तलाशी में बाइक से 10 कैन बियर बरामद हुई। गिरफ्तार युवक की पहचान पुनपुन के धरहरा निवासी करण कुमार प्रताप उर्फ बिरजू केवट के रूप में हुई है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है कि शराब कहां से लाया था, कहां डिलीवरी करनी थी और इस नेटवर्क में कौन-कौन शामिल है।अधिकारियों के अनुसार झारखंड से शराब तस्करी की सूचना पर पहले भी कई बड़ी कार्रवाई की जा चुकी है। ऑपरेशन जारी है।

### किराना दुकान में गांजा की बिक्री, दुकानदार गिरफ्तार



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के बिरंची मोड़ के पास पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक किराना दुकान से 1 किलो गांजा बरामद किया है। गांजा बेचते हुए दुकानदार मिथलेश साव को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि बिरंची मोड़ स्थित किराना दुकान में गांजे की अवैध बिक्री हो रही है। सूचना पर थाना प्रभारी अमित कुमार ने टीम के साथ तुरंत छापेमारी की। तलाशी के दौरान दुकान से करीब 1 किलो गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बरनी गांव निवासी 55 वर्षीय मिथलेश साव, पिता स्व. बखोरी साव के रूप में हुई है। ग्रामीणों के अनुसार मिथलेश साव लंबे समय से दुकान की आड़ में गांजा बेचता था।थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

### पुनपुन में मवेशी चोरों का आतंक

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन थाना क्षेत्र में मवेशी चोरों का आतंक एक बार फिर बढ़ गया है। बीती रात नूरुद्दीन चक गांव में अज्ञात चोरों ने घर के बाहर बंधी भैंस और उसके बछड़े को खोलकर चुरा लिया। घटना के बाद इलाके के पशुपालकों में दहशत है।पीड़ित मवेशी मालिक नीरज कुमार, पिता शिवाजी राय ने पुनपुन थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। इस चोरी के बाद घर के बाहर मवेशी बांधने वाले सभी पशुपालक एक बार फिर से खौफ में हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इलाके में मवेशी चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा।

### ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात व्यक्ति की मौत

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेल थाना क्षेत्र के मोकामा एवं शिवनार हॉल्ट के बीच आज एक दर्दनाक हादसा हो गया। बायपास पुल के नीचे पोल संख्या 456/18 से 456/20 के बीच एक अज्ञात व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। रेल थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया मृतक की उम्र करीब 40 वर्ष है।शव किस ट्रेन की चपेट में आया, इसकी पुष्टि अभी नहीं हो पाई है। स्थानीय लोगों ने ट्रैक के किनारे शव पड़ा देखा, जिसके बाद मामले की सूचना रेलवे पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही जीआरपी और आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। अभी तक शव के पास से कोई पहचान पत्र या दस्तावेज बरामद नहीं हुआ है।

### मोकामा में अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शुक्रवार रात घोसवरी थाना क्षेत्र के तारतर गाँव में पुलिस को बड़ी सफलता मिली। गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध हथियार और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया।घोसवरी थानाध्यक्ष सत्यम तिवारी ने बताया कि तारतर निवासी रामनिवास जमादार के घर पर छापा मारा गया। तलाशी के दौरान घर से 1 देशी कट्टा, 3 जिंदा कारतूस, 1 खोखा और एक रायफल का बट बरामद हुआ।पुलिस ने आरोपी रामनिवास जमादार को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### भाई की हत्या कराने वाला आरोपित गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमीन विवाद में अपने ही सगे भाई की गोली मारकर हत्या कराने के मामले में फरार चल रहे नामजद आरोपी को धनरूआ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी दुखन सपेरा को नालंदा जिले के चिकसोरा से पकड़ा गया है।थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि 10 अगस्त 2025 को धनरूआ थाना कांड संख्या 496/25 दर्ज हुआ था। मृतक चेतनाथ सपेरा की पत्नी सुनैना देवी ने चार लोगों के खिलाफ नामजद ऋक्षकराई थी। मुख्य आरोपी अपने भैसुर दुखन सपेरा को बताया था। दरअसल सुनैना देवी ने आवेदन में बताया था कि 10 अगस्त को वह पति चेतनाथ सपेरा के साथ पैदल मुखिया से मिलने नेराबीघा जा रही थी। महमदपुर गांव के तालाब के पास बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी। गोली चेतनाथ के सीने में लगी। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सुनैना देवी ने आरोप लगाया था कि जमीन विवाद में भैसुर दुखन सपेरा ने ही हत्या करवाई है। पुलिस इसी बिंदु पर जांच कर रही थी। छापेमारी के दौरान मुख्य आरोपी दुखन सपेरा, पिता स्व. समुद्र नट, ग्राम चिकसोरा, नालंदा को गिरफ्तार कर लिया गया। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

### दनियावां में चालीस मामले शिविर में आए

**दनियावां/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दनियावां प्रखंड के बांकीपुर मछरियावां पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में कुल चालीस मामले आए।इनमें सर्वाधिक मामले राजस्व विभाग के 29,बिजली के 6, खाद्य आपूर्ति के 2,ग्रामीण विकास के 1, पंचायती राज 1,जल संसाधन के 1 मामले आए।सभी आवेदनों को संधारित कर लिया गया है।बीडीओ प्रियंका कुमारी ने बताया कि सभी मामलों का निष्पादन हेतु संधारित कराया जाएगा।

### वाहन चेकिंग अभियान, 70 हजार जुर्माना वसूला

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बढ़ते अपराध पर नियंत्रण के लिए मसौढ़ी पुलिस ने सघन वाहन चेकिंग अभियान तेज कर दिया है। रोज शाम 6 से 8 बजे तक चल रहे इस अभियान में अब तक 70 हजार रुपये जुमार्ना वसूला जा चुका है। कई बार चोरी की बाइक भी बरामद की गई हैं सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने के बाद पुलिस की कार्रवाई और सख्त हो गई है।

# सबका सम्मान जीवन आसान के तहत मसौढी, धनरूआ, पुनपुन में सहयोग शिविर आयोजित







**मसौढी में विधायक अरुण मांझी, पुनपुन में विधायक श्याम रजक, एमएलसी रवींद्र सिंह हुए शामिल**

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सरकार अब जनता की समस्याओं का समाधान पंचायत स्तर पर ही कर रही। इसी कड़ी में मंगलवार को सहयोग शिविर विभिन्न पंचायत में आयोजित की गई है जिसमें मसौढी में दो पंचायत नूरा और भगवानगंज एवं और नगर परिषद में शिविर का आयोजन किया गया।एवं धनरूआ मे बहरामपुर और बौरही पंचायत जबकि पुनपुन के पारथु मे शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर मसौढी में विधायक अरुण मांझी विभिन्न शिविर में कार्यक्रम का जायजा लिया जहाँ सभी विभागों के कर्मचारियों को कहा कि लगातार शिकायतें मिल रही है कि आम जनता का काम नहीं हो रहा है, कृषि विभाग में खाद्य को लेकर के उन्होंने निराशा जताई बिजली विभाग को कृषि फीडर के तहत मिलने वाले कनेक्शन में समस्या को बताया राजस्व विभाग में सबसे ज्यादा समस्या का अंबार देखा गया सबों को चेतावनी देते हुए कहा कि वैसे पदाधिकारी कर्मचारी जो काम करना नहीं चाहते हैं लापरवाही बरत रहे हैं। उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए लिखा जाएगा इसके अलावा बहरामपुर में बिजली विभाग के जेईई अनुपस्थित पाए गए जिन्हें जमकर भटकार लगाते हुए उन पर उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए चेतावनी दी हैं उन्होंने सहयोग शिविर में शामिल सभी पदाधिकारी को कहा कि जो कोई भी अगर अनुपस्थित रहेंगे उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। वही मीडिया से मुखातिब होते हुए विधायक ने कहा कि।सबका सम्मान जीवन आसान निश्चय के तहत जन समस्याओं के सामाधान को लेकर तकरीबन 19 विभागों के द्वारा सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। विधायक ने कहा की अपनी शिकायत लेकर प्रखंड या जिला मुख्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। सहयोग शिविर के माध्यम से राशन कार्ड, पेंशन, जमीन, बिजली, पानी, स्वास्थ्य और कृषि से जुड़ी समस्याओं का पंचायत स्तर पर ही त्वरित समाधान किया जाएगा। शिविर में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहें और प्राप्त आवेदनों का ऑन द स्पॉट निपटारा किया मौके पर कई वृद्धा पेंशन, राशन कार्ड सुधार और नल-जल योजना से जुड़े आवेदनों का निपटारा किया गया। कार्यक्रम में बीडीओ प्रभाकर कुमार, सीओ प्रभात रंजन, सीडीपीओ अनिता कुमारी, नगर परिषद में कार्यपालक पदाधिकारी राजू रंजन, मुख्य पार्षद पिंकी देवी शंभू सिंह,वही धनरूआ में बीडीओ सीमा कुमारी, मुखिया मृत्युंजय कुमार, जदयू पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा, बिजेपी नगर मंडल अध्यक्ष आशीष देव, मंडल अध्यक्ष अजित पांडे, भगवानगंज मुखिया नरेंद्र कुमार ,विनोद कुमार आदी शामिल रहे।

## स्वास्थ्य सेवा 'किराए' पर : मसौढ़ी में 18 उपकेंद्रों का अपना भवन नहीं,स्वास्थ्य सुधार के दावों की खुली पोल



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के सरकारी दावों के बीच मसौढ़ी प्रखंड की जमीनी हकीकत चौंकाने वाली है। यहां 18 प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र आज भी किराए के, जर्जर या अन्य सरकारी भवनों में चल रहे हैं। भवन न होने से मरीजों और स्वास्थ्य कर्मियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। बलियारी में पंचायत भवन, करवा में सामुदायिक भवन, वहीं पीपला, चिथौल, गोखुला, डेवां, खरौना, नदौल, नियामतपुर, पचपनपर, रौनिया, दहिभता, खरांट, अकौना, घोरहुआं, हांसाडीह, हरबंशपुर समेत 18 गांवों में उपकेंद्र किराए के मकानों में संचालित हैं। प्रखंड में सिर्फ 9 उपकेंद्रों के पास अपना भवन है। अधिकांश केंद्र जर्जर हालत में हैं। गंदगी, टूटी खिड़की-दरवाजों के बीच इलाज हो रहा है। भवन की कमी और बदहाली के कारण कई केंद्रों पर स्वास्थ्य कर्मी तैनात नहीं रहते, जिससे प्राथमिक इलाज भी बाधित हो रहा है। सरकार ने पंचायतवार उप स्वास्थ्य केंद्र से बेहतर इलाज का वादा किया था, लेकिन भवन बिना ये केंद्र बेअसर साबित हो रहे हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. रामानुज ने कहा कि भवन निर्माण का प्रस्ताव सरकार को भेजा गया है। लगातार सूचना दी जा रही है। मसौढ़ी पीएचसी का भवन भी कई हिस्सों में जर्जर है, जिसके निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजा गया है।

## मोकामा में आरपीएफ का जागरूकता अभियान, छात्रों को रेल सुरक्षा का दिया पाठ

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे सुरक्षा बल मोकामा द्वारा आज राम रतन सिंह कॉलेज में छात्र-छात्राओं के लिए एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व निरीक्षक प्रभारी मोकामा रविन्द्र कुमार यादव ने अपनी टीम के साथ किया। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के शिक्षकगण भी उपस्थित रहे।आरपीएफ अधिकारियों ने छात्रों को स्पष्ट रूप से बताया कि चलती ट्रेन में बिना उचित कारण चेन पुलिंग करना कानूनन अपराध है। इससे ट्रेन का समय बाधित होता है और रेलवे को आर्थिक नुकसान पहुंचता है।चलती ट्रेन पर पत्थर फेंकने से रेल संपत्ति को नुकसान होता है और खिड़की के पास बैठे यात्रियों को गंभीर चोट लग सकती है।निरीक्षक प्रभारी ने कहा कि रेल संपत्ति को नुकसान पहुंचाने या यात्रियों की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध रेलवे अधिनियम के तहत कठोर कानूनी कार्रवाई की जाती है, जिसमें जुमार्ना और जेल दोनों का प्रावधान है।

## सहयोग शिविर में सुनी गई जनसमस्याएं, त्वरित समाधान का आश्वासन



**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज नगर पंचायत के वार्ड संख्या 1, 2 एवं 3 के संयुक्त तत्वावधान में उच्च विद्यालय पालीगंज परिसर में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी विभिन्न समस्याओं और शिकायतों को लेकर पहुंचे। शिविर में नगर पंचायत की कार्यपालक पदाधिकारी भावना, पालीगंज थानाध्यक्ष सुमन कुमार, स्वास्थ्य विभाग के डॉ. समीर वर्मा एवं डॉ. सुष्मिता शर्मा , बिजली विभाग के एसडीओ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए आवश्यक पहल की। कार्यपालक पदाधिकारी भावना ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य वार्ड स्तर पर ही नागरिकों की समस्याओं का त्वरित एवं सरल समाधान उपलब्ध कराना है, ताकि लोगों को सरकारी कार्यालयों के बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। वहीं थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने कहा कि ऐसे शिविरों से आम जनता को काफी सुविधा मिलती है और उन्हें अधिकारियों से सीधे संवाद का अवसर प्राप्त होता है।

शिविर के दौरान अधिकारियों ने कई आवेदन मौके पर ही प्राप्त किए तथा अनेक मामलों के निष्पादन का प्रयास किया। जटिल मामलों को संबंधित विभागों को भेजते हुए शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। शिविर में बिजली पोल, नाली, गली समेत अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं प्रमुखता से उठीं। अधिकारियों ने बताया कि सरकार का लक्ष्य अधिकतम शिकायतों का समाधान 30 दिनों के भीतर करना है, ताकि लोगों को समय पर राहत मिल सके। इस अवसर पर नगर पंचायत से संतोष कुमार, अजय कुमार ,स्वास्थ्य विभाग गृह विभाग,सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। अधिकारियों ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसी प्रकार सिगोड़ी में भी सहयोग शिविर का आयोजन किया गया।

## राजस्व विभाग के अधीक्षक पर जानलेवा हमला, अवैध मिट्टी खनन का विरोध पड़ा भारी, 6 नामजद समेत अन्य पर प्राथमिकी

**पभेड़ी मोड़ बाजार में घेरकर लाठी-रॉड से पीटा, 65 हजार और सोने की चेन लूटी, पीड़ित बोले- आरोपियों का है खौफ**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अवैध मिट्टी खनन का विरोध करने पर छुट्टी में घर आए एक सरकारी कर्मचारी वित्त मंत्रालय में राजस्व विभाग में अधीक्षक के पद पर कार्यरत हैं। जिन पर जानलेवा हमला किया गया। आरोपियों ने पभेड़ी मोड़ बाजार में घेरकर लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। 65 हजार रुपये और सोने की चेन भी लूट ली। पीड़ित ने धनरूआ थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित धनंजय कुमार पिता अरविंद कुमार, जो मुंबई में वित्त मंत्रालय राजस्व विभाग में अधीक्षक के पद पर कार्यरत हैं और छुट्टी पर घर आए थे, ने बताया कि 31 मई 2026 की शाम करीब 8 बजे वह शैलेंद्र कुमार के साथ पभेड़ी मोड़ बाजार से लौट रहे थे। तभी पहले से घात लगाए बैठे संतोष कुमार उर्फ विशाल, सोनू कुमार उर्फ अविनाश रंजन, अजित कुमार, रिंकू कुमार, पंकज कुमार समेत अन्य अज्ञात लोगों ने शराब के नशे में घेर लिया। आवेदन के अनुसार संतोष कुमार ने रिवॉल्वर निकालकर तान दी और गाली देते हुए कहा- "गांव का नेता बन गया है। तुम्हारे गांव के पास जो दरधा नदी है वो हमारे कब्जे की है।" इसके बाद हाथ से 65 हजार रुपये से भरा बैग और गले से सोने की चेन छीन ली। फिर साथियों से बोला- "सालों को तब तक मारो जब तक मर न जाए।" सभी ने तब तक पीटा जब तक वह बेहोश नहीं हो गए।पीड़ित ने बताया कि संतोष कुमार और पंकज कुमार दरधा नदी से अवैध मिट्टी खनन करते हैं। सरकारी जमीन और विवादित जमीन पर कब्जा कर रखा है। दो माह पहले 14 मार्च 2016 को छुट्टी में घर आने पर उसने खनन का विरोध किया था और पुलिस को सूचना दी थी। उसी का बदला लेने के लिए हमला किया गया।पीड़ित का कहना है कि आरोपियों का इतना खौफ है कि पभेड़ी मोड़ बाजार में कोई उनके गलत कामों की चर्चा करने से भी डरता है। इलाज के बाद 1 जून 2026 को थाना पहुंचकर आवेदन दिया है।धनरूआ थाना पुलिस ने आवेदन के आधार पर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## नगर परिषद द्वारा आयोजित सहयोग शिविर में छाया रहा सड़क नाली सफाई का मुद्दा

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद जमालपुर की ओर से वार्ड नंबर 1 दौलतपुर दुर्गा स्थान परिसर से सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। सहयोग शिविर में उपस्थित जनता ने साफ सफाई सड़क नाला जैसे समस्या को गिराना शुरू किया तो पदाधिकारी परेशान हो गए। इधर जनता के समस्या को लिखित एवं मौखिक रूप से दशार्ते हुए सामाजिक कार्यकर्ता राजेश रमन उर्फ राजू यादव ने कहा कि नगर परिषद का वार्ड नंबर 1 में समस्या का अंबार लगा हुआ है। बिजली, पानी, सड़क निर्माण एवं नाले साफ सफाई नियमित रूप से वार्ड में नहीं हो पा रहा है। जिसके कारण वार्ड की जनता परेशान रहती है। समस्या के निदान को लेकर विभाग द्वारा टोल फ्री नंबर भी जारी किया गया जो हमेशा बंद रहता है। जनता के समस्या पर तो अधिकारी शिविर गंभीर दिखे पर यह गंभीरता कब समस्या निदान में बदलेगा यह तो समय ही बताएगा।

## मोकामा में आरपीएफ का जागरूकता अभियान, छात्रों को रेल सुरक्षा का दिया पाठ

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे सुरक्षा बल मोकामा द्वारा आज राम रतन सिंह कॉलेज में छात्र-छात्राओं के लिए एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व निरीक्षक प्रभारी मोकामा रविन्द्र कुमार यादव ने अपनी टीम के साथ किया। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के शिक्षकगण भी उपस्थित रहे।आरपीएफ अधिकारियों ने छात्रों को स्पष्ट रूप से बताया कि चलती ट्रेन में बिना उचित कारण चेन पुलिंग करना कानूनन अपराध है। इससे ट्रेन का समय बाधित होता है और रेलवे को आर्थिक नुकसान पहुंचता है।चलती ट्रेन पर पत्थर फेंकने से रेल संपत्ति को नुकसान होता है और खिड़की के पास बैठे यात्रियों को गंभीर चोट लग सकती है।निरीक्षक प्रभारी ने कहा कि रेल संपत्ति को नुकसान पहुंचाने या यात्रियों की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध रेलवे अधिनियम के तहत कठोर कानूनी कार्रवाई की जाती है, जिसमें जुमार्ना और जेल दोनों का प्रावधान है।अभियान के दौरान आरपीएफ टीम ने छात्रों से अपील की कि वे खुद भी ऐसी घटनाओं से बचें और दूसरों को भी रोकें। साथ ही रेल यात्रा के दौरान संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत आरपीएफ हेल्पलाइन 139 पर सूचना देने को कहा गया।कॉलेज प्रशासन ने आरपीएफ की इस पहल की सराहना की और कहा कि युवाओं को जागरूक करने से भविष्य में रेल दुर्घटनाओं और संपत्ति के नुकसान को कम करने में मदद मिलेगी।मौके पर सब इंस्पेक्टर प्रदीप झा,जयंत मिश्रा,सौरव कुमार समेत आरपीएफ टीम मौजूद रही।

### हृदयाघात से शिक्षक की मौत

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र अंतर्गत स्टेशन बाजार में निजी शिक्षण का कार्य कर रहे एक शिक्षक की अचानक दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार अथमलगोला थाना क्षेत्र के फुलेलपुर गांव निवासी 40 वर्षीय अजय कुमार उर्फ अजय सर प्रतिदिन की भांति मंगलवार को भी निजी शिक्षण का कार्य करने आए। उन्होंने छात्रों को जैसे ही पढ़ाना शुरू किया अचानक उन्हें दिल का दौरा पड़ गया।और वे गिर कर छटपटाने लगे। छात्रों के बीच अफरातफरी मच गई। तत्काल आसपास के लोगों ने परिजनों को सूचित करते हुए चिकित्सक के पास ले जाने का प्रयास किया। लेकिन तत्बतक उनकी मृत्यु हो चुकी थी। मौके पर पहुंचे दिवंगत शिक्षक के परिजन एवं ग्रामीण उनके शव को लेकर उनके आवास होते हुए बाढ़ सती स्थान अंतिम संस्कार के लिए ले गए।इस दुःखद घटना की खबर फैलते ही बाजार में शोक की लहर छा गई। आसपास के सभी निजी शिक्षण संस्थान श्रद्धांजलि देने के उपरान्त बंद कर दिए गए। निजी शिक्षक सुनील कुमार सिंह, विनय कुमार, राजेश कुमार सहित कई शिक्षा प्रेमी, अभिभावक एवं समाजसेवी ने उनके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि उनका निधन शिक्षा जगत के लिए अपूर्णीय क्षति है। उनके ऐसे अनुभवी और मृदुभाषी शिक्षक की कमी हमेशा महसूस होगी।

## घर में घुसकर बुजुर्ग महिला को पीटा, पिस्तौल दिखाकर दी धमकी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के मणिचक मुहल्ले में 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला और उसके परिवार पर जानलेवा हमला किया गया। आरोपियों ने घर के दरवाजे पर बैठी महिला को गाली-गलौज कर लात-घूंसों से पीटा। बचाने आए बेटे और बहू को भी लहूलुहान कर दिया। देर रात फिर घर पहुंचकर पिस्तौल दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। दरअसल पीड़िता एतवरीया देवी, पति निरंजन चौधरी ने बताया कि 31 मई 2026 की शाम करीब 5:40 बजे वह अपने दरवाजे पर बैठी थीं। तभी प्रमोद चौधरी उम्र 50 वर्ष, सोनू कुमार उम्र 35 वर्ष, जितेंद्र चौधरी, सरोजनी देवी उम्र 35 वर्ष और प्रियंका कुमारी समेत अन्य लोग गाली देते हुए आए। आरोपियों ने कहा- "तुम मोहल्ले के लोगों से बात क्यों करती हो?" इस पर एतवरीया देवी ने कहा कि "मैं सभी से बात करती हूं, मेरा किसी से झगड़ा नहीं है।"

## ग्राहकों की जरूरतों के अनुसार सेवाओं का दायरा बढ़ाना ही असली बैंक की पहचान

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार में बैंकिंग अब सिर्फ खाता खोलने और पैसे जमा करने तक सीमित नहीं रह गई है। पिछले कुछ वर्षों में लोगों की जरूरतें बदली हैं और इसके साथ ही बैंकिंग सेवाओं का दायरा भी बढ़ा है। अब ग्राहक चाहते हैं कि उन्हें बचत खाते के साथ निवेश, बीमा, क्रेडिट कार्ड, डिजिटल बैंकिंग और लोन जैसी सुविधाएँ भी एक ही जगह पर मिलें। यही बदलाव बिहार में वित्तीय समावेशन को नई गति दे रहा है। बिहार में बैंकिंग को लेकर लोगों की जागरूकता तेजी से बढ़ी है। गाँवों से लेकर शहरों तक लोग औपचारिक बैंकिंग व्यवस्था से जुड़ रहे हैं और इसका सीधा फायदा ग्राहकों के साथ-साथ राज्य की अर्थव्यवस्था को भी मिल रहा है। बैंकिंग सेक्टर में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच ग्राहक अब बेहतर और ज्यादा सुविधाओं की उम्मीद करते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ मिलकर क्रेडिट कार्ड सुविधा शुरू की है। इसका लाभ उन ग्राहकों को मिलेगा जो अपनी रोजमर्रा की जरूरतों के लिए आसान और सुविधाजनक भुगतान विकल्प चाहते हैं। इसके अलावा बैंक ने म्यूचुअल फंड सेवाएँ भी शुरू की हैं, जिससे ग्राहकों को निवेश के लिए अलग-अलग संस्थानों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। बैंक का प्रयास है कि ग्राहकों को उनकी अधिकांश वित्तीय जरूरतों का समाधान एक ही जगह पर मिल सके। बिहार जैसे राज्य में छोटे कारोबार, खेती और आवास की जरूरतों के लिए लोन की बड़ी भूमिका है।


## कविता खान की 40वां श्रद्धांजलि सभा में सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन



**अररिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जोगबनी स्थित जेनिथ पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल एवं महान शिक्षाविद स्वर्गीय कविता खान के आकस्मिक निधन के चालीस दिन पूर्ण होने पर विद्यालय परिसर में एक भावपूर्ण एवं सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार, विभिन्न धर्मों के धर्मगुरु, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित हुए और स्वर्गीय कविता खान को अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का आरंभ स्वर्गीय कविता खान की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। इसके पश्चात उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। पूरे विद्यालय परिसर का वातावरण श्रद्धा, सम्मान और भावनाओं से ओत-प्रोत था। उपस्थित लोगों ने कविता खान के शिक्षा क्षेत्र में दिए गए अमूल्य योगदान को याद करते हुए उन्हें एक समर्पित शिक्षाविद, कुशल प्रशासक और संवेदनशील व्यक्तित्व बताया। सर्वधर्म सद्भाव और एकता का अद्भुत संदेश देते हुए इस श्रद्धांजलि सभा में सनातन, इस्लाम, सिख, ईसाई, बौद्ध एवं जैन धर्म के धर्मगुरुओं ने भाग लिया। सनातन धर्म के विद्वानों द्वारा संस्कृत में रामायण स्तुति पाठ किया गया तथा वैदिक मंत्रोच्चार के माध्यम से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस्लाम धर्म के प्रतिनिधियों द्वारा पवित्र कुरआन शरीफ की सूरह रहमान का तिलावत किया गया और मरहूमा कविता खान की मगफिरत एवं जन्नत में उच्च स्थान के लिए दुआ की गई। सिख धर्म के धर्मगुरु द्वारा गुरुबाणी का पाठ किया गया तथा मानवता, सेवा और प्रेम का संदेश दिया गया। ईसाई धर्म के पादरी ने बाइबिल के आलोक में चालीसवें दिन के महत्व पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालते हुए प्रार्थना सभा का संचालन किया। बौद्ध धर्म के गुम्बा प्रतिनिधियों द्वारा बौद्ध ग्रंथों का पाठ कर शांति, करुणा और सद्भावना का संदेश दिया गया। वहीं जैन धर्म के गुरु ने अपने धर्मग्रंथों का वाचन करते हुए आत्मा की शाश्वत यात्रा एवं मोक्ष की अवधारणा पर प्रकाश डाला तथा स्वर्गीय कविता खान की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर अनेक विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। पूर्व विधायक जाकिर हुसैन खान, वर्तमान विधायक मनोज विश्वास (फारबिसगंज), कमल तापड़िया, किशन अग्रवाल, अनवर राज, छातापुर के विधायक प्रत्याशी मेहता जी, किशोर कुमार (मधेपुरा), नौशाद आलम (पटना), जदयू के जिलाध्यक्ष पवन मिश्रा, अनिल सिन्हा,प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन, अररिया के जिलाध्यक्ष कुमार अनूप, अजित सिन्हा, मुकेश सिंह, मंटू भगत, भानु राय, पवन सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि स्वर्गीय कविता खान ने शिक्षा के क्षेत्र में जो योगदान दिया है, उसे सदैव याद रखा जाएगा। उन्होंने जेनिथ पब्लिक स्कूल को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और हजारों विद्यार्थियों के जीवन को सकारात्मक दिशा प्रदान की। उनकी दूरदर्शिता, अनुशासनप्रियता, सरलता एवं विद्यार्थियों के प्रति समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### डीडीसी के नेतृत्व में ऑन द स्पॉट हुआ मामलों का निष्पादन



बांक पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर।


**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमालपुर प्रखंड के बांक पंचायतों में सहयोग शिविर का आयोजन डीडीसी अजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर मुंगेर के प्रभारी सचिव पंकज पाल भी पहुँचे और चयनित लाभुकों को चयन पत्र वितरित किया गया।शिविर में मुखिया डेजी कुमारी, बीडीओ प्रभात रंजन, प्रखंड प्रमुख मंजू देवी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर में आए लोगों का प्रमुख प्रतिनिधि जय राज गौतम ने मार्गदर्शन किया। लाभुकों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और आवेदन भी लिए गए।डीडीसी अजीत कुमार सिंह ने बताया कि सहयोग शिविर का उद्देश्य एक ही छत के नीचे लोगों की समस्याओं का समाधान करना है। प्रभारी सचिव पंकज पाल ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शेष आवेदनों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि ग्रामीणों को प्रखंड स्तर पर ही सभी सुविधाएँ मिलें,ताकि उन्हें जिला मुख्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें। शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया और योजनाओं का लाभ उठाया। इधर सहयोग शिविर में शिक्षा, चिकित्सा, कृषि, स्वास्थ्य, श्रम सहित 22 विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। शिविर में ऑन द स्पॉट कई मामलों का निष्पादन किया गया। लाभुकों ने जमीन, राशन कार्ड, पेंशन, आवास और स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएँ रखीं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही समाधान किया गया।

### सहयोग शिविर में 85 मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन

**कुरसेला/कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के जरलाही पंचायत में मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 85 लोगों ने पहुंचकर अपनी समस्याओं को रखा ।जिनमें से अधिकांश मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए थे, जहाँ सुबह से ही ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। शिविर में मुख्य रूप से राजस्व,सामाजिक सुरक्षा, बिजली, आपूर्ति विभाग से संबंधित मामलों का निपटारा किया गया। जबकि शिविर में मुफ्त स्वास्थ्य जांच और दवा वितरण की भी व्यवस्था थी, जहाँ सौ से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। बीडीओ कुमारी प्रियंवदा ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य प्रशासन को सीधे जनता के दरवाजे तक लाना है। ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर लोग छोटी-मोटी समस्याओं के लिए प्रखंड कार्यालय के चक्कर काटते रहते हैं। आज एक ही छत के नीचे अधिकांश समस्याओं का समाधान होने से ग्रामीणों को काफी राहत मिली है। शिविर के सफल आयोजन पर लोगों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से आम जनता का सरकारी तंत्र पर भरोसा बढ़ता है। शिविर को सफल बनाने में पंचायत सचिव, राजस्व कर्मचारी, विकास मित्र और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मुख्य भूमिका निभाई।


### सड़क हादसे में एक की मौत

**कोढ़ा /कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कटिहार -गेड़ाबाड़ी मुख्य मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग 81 पर कोढ़ा थाना क्षेत्र के खेरिया बाजार नहर के समीप बीती रात एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना हुई। रात लगभग 10 बजे हुए इस हादसे में एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसा इतना जबरदस्त था कि आवाज सुनकर आस-पास के लोग तुरंत मौके पर दौड़े। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। वही मो. रफीक के पुत्र मो. इम्रान (27) की मौत घटनास्थल पर ही हो गई । जबकि घायल मो. फरमान का इलाज कटिहार में चल रहा है । दोनों रिश्ते में मामा और भांजा लगते हैं। घर खेरिया के मिस्कारी टोला बताया जा रहा है। घटना की सूचना कोढ़ा पुलिस को दी गई ।सूचना मिलते ही कोढ़ा थानाध्यक्ष पंकज आनंद पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की सहायता से घायल व्यक्ति को तुरंत नजदीकी अस्पताल भिजवाया। जहां उसकी स्थिति अत्यंत नाजुक बनी हुई है। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कटिहार सदर अस्पताल भेज दी गई है।पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। दुर्घटना किस वाहन से हुई और इसके पीछे क्या कारण रहे। इसका पता लगाया जा रहा है।



### रेल महिला संगठन ने वृद्धाश्रम में बांटी खुशियां

**कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाजसेवा और मानवता की मिसाल पेश करते हुए एनएफ रेलवे महिला वेलफेयर संगठन कटिहार शाखा ने प्राणपुर प्रखंड स्थित बस्तौल आनंद मार्ग वृद्धाश्रम पहुंचकर वहां रह रहे बुजुर्गो के बीच समय बिताया तथा उनकी आवश्यकताओं और सुख-सुविधाओं का जायजा लिया। इसका नेतृत्व संगठन की अध्यक्षा निवेदिता नरह ने किया।इस अवसर पर रेल महिला संगठन की टीम ने वृद्धाश्रम में रह रहे सभी 16 बुजुर्गो से आत्मीय मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और उन्हें राशन, फल, साबुन सहित दैनिक उपयोग की आवश्यक सामग्री भेंट की। संगठन की इस पहल से बुजुर्गों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। महिला संगठन की अध्यक्षा निवेदिता नरह की इस संवेदनशील एवं मानवीय पहल की उपस्थित लोगों ने खूब सराहना की। उन्होंने कहा कि समाज के वरिष्ठ नागरिक हमारे अनुभव और संस्कारों की अमूल्य धरोहर हैं तथा उनके सम्मान और देखभाल की जिम्मेदारी हम सभी की है। गौरतलब है कि रेल महिला समिति की अध्यक्षा निवेदिता नरह काफी सक्रिय है जिनके कुशल मार्गदर्शन में आय दिन रेलमंडल में अलग अलग कार्यक्रम आयोजित होते रहते है।इस मौके पर संगठन की सचिव मंजरी पाल, कोषाध्यक्ष शिल्पी मंडल, संयुक्त सचिव सुधा कुमारी, मधु मालती, मोनालिसा चुतिया, आभा सिंह, मालती जाटव, ज्योति झा एवं प्रियंका कुमारी सहित वृद्धाश्रम के अध्यक्ष, सचिव और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




### मनरेगा योजनाओं की समीक्षा

**अररिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उप विकास आयुक्त, रोजी कुमारी की अध्यक्षता में अररिया, फारबिसगंज, रानीगंज एवं जोकीहाट प्रखंड के मनरेगा कनीय अभियंताओं, पंचायत तकनीकी सहायकों एवं पंचायत रोजगार सेवकों के साथ मनरेगा योजनाओं की गहन समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न पंचायतों में संचालित मनरेगा योजनाओं की प्रगति, मानव दिवस सृजन, ई-केवाईसी की स्थिति तथा अपूर्ण योजनाओं की समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने सभी संबंधित कर्मियों को निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य विकासात्मक योजनाओं में अधिकाधिक मानव दिवस का सृजन सुनिश्चित किया जाए, ताकि ग्रामीण श्रमिकों को अधिक रोजगार उपलब्ध हो सके।

# जिला के 71 पंचायतों में आयोजित हुआ सहयोग शिविर

**सरकार जन समस्याओं के समाधान के लिए संकल्पित, 'सरकार आपके द्वार' की अवधारणा को साकार कर रहा सहयोग शिविर : प्रभारी मंत्री**




**मोतिहारी/ पू. चं./नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान तय सीमा में सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार के निदेर्शानुसार आयोजित सहयोग शिविर के आज दूसरे चरण में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप पूर्वी चंपारण जिला के सभी 27 प्रखंडों के कुल 71 पंचायत में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। मंत्री ग्रामीण विकास विभाग एवं सूचना जनसंपर्क विभाग - सह प्रभारी मंत्री पूर्वी चंपारण श्रवण कुमार आज चिरैया प्रखंड के हरनारायणा और ढाका प्रखंड के गवंद्री पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में शिरकत किए और आमजन की समस्याओं को सुना। उनके साथ शिविर में सांसद शिवहर श्रीमती लवली आनंद, विधान पार्षद डॉ. खालिद अनवर, विधायक चिरैया डॉ.लालबाबू प्रसाद गुप्ता, विधायक ढाका फैसल रहमान, बीस सूत्री उपाध्यक्ष श्रीमती मंजू देवी, बिहार प्रशासनिक सेवा के वरीय पदाधिकारी प्रियरंजन राजू, उप विकास आयुक्त डॉ. प्रदीप कुमार, निदेशक डीआरडीए डॉ. कुंदन कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी ढाका सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे। इस अवसर पर मंत्री ने बड़ी संख्या में शिविर में आए हुए नागरिकों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, शिकायतों एवं आवश्यकताओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। हरनारायणा में आयोजित शिविर में प्रभारी मंत्री ने 22 जीविका समूह की दीदियों को बैंक सहायता ऋण के रूप में 71 लाख रुपए का सांकेतिक चेक प्रदान किया। यहां पर बिहार सरकार की प्रवासी मजदूर दुर्घटना योजना अंतर्गत एक श्रमिक के परिजन को 4.50 लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया। यहां पर कुल 76 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें से अधिकांश का निष्पादन कर दिया गया था। बचे हुए आवेदनों के शीघ्र निष्पादन का माननीय मंत्री के द्वारा निर्देश दिया गया। यहां पर मंत्री के द्वारा बताया गया कि पूर्वी चंपारण जिले में ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित कुल 1229 आवेदन प्राप्त हुए थे जिनमें से 1033 आवेदनों को स्वीकृत किया गया था जिसमें से 837 आवेदनों को निष्पादित किया जा चुका है। शेष बचे 196 आवेदन को भी शीघ्र निष्पादित कर देने का निर्देश दिया गया है । प्रभारी मंत्री के द्वारा बताया गया कि ग्रामीण विकास के अतिरिक्त सहयोग शिविर के माध्यम से जिला में कुल 7766 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनमें से 5654 आवेदनों को स्वीकृत किया गया है जिसमें 4184 आवेदनो से संबंधित समस्याओं का निराकरण कर दिया गया है।इस अवसर पर मंत्री ने उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि सहयोग शिविर का आयोजन राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है जिसमें आमजन की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर ही निराकरण किया जा रहा है। ग्राम पंचायत स्तर पर पंचायत सचिव, प्रखंड स्तर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं थाना अध्यक्ष के स्तर की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। समस्या का निराकरण अगर इससे ऊपर के स्तर पर होना है तो उसके लिए आवेदन को जिला, प्रमंडल अथवा राज्य स्तर पर संबंधित विभाग को भेजा जा रहा है जहां से उसका निराकरण किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि सात निश्चय पार्ट 3 अंतर्गत 'सबका सम्मान-जीवन आसान' निश्चय के तहत बिहार सरकार आमजन की समस्याओं के समाधान हेतु गांव - गांव तक प्रशासनिक पहुंच सुनिश्चित कर रही है।


# हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल कविंदर गुप्ता से मिले एमजीसीयू के कुलपति



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, बिहार के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल कविंदर गुप्ता से शिष्टाचार भेंट कर उच्च शिक्षा, अनुसंधान तथा अंतर-विश्वविद्यालयीय सहयोग को सुदृढ़ बनाने के विभिन्न आयामों पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों एवं महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के मध्य संभावित शैक्षणिक एवं शोध सहयोग की संभावनाओं पर विचार - विमर्श किया गया। बैठक के दौरान कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, अनुसंधान गतिविधियों, नवाचार, कौशल विकास, उद्यमिता संवर्धन तथा सामुदायिक सहभागिता से संबंधित विभिन्न पहलों की जानकारी राज्यपाल को प्रदान की। उन्होंने विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप बहुविषयक शिक्षा, अनुसंधान उत्कृष्टता तथा ज्ञान साझेदारी को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित किया। चर्चा के दौरान दोनों पक्षों ने छात्र एवं शिक्षक विनिमय कार्यक्रम, संयुक्त शोध परियोजनाओं, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों, संकाय विकास कार्यक्रमों, नवाचार एवं स्टार्टअप गतिविधियों तथा ज्ञान एवं संसाधनों के आदान-प्रदान जैसे विषयों पर सहयोग की संभावनाओं पर विचार किया। यह भी सहमति व्यक्त की गई कि इस प्रकार की शैक्षणिक साझेदारियां न केवल संस्थानों के मध्य सहयोग को सुदृढ़ करेंगी, बल्कि विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को भी व्यापक अवसर उपलब्ध कराएंगी।

# वांछित फरार पचीस हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

**लोडेड पिस्पल व भारी मात्रा में जिंदा गोली बरामद**



**कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर थाना पुलिस ने अपराध की योजना बनाते पच्चीस हजार का ईनामी अपराधी लोडेड पिस्टल और गोली के साथ गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस कप्तान शिखर चौधरी के दिशा निर्देश के आलोक में जिले में विभिन्न कांडों में फरार चल रहे वांछित अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस की बडी सफलता मिली। नगर थाना पुलिस ने संतोषी चौक पर जूटे अपराध की योजना बनाते अपराधी को धर दबोचा। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी ने जानकारी दी कि नगर थानाध्यक्ष कुन्दन कुमार सिंह को शहर के संतोषी चौक पर एक वाहन पर सवार कुछ संदिग्धों के जूटने की गुप्त सूचना मिली थी। एसपी श्री चौधरी ने बताया कि इस आलोक में एक विशेष टीम गठित कर उक्त चौक पर अपराध की मंसूबा में जूटे अपराधियों की तलाशी अभियान के क्रम में एक वाहन से कुछ लोग भागने लगे। लेकिन पुलिस बल की मुस्तैदी से एक को पकड लिया गया। पकडे गये युवक की पहचान ड्राईवर टोला,ग्रीन शॉप पाडा निवासी निवासी विजय चौहान के पुत्र अंकित चौहान (28) के रूप में हुई है।तालाशी के क्रम में अंकित चौहान के पास से एक लोडेड पिस्टल के साथ 31 जिंदा गोली भी पुलिस ने बरामद की है।

### कटिहार नगर निगम को मिली दो नई कॉम्पेक्टर गाड़ियां

**कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने की दिशा में कटिहार नगर निगम की ओर से एक महत्वपूर्ण पहल की गई है ।नगर निगम परिसर से दो नई कॉम्पेक्टर गाड़ियों को महापौर श्रीमती उषा देवी अग्रवाल,उप महापौर मंजुर खान एवं नगर आयुक्त संतोष कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती अग्रवाल ने कहा कि दो नई कॉम्पेक्टर गाड़ियों के संचालन से शहर में कचरा संग्रहण एवं निष्पादन कार्य को और अधिक गति एवं दक्षता मिलेगी। साथ ही स्वच्छ,सुंदर एवं स्वस्थ कटिहार के निर्माण में भी यह महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। उन्होंने कहा कि कटिहार नगर निगम शहर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में आम नागरिकों की सहभागिता भी आवश्यक है।

# एमजीसीयू एवं केंद्रीय हिमाचल प्रदेश विवि के मध्य शैक्षणिक समझौता

**शोध एवं कौशल विकास सहयोग हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर**



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय (एमजीसीयू), मोतिहारी एवं केंद्रीय हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय (सीयूएचपी), धर्मशाला के मध्य शैक्षणिक उत्कृष्टता, शोध सहयोग, कौशल विकास, उद्यमिता संवर्धन, संकाय आदान-प्रदान तथा ज्ञान साझेदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर 29 मई 2026 को हस्ताक्षर किए गए। इस समझौता ज्ञापन पर महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव तथा केंद्रीय हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) सत प्रकाश बंसल ने हस्ताक्षर किए। यह समझौता दोनों केंद्रीय विश्वविद्यालयों के मध्य सहयोग के नए अध्याय की शुरूआत करते हुए विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों के लिए व्यापक अवसरों का मार्ग प्रशस्त करेगा। एमओयू के अंतर्गत दोनों विश्वविद्यालय कौशल विकास एवं उद्यमिता विकास से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों को संयुक्त रूप से विकसित एवं संचालित करेंगे। साथ ही सम्मेलन, संगोष्ठी, कार्यशाला, प्रशिक्षण कार्यक्रम, समर स्कूल, व्याख्यानमाला तथा संकाय विकास कार्यक्रमों का संयुक्त आयोजन किया जाएगा, जिससे ज्ञान एवं अनुभवों के आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलेगा। समझौते के अंतर्गत दोनों संस्थान आवश्यकता एवं विशेषज्ञता के आधार पर संकाय सदस्यों तथा विशेषज्ञों के आदान-प्रदान को भी प्रोत्साहित करेंगे। इससे विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को विविध शैक्षणिक दृष्टिकोणों तथा नवीन शोध प्रवृत्तियों से परिचित होने का अवसर प्राप्त होगा।

# शराब की पार्टी में चली गोली से रेलकर्मी घायल

**स्पेशल टीम के साथ जमालपुर पुलिस कर रही मामले की जांच**




**जमालपुर (मुंगेर) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेल कॉलोनी रामपुर के क्वार्टर नंबर 488 एबी में चल रहे शराब की पार्टी में हुई गोलीबारी में एक रेलकर्मी को गोली लगने से कॉलोनी में हरकंप का माहौल देखा गया। रामपुर कॉलोनी में हुई गोलीबारी की घटना में घायल रेल कर्मी राहुल झा कारखाना के डब्ल्यूसीएस शॉप में टेक वन के पद पर कार्यरत हैं। जिसका इलाज सदर अस्पताल मुंगेर में जारी है। घायल रेल कर्मी ने बताया कि परोस में रहने वाले रेल कर्मी साजन यादव का पुत्र अंकित उर्फ सनी यादव मुझे फोन से अपने क्वार्टर में बुलाकर गाली गलौज मारपीट करते हुए गोली मार दिया। सनी यादव के साथ चार-पांच बाहर के युवक भी थे। इधर गोलीबारी की घटना के बाद सनी यादव अपने क्वार्टर में ताला बंद कर सहयोगियों के साथ हथियार लहराते हुए फरार हो गए। गोलीबारी की घटना को अंजाम देने वाले सनी यादव के बारे में आसपास के लोगों ने बताया कि जब से क्वार्टर में रहने के लिए साजन यादव अपने परिवार के साथ आए हैं तभी से कॉलोनी में दबंगई करते हुए बेवजह लोगों को परेशान करते हुए धमकाते दबंगई भरे अंदाज में धमकाते रहते हैं। साजन यादव एवं उनके पुत्र के दबंगई के कारण आसपास के रेल परिवार डरे समय रहते हैं और इनका विरोध करने से परहेज करते हैं। हालांकि गोलीबारी की घटना में घायल रेल कर्मी के मामले को लेकर जमालपुर थाना अध्यक्ष पंकज कुमार पासवान एफेशल टीम के साथ मामले की जांच कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की बात कही है।फिलवक्त घटनास्थल पर पुलिस बल की प्रति नियुक्ति विधि व्यवस्था बहाल करने को लेकर जमालपुर पुलिस ने किया है।

# सालमारी में मंदिर निर्माण को लेकर विधायक ने किया शिलान्यास

**सालमारी /कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सालमारी सोमवारी हटिया के निकट शिव मंदिर निर्माण को लेकर विधायक निशा सिंह ने शिलान्यास किया।पुजारी राजेश कुमार के द्वारा विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना की गयी।लोगों के सहयोग से इस मंदिर का निर्माण किया जायेगा। हर हर महादेव, ओम नमः शिवाय के जय घोस से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। वही कार्यक्रम के मोके पर संजय गुप्ता, श्याम अग्रवाल,विकास अग्रवाल, पंचदेव सिंह,अशोक कुमार अग्रवाल,प्रमोद अग्रवाल, अशोक सिंह,सन्नी यादव, राकेश कुमार मंडल,मनोज सिंह,सुबोध शर्मा,शुभम अग्रवाल,सुमंत मुखर्जी, गोपाल अग्रवाल,अमित भगत, पुरूषोत्तम सिंह सहित बड़ी संख्या में इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता, स्थानीय, शिव भक्त मौके पर उपस्थित रहे।


### विधायक ने बेनी जलालपुर में सहयोग शिविर का लिया जायजा

**सालमारी/कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुख्य सचिव बिहार सरकार के आदेशानुसार एवं जिला पदाधिकारी के निर्देश पर मंगलवार को बलिया बेलोन क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेनी जलालपुर मे.सहयोग शिविर का आयोजन किया गया।इस अवसर पर स्थानीय विधायक डा दुलाल चन्द्र गोस्वामी ने शिविर का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा की ग्रामीणों की समस्याओं का सुलभ तरीके से निवारण के उद्देश्य से सहयोग शिविर का आयोजन किया गया।मुखिया प्रतिनिधि नाहिद आलम ने कहा की बिहार सरकार का यह सराहनीय कार्य है। इस शिविर से ग्रामीणों को इस का लाभ मिला है। इस अवसर पर वरीय उपसमाहर्ता शशि भूषण शशि, सहायक निदेशक बाल संरक्षक रविशंकर तिवारी, कदवा बीडीओ प्रेम कुमार सहित प्रखंड के सभी विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। शिविर से संबंधित जानकारी देते हुए बीडीओ प्रेम कुमार ने बताया की लोगों की सुविधा के लिए 36 विभाग का अलग अलग स्टाल लगाया गया है।



# थाना परिसर की चहारदीवारी पर बढ़ा विवाद, डीएम-एसपी से की शिकायत

**मापी के बाद स्थिति स्पष्ट हो जाएगी : सीओ**



**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सीमावर्ती झरौखर में करीब साढ़े चार करोड़ रुपये की लागत से बने नवनिर्मित थाना भवन परिसर की चहारदीवारी निर्माण को लेकर जमीन विवाद गहरा गया है.विशुनपुर पंचायत के मुखिया पति एवं टोनवा निवासी मनोज कुमार ने जिला पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक तथा बिहार पुलिस भवन निर्माण विभाग के अधिकारियों को आवेदन देकर उनके निजी भूमि पर जबरन चहारदीवारी निर्माण कराने का आरोप लगाया है. दिए गए आवेदन में कहा गया है कि मौजा झरौखर, खाता संख्या-230, खेसरा संख्या-340 की 61 डिसमिल भूमि थाना भवन निर्माण के लिए पूर्व में उपलब्ध कराई गई थी.आरोप है कि निर्माण कार्य के दौरान उनकी 45 डिसमिल निजी जमीन को भी थाना परिसर में शामिल कर चहारदीवारी करा दी गई. शिकायतकर्ता ने मामले की निष्पक्ष जांच एवं आवश्यक कार्रवाई की मांग की है.शिकायत कर्ता ने आवेदन में थाना प्रभारी असलम अंसारी,सहायक अभियंता संजय यादव तथा कनीय अभियंता कौशिक कुमार का उल्लेख करते हुए निर्माण करवाने की बात कही गई है.आवेदन में मनोज कुमार ने बताया कि इस संबंध में पूर्व में भी संबंधित अधिकारियों को आवेदन दिया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है.इधर, थानाध्यक्ष असलम अंसारी ने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि थाना भवन निर्माण के लिए सरकार ने 10 सितंबर 2022 को रैयती से 61 डिसमिल भूमि 48 लाख 8 हजार रुपये में खरीदी थी. तत्कालीन अंचलाधिकारी एवं पुलिस भवन निर्माण विभाग के अधिकारियों द्वारा सीमांकन और मार्किंग के बाद भवन एवं चहारदीवारी का निर्माण कराया गया. उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ताओं द्वारा 2 मई को संबंधित भूमि की रजिस्ट्री कराई गई है.जमीन की मापी के बाद ही चहारदीवारी का निर्माण कराया गया था


# कोढ़ा प्रखंड में दो स्थानों पर सहयोग शिविर आयोजित 141 आवेदनों में 136 का त्वरित निष्पादन



**कोढा/कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कोढ़ा प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार को प्रशासन की पहल पर दो स्थानों पर सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। पहला शिविर कोढ़ा नगर पंचायत के सामुदायिक भवन में तथा दूसरा बसगरा पंचायत में आयोजित हुआ। इन शिविरों का उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना और विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे जनता तक पहुंचाना था। बासगड़ा पंचायत में आयोजित शिविर का शुभारंभ कोढ़ा विधायक कविता पासवान एवं स्थानीय मुखिया प्रीतम देवी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राजकुमार पंडित, अंचलाधिकारी संजीव कुमार, कृषि पदाधिकारी नवीन कुमार,आपूर्ति पदाधिकारी मनजीत माहेश्वरी ,पंचायती राज पदाधिकारी प्रियंका कुमारी भाजपा नेता रमन झा, मनरेगा पीओ अंजय कुमार तथा विद्युत विभाग के कनीय अभियंता पंकज ठाकुर सहित कई अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया और मौके पर ही उनके समाधान की दिशा में पहल की गई। बासगड़ा शिविर में कुल 141 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 136 आवेदनों का त्वरित निष्पादन कर दिया गया, जबकि शेष आवेदनों पर प्रक्रिया जारी है।वहीं कोढ़ा नगर पंचायत के सामुदायिक भवन में आयोजित शिविर में भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और अपनी समस्याएं दर्ज कराईं।

# जन शिकायतों के प्रभावी समाधान के लिए बस्तौल में सहयोग शिविर का आयोजन : प्रभारी सचिव





**कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के प्राणपुर प्रखंड क्षेत्र के बस्तौल पंचायत में मंगलवार को पंचायत सरकार भवन के प्रांगण में जन शिकायतों के प्रभावी समाधान के लिए सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर विधायक निशा सिंह,परिवहन विभाग के प्रधान सह जिला प्रभारी सचिव राज कुमार, प्रभारी डीएम सह अपर समाहर्ता डॉ. विनोद कुमार, प्रखंड के वरीय नोडल पदाधिकारी सह नगर आयुक्त संतोष कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सदर प्रद्युम्न सिंह यादव, उप विकास आयुक्त अमित कुमार, जदयु प्रखंड अध्यक्ष लड्डू सिंह, प्रखंड प्रमुख अमित कुमार साह बीडीओ मनीषा कुमारी, सीओ शिखा कुमारी एवं आरओ अजय कुमार सिंह एव मुखिया मुजाहिद आलम ने संयुक्त रूप से किया। प्रभारी सचिव राजकुमार ने कहा कि जनता की समस्या समाधान के लिए सहयोग शिविर का आयोजन हो रहा है। समस्या पहले भी था। अब भी है। लेकिन

**ऑफलाइन एवं ऑनलाइन प्राप्त कुल 143 आवेदनों का निष्पादन : नगर आयुक्त**

उसी का समाधान के लिए सहयोग सेवा शिविर का आयोजन किया गया है ।इस मौके पर शिविर को संबोधित करते हुए विधायक निशा सिंह ने सरकार की इस पहल को सराहनीय बताया तथा कहा कि जन शिकायतों का निष्पादन होने से जनप्रतिनिधियों को भी काफी राहत मिलेगी। आयोजित शिविर एवं जनता का भरपूर सहयोग किया जाएगा। ताकि जन शिकायतों से संबंधित समस्याओं का निष्पादन हो सके। विधायक ने शिविर में उपस्थित सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि थाना से भी संबंधित शिकायत निश्चित रूप से शिविर में दें। इधर नगर आयुक्त संतोष कुमार ने कहा कि आयोजित शिविर हेतु 30 दिनों से प्राप्त ऑफलाइन एवं ऑनलाइन कुल आवेदनों की संख्या 143 है। जिसमें त्वरित कार्रवाई करते हुए कुल 143 आवेदनों का निष्पादन किया गया है। कुल 37 विभागों का शिकायत लिया जा रहा है। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं को विस्तृत रूप से जानकारी दी। बीडीओ मनीषा कुमारी ने शिविर का संचालन करते हुए कहा कि जन शिकायतों के प्रभावी समाधान हेतु सरकार द्वारा प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को सहयोग शिविर के लिए पंचायत वार तिथि का निर्धारण किया गया है। निर्धारित तिथि के अनुरूप बारी-बारी से पंचायत वार सहयोग शिविर लगेगा। आयोजित शिविर में सभी विभागों के पदाधिकारी एवं काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

CMYK

# चार पंचायतों में सहयोग शिविर का आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** "विकसित भारत-समृद्ध बिहार" अभियान के तहत बुधवार को रफीगंज प्रखंड की पौथू, काजपा, लट्टा एवं ईटार पंचायतों में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा कुल 22 काउंटर लगाए गए, जहां आमजन की समस्याओं का समाधान करने के साथ-साथ उन्हें सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। पौथू एवं काजपा पंचायत में एडीएम विशेष कार्यक्रम विभाग डीएमडब्ल्यू अंकित कुमार तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी अश्विनी कुमार ने शिविर का निरीक्षण किया। वहीं ईटार एवं लट्टा पंचायत में वरीय उप समाहर्ता रितेश कुमार, अंचलाधिकारी भारतेंदु सिंह तथा बीपीआरओ सह बीईओ अमर कुमार उपस्थित रहे। शिविर में सभी विभागों के प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे। बीपीआरओ अमर कुमार ने बताया कि पूर्व में प्राप्त सभी आवेदनों का निष्पादन कर दिया गया है तथा शिविर में प्राप्त नए आवेदनों का निस्तारण एक सप्ताह के भीतर कर दिया जाएगा। शिविर में लोक स्वास्थ्य प्रमंडल विभाग के सहायक अभियंता कौशल कुमार, विद्युत विभाग के सहायक अभियंता अशोक राज एवं जेई रविशंकर कुमार, आंगनबाड़ी विभाग की महिला पर्यवेक्षक दुर्गावती कुमारी एवं जिज्ञासा कुमारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा जीविका के बीपीएम संतोष कुमार, मनरेगा के तकनीकी सहायक गौतम कुमार, श्रम विभाग के लेबर इंस्पेक्टर संतोष कुमार, पेंशन विभाग की डाटा ऑपरेटर शिवानी कुमारी, बैंकिंग विभाग के डाटा ऑपरेटर नीरज कुमार, आवास पर्यवेक्षक अमित कुमार, कृषि पदाधिकारी अमृता कुमारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह, डॉ. केसरी कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक नेहा सिंह तथा लोहिया स्वच्छता अभियान के ब्लॉक समन्वयक मनोज कुमार भी उपस्थित रहे। शिविर में ग्रामीणों ने बिजली, पेयजल, राशन कार्ड, पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वास्थ्य सेवाओं, कृषि एवं अन्य सरकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। अधिकांश मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया तथा शेष मामलों के शीघ्र निष्पादन का आश्वासन दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी अश्विनी कुमार ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से इस प्रकार के सहयोग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शिविर में पौथू पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि गोरेलाल शर्मा, ईटार के मुखिया प्रतिनिधि सह पैक्स अध्यक्ष संजय यादव, काजपा के मुखिया प्रतिनिधि श्रीकांत कुमार, लट्टा के मुखिया प्रतिनिधि सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

# प्रेरणादायक व जागरूक करने वाली रही मन की बात

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 134वें संस्करण को लेकर भाजपा नेताओं ने इसे प्रेरणादायक और जनजागरण का माध्यम बताया है। औरंगाबाद भाजपा जिला प्रवक्ता अश्विनी तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में जल संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा, नवाचार, विज्ञान तथा समाज में सकारात्मक बदलाव ला रहे लोगों के कार्यों को देश के सामने प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि मन की बात केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने वाला राष्ट्रीय अभियान बन चुका है। अश्विनी तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जल संरक्षण को लेकर जो संदेश दिया है, वह वर्तमान समय में अत्यंत प्रासंगिक है। लोगों को वर्षा जल संचयन और जल बचाने के उपायों को अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री हमेशा देश के आम लोगों, युवाओं, किसानों, महिलाओं और समाज के विभिन्न वर्गों के सकारात्मक प्रयासों को मंच प्रदान करते हैं, जिससे अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि विज्ञान, नवाचार और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है तथा प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन युवाओं को नई दिशा देने का काम कर रहा है। भाजपा कार्यकर्ताओं से उन्होंने प्रधानमंत्री के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने और समाजहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता वेंकटेश शर्मा, गोपाल शरण सिंह, 20 सूत्री के सदस्य और पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ दिनेश कुमार वर्मा, राकेश पांडे, जमुना प्रसाद, रंजीत कुमार शर्मा, तारकेश्वर चंद्रवंशी, बंधु प्रसाद, युवा नेता मुन्ना तिवारी, दिलीप मिश्रा, धर्मेंद्र शर्मा, संजय प्रसाद सहित दर्जनों के संख्या में उपस्थित होकर प्रधानमंत्री का 134 वां मन की बात सुने।

## एक नजर

### बढ़ई मिस्त्री के बेटे ने हासिल किया 5176 वीं रैंक



**मदनपुर (औरंगाबाद)।** सजल ने जेईई एडवांस में सफलता प्राप्त कर नाम रौशन किया है। इस पर लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है। मदनपुर प्रखंड के बेरी गांव निवासी सजल कुमार ने जेईई एडवांस्ड 2026 में 5176 वीं अखिल भारतीय रैंक हासिल की है। ओबीसी-एनसीएल वर्ग में उन्हें 552 वां स्थान प्राप्त हुआ है। सजल का चयन आईआईटी पटना में कंप्यूटर साइंस शाखा में हुआ है। बेरी निवासी मनीष शर्मा और माता कविता देवी के पुत्र सजल कुमार का प्रारंभिक शिक्षा बेरी से ही हुआ है। वह गरीबी और आर्थिक तंगी हालात के कारण घर पर ही रह कर ऑनलाइन शिक्षा ग्रहण किया। जेईई एडवांस्ड में सजल को 360 में से 144 अंक प्राप्त हुए। इसमें रसायन विज्ञान में 68, भौतिकी में 48 और गणित में 28 अंक शामिल हैं। सजल ने बताया कि आईआईटी पटना से कंप्यूटर साइंस करने का उनका सपना था। सजल की सफलता पर ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। ग्रामीणों का कहना है कि मजदूर परिवार से आकर सरकारी विद्यालय में पढ़े सजल ने ऑनलाइन माध्यम और स्वाध्याय से आईआईटी में प्रवेश पाकर युवाओं के लिए उदाहरण प्रस्तुत किया है। बेरी मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक मो. नेहाल सागिर अंसारी, अभय कुमार शिकारी समेत अन्य लोगों ने सजल को बधाई दी है।

### खुले व जर्जर कुएं को एमएलए ने ढंकवाया

**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । विधायक डॉ. प्रकाश चंद्र ने बेलाढ़ी गांव के बीच स्थित लंबे समय से खुले और जर्जर पड़े कुएं पर मजबूत लोहे का सुरक्षा ढक्कन लगावाया है ताकि ग्रामीणों को संभावित दुर्घटनाओं से राहत मिल सके। जनसंपर्क अभियान के दौरान ओबरा विधायक की नजर इस कुएं पर पड़ी। यह लंबे समय से बिना किसी सुरक्षा व्यवस्था के खुला पड़ा था और गांववासियों, विशेषकर बच्चों एवं बुजुर्गों के लिए गंभीर खतरा बना हुआ था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए विधायक ने तत्काल निर्णय लिया। उनके निर्देश एवं सहयोग से गांव निवासी तथा लोजपा (रामविलास) नेता संतोष पासवान के माध्यम से सुरक्षा ढक्कन लगवाया गया।

### संगीत कलाकार महासंघ की जिला स्तरीय बैठक

**औरंगाबाद।** संगीत कलाकार महासंघ के जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष संतोष यादव ने की। बैठक में जिले के प्रत्येक प्रखंड के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष ने भाग लिया। इस मौके पर महासंघ के लोगों ने विस्तार से चर्चा की। इस मौके पर बारुन प्रखंड से अवध बिहारी, औरंगाबाद जिला के संगठन प्रभारी देवलाल पंडित, उपाध्यक्ष अक्षय चंचल, श्रीजानंद पांडेय, प्रदेश से आए हुए मगध सम्राट ब्यास सुदर्शन यादव, संगीत कलाकार महासंघ के फाउंडर चेयरमैन व्यास वकील साहनी, दक्षिणी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप प्रसाद गुप्ता, नॉर्मल नाल वादक बीरबल, नाल वादक विजय कुमार, विकास लव बिहारी, व्यास सुजीत हलचल, व्यास जियालाल, विकास तूफान, अवध बिहारी, राम व्यास, राम लगन, सुनील मंगलम सहित जिले के तमाम व्यास शामिल हुए।

### दुगुल मंगहा आहर में चल रहे चहका निर्माण कार्य का जिला पार्षद ने किया निरीक्षण

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के कासमा थाना क्षेत्र स्थित दुगुल मंगहा आहर में चल रहे चहका निर्माण कार्य का जिला पार्षद प्रदीप चौरसिया ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लिया तथा संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला पार्षद ने कहा कि चहका निर्माण कार्य पूरा होने के बाद क्षेत्र के सैकड़ों किसान परिवारों को सिंचाई की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। आहार में पानी का पर्याप्त संचयन होने से किसानों को फसलों की सिंचाई के लिए पानी की समस्या से राहत मिलेगी, जिससे कृषि उत्पादन में भी वृद्धि होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि जल संरक्षण की दृष्टि से यह परियोजना क्षेत्र के लिए काफी महत्वपूर्ण है। आहार में जल संचयन की क्षमता बढ़ने से अचानक होने वाली वर्षा के दौरान जल निकासी एवं जल प्रबंधन में भी सहायता मिलेगी, जिससे फसलों को नुकसान से बचाया जा सकेगा। जिला पार्षद ने संबंधित कार्य एजेंसी को निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर तथा गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

### नालन्दा में दाउदनगर के कलाकार ने मचाया धमाल




**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** इस्लामपुर नालंदा में यहां के जीआर डांस स्कूल के प्रिंस गोस्वामी ने धमाल मचा दिया। वहां आयोजित प्रतोयोगिता में वे फाइट आफ डांस 2026 के विजेता बने। प्रिंस गोस्वामी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम कर लिया। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने अपने संस्थान के साथ दाउदनगर और औरंगाबाद जिले का नाम रोशन किया है। प्रिंस गोस्वामी की सफलता के पीछे उनके गुरु गोविंदा राज का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। गुरु-शिष्य की यह जोड़ी लंबे समय से अपनी मेहनत, समर्पण और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जानी जाती रही है। डॉ. प्रकाशचंद्र, अपनी टीम के साथी अनुज, सुमित तथा बहन पुष्पांजलि पांडेय को श्रेय दिया। उन्होंने कहा कि इन सभी के सहयोग, मार्गदर्शन और विश्वास की बदौलत ही वे इस प्रतियोगिता में विजेता बनने में सफल हुए हैं। साथ ही उन्होंने भविष्य में और अधिक मेहनत कर अपने शहर और जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का संकल्प भी व्यक्त किया। गौरतलब है कि गोविंदा राज ने अपने संघर्ष के दिनों में छोटे-छोटे मंचों से शुरुआत की थी, लेकिन आज वे अपने विद्यार्थियों को बड़े-बड़े मंचों तक पहुंचाने में सफल हो रहे हैं।

# भीषण गर्मी : तप रही धरती, तड़प रहे लोग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** इन दिनों भीषण गर्मी से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। 10 बजते ही सड़कों पर सन्नाटा छा जाता है। आदमी के साथ भीषण गर्मी में जानवर भी बेहाल हैं। जानवर प्यास बुझाने के लिए पानी की तलाश में इधर-उधर भटकते नजर आते हैं। चिलचिलाती गर्मी ने जनजीवन प्रभावित किया है। लोग दिन भर गर्मी में पसीने से तर-बतर होकर झुलसने को मजबूर हैं। मंगलवार को अधिकतम 39 डिग्री तापमान अंकित की गई है। ऐसा प्रतीत हो रहा जैसे आसमान से आग बरस रहा है। तापमान में लगातार हो रही वृद्धि ने लोगों को झुलसा दिया है। गर्मी ने प्रचंड रूप धारण कर लिया है। गर्मी इतनी अधिक पड़ रही है कि लोग अपने घरों से निकलने में परहेज करने लगे हैं। साथ ही दिन के समय चलने वाली गर्म हवा लोगों की परेशानी को बढ़ा दिया है। चल रही गर्म हवाओं के कारण लोगों का शरीर झुलस रहा है। लोग पूरे शरीर को कपड़ों से ढककर घरों से निकलने को मजबूर हैं। गर्मी का प्रकोप बढ़ने के साथ ही दिन के समय शहर व गांवों की सड़क व गलियां सुनसान हो जाती हैं। गलियों में इक्का-दुक्का लोग ही नजर आते हैं। लोग घरों से निकलने में परहेज करने लगे हैं। दिन के समय मार्केट में दुकानदार ग्राहकों का इंतजार करने को मजबूर हैं। वहीं भीषण गर्मी व तेज गति से चल रही गर्म हवाओं में सबसे अधिक परेशानी दोपहिया वाहन चालकों को आ रही हैं। वहीं शहर में बढ़ती गर्मी के कारण ठंडे पेय पदार्थ दुकानों पर भीड़ लग रही है। आम जूस से लेकर कोल्डड्रिंक की बिक्री बढ़ गई है। नागरिकों की माने तो गर्मी बढ़ गई है। ऐसा लग रहा है जैसे चेहरा जल रहा है। घर से निकलने के लिए हिम्मत नहीं कर रहा है। बाजार में घर का जरूरी काम होने के कारण निकलना पड़ रहा है। गर्मी के अलावा लोग बिजली की कटौती से परेशान हैं। बिजली की आंख मिचौली प्रतिदिन की बात हो गई है। दिन में तीन से चार बार बिजली कट रही है। दुकानों पर दुकानदार ग्राहकों का इंतजार करते नजर आते हैं। तपती गर्मी से दिहाड़ी मजदूरों, विद्यार्थियों व सड़क किनारे दुकान लगाने वालों को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है।

# स्वास्थ्य सेवा के नाम पर जिंदगी से खिलवाड़, कुंभकर्णी नींद से कब जागेगा स्वास्थ्य विभाग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा प्रखंड मुख्यालय और इसके आस-पास के इलाकों में स्वास्थ्य सेवा के नाम पर मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ का धंधा धड़ल्ले से चल रहा है। चिकित्सा मानकों और सरकारी नियमों की खुलेआम अनदेखी कर कई निजी अस्पतालों का संचालन किया जा रहा है। इन अस्पतालों के बाहर और रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट पर तो बड़े-बड़े डिग्रीधारी डॉक्टरों के नाम और बोर्ड चमक रहे हैं, लेकिन हकीकत यह है कि इन अस्पतालों के केबिनों में मरीजों का इलाज बिना डिग्री वाले 'झोलाछाप' डॉक्टर और अप्रशिक्षित स्टाफ कर रहे हैं। स्थानीय लोगों और पीड़ित मरीजों से मिली जानकारी के अनुसार, इन निजी अस्पतालों ने प्रशासन की आंखों में धूल झोंकने के लिए एक नायाब तरीका निकाला है। नामी-गिरामी और डिग्रीधारी चिकित्सकों को मोटी रकम देकर केवल उनका नाम, रजिस्ट्रेशन नंबर और बोर्ड अस्पताल के बाहर टांग दिया जाता है। ये विशेषज्ञ चिकित्सक महीने में एक-दो बार या केवल किसी बड़े ऑपरेशन के वक्त ही बुलाए जाते हैं। बाकी के दिन अस्पताल का पूरा जिम्मा अनुभवहीन स्टाफ और कथित 'झोलाछाप' डॉक्टरों के हाथों में रहता है। इमरजेंसी की स्थिति में भी यही अप्रशिक्षित लोग मरीजों को दवा और इंजेक्शन तक दे रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि इन अस्पतालों में भर्ती होने वाले मरीजों को यह भनक तक नहीं लगती कि उनका इलाज करने वाला कोई चिकित्सकों नहीं बल्कि एक कंपाउंडर है। चिकित्सकों के बोर्ड के नाम पर मरीजों से मोटी फीस वसूली जाती है। इतना ही नहीं, बिना जरूरत के दर्जनों पैथोलॉजी टेस्ट और एक्स-रे लिख दिए जाते हैं, जिनमें अस्पताल और फर्जी चिकित्सकों का मोटा कमीशन तय होता है। नियमों के मुताबिक, किसी भी अस्पताल के संचालन के लिए वहां चौबीसों घंटे योग्य चिकित्सकों और प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ की मौजूदगी अनिवार्य है। लेकिन स्थानीय स्वास्थ्य विभाग की नाक के नीचे चल रहे इस खेल पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। मरीज की मौत पर परिजनों के हंगामे और अखबारों की सुर्खियों के दबाव में स्वास्थ्य विभाग द्वारा कभी कभार जांच के आदेश जारी किए जाते हैं, परंतु जांच का परिणाम 'ढाक के तीन पात' साबित होता है। गौरतलब है कि जांच करने वाले अधिकारियों को धरातल पर एक भी अवैध अस्पताल नहीं मिलता है। इसका मुख्य कारण यह है कि जांच की तारीख और समय की सूचना अस्पताल संचालकों को पहले ही मिल जाती है और वे अस्पताल को बंद कर जांच को धत्ता बता देते हैं। स्वास्थ्य विभाग के कुछ अधिकारियों की कथित मिलीभगत और 'लचर' निरीक्षण व्यवस्था के कारण ही इन फर्जी अस्पतालों के हौसले बुलंद हैं। मामला सिर्फ फर्जी इलाज तक ही सीमित नहीं है। नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए अस्पतालों से निकलने वाला संक्रमित कचरा खुले में फेंका जा रहा है, जिससे संक्रमण का खतरा मंडरा रहा है। इसके अलावा, बिना किसी योग्य फार्मासिस्ट के ही मरीजों को दवा बांटी जा रही हैं। अब देखना यह है कि इस खुलासे के बाद कुंभकर्णी नींद में सोया स्वास्थ्य विभाग जागता है या फिर मासूम मरीजों की जिंदगी के साथ यह खिलवाड़ यूं ही बदस्तूर जारी रहेगा।

# वर्षों बाद भी नहीं हुआ बेल तालाब पर घाट का निर्माण

**औरंगाबाद/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के ओबरा प्रखंड के बेल में सैकड़ों वर्ष पुराने पोखरा का हाल बेहाल है। जहां आज भी ग्रामीण घाट के लिए तरस रहे हैं। बताया जाता है कि यह तालाब पांच एकड़ में बना गैर मंजरुआ तालाब है परंतु संबंधित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधि के अनदेखी के कारण आज भी सौंदर्यीकरण तो दूर घाट का निर्माण नहीं हो सका है। एक वर्ष पूर्व तालाब को चारों तरफ से मिट्टी के ढेर से घेर दी गई है और एक तरफ से तालाब में जानें हेतु कुछ सीढ़िया भी बनाई गई है। परंतु चारो तरफ से घाट का निर्माण नहीं होने से बरसात के दिनों में मिट्टी का ढेर तालाब में गिरने लगता है। उड़ाही का भी कार्य हुआ परंतु सभी तरफ से घाटों का निर्माण नहीं हो सका। एक छोटे से घाट के सहारे किसी तरह छठ के मौके पर छठ व्रती स्नान करते है। तालाब के ठीक सामने भगवान भास्कर शिव भगवान, हनुमान शंकर एवं भगवान भास्कर की मूर्ति स्थापित है। छठ के मौके पर हजारों की संख्या में भीड़ उमड़ती है। फिर भी इसके प्रति सरकार अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उदासीन है।

# भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष को किया सम्मानित किया




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज शहर के कासमा रोड़ स्थित एक निजी भवन में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सम्मान समारोह आयोजित कर नव मनोनीत भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा, जिला प्रवक्ता अश्विनी तिवारी, जितेन्द्र कुमार, डॉ मनोज शर्मा, संजय कुमार, रंजीत कुशवाहा सहित अन्य अतिथियों को अंग वस्त्र , माला एवं गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नगर अध्यक्ष संतोष कुमार साव एवं संचालन ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बबलू सिंह ने किया। उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ता एकजूट रहे। जो दायित्व मिला है। काफी मजबूती के साथ काम करेगे। हर बुथ स्तर तक संगठन को और धारदार बनाने के लिये कहा। वक्ताओं ने कहा कि मुकेश शर्मा दो बार औरंगाबाद जिला के जिला अध्यक्ष रहे। भाजपा ने इन्हें पुर्व में प्रदेश मंत्री बनाया था। इनके कार्य को देखते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष का दायित्व दिया। कार्यकताओं ने बताया कि इनके मार्गदर्शन में हमलोगो ने कार्य किया है। 2025 के विधानसभा में औरंगाबाद जिले में छह विधानसभा में से पांच विधानसभा में एनडीए की जीत मिली है। कार्यकताओं ने बताया कि इनके नेतृत्व में भाजपा मजबुत होगा। इस मौके पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य दिनानाथ विश्वकर्मा, भाजपा जिला मंत्री सुबोध कुमार सिंह, जिला पार्षद प्रदीप चौरसिया, विमलेश पासवान,कासमा मंडल अध्यक्ष मनोज यादव, भदवा मंडल अध्यक्ष रामकुमार सिंह, बालगोविंद साव, वार्ड पार्षद सुबोध शर्मा, जितेन्द्र शर्मा, संजय सिंह, संजय शर्मा, सुबोध शर्मा, संतोष पाठक, संजीत कुशवाहा, वार मंडल अध्यक्ष मिथलेश कुमार, रंजीत शर्मा, भिखारी, मनोज सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## बुधई प्रीमियम लीग नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन, टिकारी की टीम बनी विजेता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)।** प्रखंड क्षेत्र के बुधई खुर्द गांव में बुधई प्रीमियम लीग के तत्वावधान में पिछले 10 वर्षों से आयोजित किए जा रहे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का सफलतापूर्वक समापन हो गया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजित प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट का उद्घाटन उपहारा थानाध्यक्ष आकाश कुमार, हसामपुर पंचायत के मुखिया आनंद कुमार, उपहारा मुखिया गुड्डू शर्मा तथा समाजसेवी अंबेडकर यादव और मुकेश यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं फीता काटकर किया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रामपुर और टिकारी की टीमों के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रामपुर की टीम ने निर्धारित समय में 58 रन बनाए। जवाब में टिकारी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए निर्धारित लक्ष्य को समय रहते हासिल कर ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया और टूर्नामेंट की विजेता बनी।

# एएनएम रेणु कुमारी को सेवानिवृत्ति पर दी गई भावभीनी विदाई



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में एएनएम रेणु कुमारी के 60 वर्ष की आयु पूर्ण कर सेवा निवृत्त होने के अवसर पर स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सहकर्मियों ने उनके लंबे एवं सराहनीय कार्यकाल को याद करते हुए सम्मानित किया। समारोह की शुरुआत हेलेना सोरेन, रंजन कुमारी एवं दावन तिग्गा द्वारा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह को अंगवस्त्र एवं गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित करने के साथ हुई। इसके बाद स्वास्थ्य प्रबंधक नेहा सिन्हा एवं सविता कुमारी ने रेणु कुमारी को अंगवस्त्र, माला एवं स्मृति-चिह्न देकर सम्मानपूर्वक विदाई दी। उपस्थित सभी एएनएम एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने बारी-बारी से उन्हें माला, गुलदस्ता एवं उपहार भेंट कर उनके योगदान की सराहना की। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रेणु कुमारी का कार्यकाल अत्यंत सराहनीय रहा है। उन्होंने पूरे समर्पण, ईमानदारी और लगन के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। उनका कार्य एवं सेवा भाव स्वास्थ्य कर्मियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा।

# नारायण व सावित्री के समय नहीं थी सशक्त स्थायी समिति







डॉ. उपेंद्र कश्यप/ नबिटा संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** बिहार के नगर निकायों में सशक्त स्थाई समितियों के गठन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। ऐसे में यह जानना भी दिलचस्प होगा कि सशक्त स्थाई समितियों के गठन की प्रक्रिया कब शुरू हुई और इसके गठन से पहले क्या होता था और अब इन समितियां के गठन की प्रक्रिया में कितना बदलाव आ गया। महत्वपूर्ण है कि बिहार में नगर निकायों में निर्वाचन वर्ष 1983 के बाद नहीं हुआ था। राबड़ी देवी के कार्यकाल में नगर निकायों का चुनाव 2002 में पुनः आरंभ हुआ। दाउदनगर नगर पंचायत (वर्ष 2017 से नगर परिषद) में 2002 से अप्रैल 05 तक नारायण प्रसाद तांती मुख्य पार्षद तो रोहिणी नंदिनी उप मुख्य पार्षद रहे। अप्रैल 2005 से 09 जुन 2007 तक सावित्री देवी मुख्य पार्षद तो रोहिणी नंदिनी उप मुख्य पार्षद रहे। इसके बाद नौ जून 2007 को परमानंद प्रसाद चेयरमैन बने। इनके कार्यकाल में भी यह गठित नहीं हुआ। वे 2012 तक चेयरमैन रहे। अविश्वास प्रस्ताव जीतने के बाद जब उनका दूसरा कार्यकाल शुरू हुआ तो सशक्त स्थायी समिति का गठन किया गया। तीसरी बार इन्होंने 28 जून 2014 को इस पद के लिए शपथ लिया था। बता दें कि इस बीच बिहार नगरपालिका अधिनियम 2007 लागू हुआ। इसी के तहत वर्ष 2010 से बिहार के नगर निकायों में सशक्त स्थायी समितियों का गठन शुरू हुआ। तब गठन के लिए सदस्य का मनोनयन चेयरमैन करते थे। यही प्रक्रिया अप्रैल 2016 तक लागू रही। इस दौरान नगर निकायों में सशक्त स्थायी समिति का गठन नहीं होता था। श्री तांती व श्रीमती देवी ने बताया कि तब क्रय समिति, करारोपण समिति, सफाई समिति, शिक्षा समिति, स्वास्थ्य समिति जैसी समितियां होती थी। इनकी बैठकें होती थी। यही समिति प्रस्ताव लाती थी। इन प्रस्तावों को अध्यक्ष अनुमोदन करते थे। वर्ष 2007 में जब नगर निकायों में चुनाव हुआ तो वर्ष 2010 से सरकार के निर्णय के बाद सशक्त स्थायी समितियों के गठन की परंपरा आरंभ हुई।

# पार्टी को मजबूत करने पर दें ध्यान : मुकेश शर्मा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** सिंचाई विभाग के अतिथि गृह में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष मुकेश शर्मा के बिहार भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त होने पर स्वागत एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। संगठन को मजबूत बनाने में उनके योगदान को देखते हुए पार्टी नेतृत्व द्वारा उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। स्वागत समारोह के उपरांत आयोजित बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा ने पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि बिहार में एनडीए की सरकार जनहित में निरंतर कार्य कर रही है और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के कुशल नेतृत्व में राज्य के विकास एवं जनता के कल्याण हेतु अनेक योजनाएं सफलतापूर्वक संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ आम जनता को मिल रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नगर अध्यक्ष श्याम कुमार पाठक ने की। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजय मेहता, जिला महामंत्री टैगोर जी, प्रदेश अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के सह-संयोजक अभय चंद्रवंशी, जिला उपाध्यक्ष अवधेश पासवान,विधानसभा प्रभारी रंजीत कुशवाहा, जिला प्रवक्ता अश्विनी तिवारी, शमशेर नगर मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा, मंडल अध्यक्ष रंजन वर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष सोनी देवी,संध्या शर्मा, डॉ. दिनेश वर्मा एवं अन्य उपस्थित रहे।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई—निविदा सूचना**

**ई—निविदा सूंचना सं० एस०जी०—डी०एस०ई०—ओ०टी०—12—26**

वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता, पूर्व मध्य रेल, राष्ट्रपति के तरफ से ई—निविदा, अनुभवी ठेकेदार से निर्मित फार्म में नीचे दिए गए कार्यों के लिए आमंत्रित करती है। **1. कार्य का नाम एवं स्थान :** प्रोविजन ऑफ एमएसडैक ईन पैरलल टू डीसी ट्रैक सर्किट एट न्यूली कमीशंड अंकोरा एंड नबी नगर रोड स्टेशन ऑफ एडीडीयू डीविजन। **2. कार्य का अनुमानित मूल्य :** ₹6,52,81,894.61/— (छः करोड़ बावन लाख इक्यासी हजार आठ सौ चौरानबे रूपये एवं इकसठ पैसे मात्र)। **3. धरोहर राशि :** ₹13,05,600.00/— (तेरह लाख पॉच हजार छः सौ रूपये मात्र)। **4. ई—निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** दिनांक 22/06/2026 को 12:30 तक। **5. वेब साईट का पता जहॉं से ई—निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है :** www.ireps.gov.in

**मं०सं० एवं दू०सं०अभि०**
**पूर्व मध्य रेल, पं०दी०द०उपा०**

**पीआर/0334/डीडीयू/एस&टी/टी/26—27/32**



बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद**

**अल्पकालीन निविदा संख्या—03/भ0प्र0 औरंगाबाद/2026—27**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :—कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद।
2. निविदा आमंत्रित करने की तिथि :—दिनांक 25.05.2026
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :—दिनांक 15.06.2026 को अपराहन 1:00 बजे तक.
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :—दिनांक 16.06.2026 को अपराहन 3:00 बजे तक.
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :—दिनांक 16.06.2026 को अपराहन 3:30 बजे से
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :— (क) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन प्रमंडल, औरंगाबाद
   (ख) सहायक अभियंता का कार्यालय भवन अवर प्र0सं0—1 औरंगाबाद।
   (ग) सहायक अभियंता का कार्यालय भवन अवर प्र0सं0—2 औरंगाबाद।
   (घ) अधीक्षण अभियतां का कार्यालय भवन अंचल गया।
7. निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थान क्रमांक 6 के अनुसार
8. **कार्य विवरणी:—**

| क0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | मंडल कारा, औरंगाबाद के मुलाकाती कक्ष में बंदियों एवं परिजनों के बीच साक्षात्कार हेतु Toughened Glass लगाने का कार्य | 6.266 | 12600.00 | 1250.00 | 45 दिन |
| 2 | मंडल कारा, औरंगाबाद के संसीमित बंदियों को भोजन परोसने के उद्देश्य से टाईल्स युक्त बुफे काउन्टर निर्माण कार्य | 1.405 | 2900.00 | 500.00 | 30 दिन |
| 3 | मंडल कारा, औरंगाबाद में बंदियों हेतु सैलून कक्ष का निर्माण कार्य | 4.03 | 8100.00 | 750.00 | 45 दिन |
| 4 | मंडल कारा, औरंगाबाद में मुख्य द्वार पर कारा सुरक्षा हेतु संतरी मोर्चा का निर्माण कार्य | 4.666 | 9400.00 | 750.00 | 45 दिन |
| 5 | उपकारा में सैलून अधिष्ठापन कार्य 2023—24 | 4.251 | 8600 | 750.00 | 45 दिन |
| 6 | उपकारा,दाउदनगर में मुलाकाती कक्ष में बंदियों एवं परिजनों के बीच साक्षात्कार हेतु Toughened Glass लगाने का कार्य | 3.553 | 7200 | 750.00 | 30 दिन |
| 7 | उपकारा दाउदनगर में बंदियों को भोजन परोसने के उद्देश्य से बुफे काउन्टर निर्माण कार्य | 1.405 | 2900 | 500.00 | 30 दिन |
| | कुल | 25.576 | | | |

निविदा की विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

**कार्यपालक अभियंता**
**भवन प्रमंडल, औरंगाबाद**

PR- 004802 ( BCD ) 2026-27

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

# 'सहयोग शिविर' के दौरान पंचायत स्तर पर समस्याओं के त्वरित समाधान को मिली गति

## उद्योग सचिव-सह-बेगूसराय के प्रभारी सचिव ने सहयोग शिविर के दौरान आमजन से किया सीधा संवाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के दूरदर्शी नेतृत्व में सात निश्चय योजना-3 के अंतर्गत सबका सम्मान, जीवन आसान के संकल्प को साकार करने हेतु राज्यभर में आज से सहयोग शिविर का आयोजन प्रारंभ किया गया। इस अभिनव पहल के माध्यम से पंचायत स्तर पर आमजन की समस्याओं के त्वरित, सरल एवं प्रभावी समाधान हेतु प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाया जा रहा है। इसी क्रम में आज मटिहानी प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत राज खोरमपुर में आयोजित सहयोग शिविर में उद्योग विभाग सचिव सह बेगूसराय जिला के प्रभारी कुंदन कुमार ने भाग लिया। उन्होंने शिविर का निरीक्षण कर विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आमजनों से प्राप्त आवेदनों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी, बेगूसराय श्री श्रीकांत शास्त्री, पुलिस अधीक्षक श्री मनीष, उप विकास आयुक्त श्री आकाश चौधरी सहित जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, कर्मी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण एवं लाभुक उपस्थित रहे। प्रभारी सचिव ने शिविर में उपस्थित लाभुकों से संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि सहयोग शिविर का उद्देश्य आमजन को विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर सुलभ कराना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त सभी आवेदनों का समयबद्ध निष्पादन सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत राज खोरमपुर में सहयोग शिविर के आयोजन से पूर्व कुल 59 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनका निष्पादन शिविर प्रारंभ होने से पूर्व ही सुनिश्चित कर लिया गया। वहीं शिविर के दौरान प्राप्त आवेदनों के शीघ्र निष्पादन हेतु भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। शिविर के दौरान प्रभारी सचिव द्वारा विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित लाभुकों को स्वीकृति पत्र एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज वितरित किए गए। योजनाओं का लाभ प्राप्त कर लाभुकों ने प्रसन्नता व्यक्त की तथा जिला प्रशासन की इस पहल की सराहना की। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से आमजनों को सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा ऑन-द-स्पॉट आवेदन प्राप्त कर समाधान की प्रक्रिया भी संचालित की गई।

खोरमपुर पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर के निरीक्षण उपरांत प्रभारी सचिव श्री कुंदन कुमार द्वारा भगवानपुर प्रखंड अंतर्गत महेशपुर पंचायत एवं बरौनी प्रखंड अंतर्गत पपरौर पंचायत में आयोजित सहयोग शिविरों का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया, लाभुकों से संवाद किया तथा संबंधित अधिकारियों को शिविरों के प्रभावी संचालन एवं योजनाओं के लाभ को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# सहयोग शिविर में 87 आवेदनों में से 72 निष्पादित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नावकोठी।** प्रखण्ड के पहसारा पूर्वी पंचायत के पंचायत भवन पर सहयोग शिविर का आयोजन मंगलवार को किया गया। इसकी अध्यक्षता नोडल पदाधिकारी जिला परिवहन पदाधिकारी राजीव कुमार ने की। नोडल पदाधिकारी ने कहा कि आम लोगों की समस्या के त्वरित समाधान हेतु सहयोग शिविर का आयोजन किया जाना है। इसमें आनलाइन तथा आफलाइन आवेदन लिये जाएंगे। प्राप्त आवेदन को एक सप्ताह के अंदर निष्पादन किया जाना है। यदि आवेदन कुछ लंबे तहकीकात का है, तो उसको भी 30 दिन के अंदर निष्पादित करना है। यदि निष्पादन योग्य आवेदन नहीं है तो इसका उचित कारण बताते हुए आवेदक को सूचना दे दी जाएगी। इसमें पूर्व से आनलाइन 87 आवेदन प्राप्त हुए। इन आवेदन में से 72 आवेदनों का निष्पादन शिविर के पूर्व ही कर दिया गया है, एवं 15 आवेदन लंबित रह गये हैं। जिसमें कुछ जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, राजस्व विभाग, बिजली विभाग एवं नल जल योजना से संबंधित है। समाज कल्याण विभाग के 40, राजस्व एवं भूमि सुधार के 25, योजना एवं विकास विभाग के 9, पंचायती राज विभाग के 6, पेंशन विभाग 5, विद्युत विभाग का 2, ग्रामीण विकास विभाग, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग आदि विभाग से ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किए गए। इस तरह से कुल 87 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें विभिन्न विभाग के 72 आवेदनों का निष्पादन हो चुका है। लंबित 15 आवेदन सभी विभागों से संबंधित है। विभिन्न विभाग से आज के शिविर में नए 30 आवेदन प्राप्त किये गये हैं। इन आवेदनों में सबसे अधिक नल जल योजना, विधुत विभाग, भूमि एवं राजस्व विभाग आदि से संबंधित है। प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभाग को भेजकर एक सप्ताह के अंदर निष्पादन कर अगले शिविर में आवेदन की अद्यतन स्थिति की जानकारी आवेदक को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। नोडल पदाधिकारी ने शिविर में लाभुकों को राशन कार्ड, बासगीत पर्चा, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र भी हाथों हाथ बाटे। मौके पर बीडीओ राहुल रंजन, सीओ सूरज कुमार, बीसीओ अनिल कुमार चौधरी, बीएओ रौशन कुमार, एमओ मनोज कुमार, एलईओ मेघा वर्मा, एलएस सुनीता कुमारी, सीडीपीओ रश्मि कुमारी, प्रभारी थाना अध्यक्ष विश्वजीत कुमार, बीपीआरओ जितेंद्र कुमार, मुखिया दिनेश यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश महतो, पैक्स अध्यक्ष दिलीप कुमार, कार्यपालक सहायक बिजली विभाग प्रवीण कुमार, बीसीएम ऊषा कुमारी, एएनएम सोनी कुमारी, पंचायत कार्यपालक सहायक राजश्री कुमारी, राजस्व कर्मचारी पप्पू कुमार, पंचायत सचिव, आवास सहायक सहित दर्जनो की संख्या में आवेदक आदि मौजूद थे।

# निगरानी विभाग की टीम ने अमीन को घूस लेते पकड़ा

**बांका (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सर्वेयर अमीन आदित्य कुमार को घुस लेते आज निगरानी विभाग की टीम ने रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है। सूत्रों के अनुसार आज चंदन प्रखंड के सर्वेयर अमीन आदित्य कुमार को 8500 रुपए घुस लेते गिरफ्तार कर लिया है। चंदन प्रखंड के असौड़ा गांव के दिनेश मंडल के ज़मीन में माता, पिता के नाम में कुछ त्रुटि हो गई थी, जिसके लिए अमीन ने 10 हजार रुपए की मांग की थी।

# विश्व दुग्ध दिवस पर बरौनी डेयरी में कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** विश्व दुग्ध दिवस के अवसर पर दुग्ध संघ बरौनी में सोमवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दुग्ध संघ के माननीय अध्यक्ष महोदय, प्रबंध निदेशक महोदय, निदेशक मंडल के सदस्यगण, पदाधिकारी, कर्मचारीगण, सहयोगी, दुग्ध उत्पादक किसान, दुग्ध उत्पादक सहयोग समितियों के अध्यक्ष एवं सचिव, कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता, वितरक, खुदरा विक्रेता तथा दुग्ध संघ परिवार से जुड़े सभी सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान निदेशक मंडल के सदस्यगणों द्वारा दुग्ध संघ, बरौनी की दुग्ध संग्रहण एवं विपणन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियों की सराहना की गई तथा प्रबंध निदेशक एवं समस्त कर्मियों को बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी उत्साह एवं समर्पण के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक दुग्ध संघ बरौनी रविन्द्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि दुग्ध संग्रहण में निरंतर वृद्धि तथा दुग्ध उत्पादक किसानों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए संघ द्वारा मोबाइल वेटेनरी सेवा के माध्यम से गांव-गांव एवं घर-घर पशु चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि किसानों की सुविधा एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अब दुग्ध मूल्य का भुगतान प्रत्येक 10 दिनों पर डीबीटी के माध्यम से सीधे किसानों के बैंक खातों में किया जायेगा। जिससे किसानों को समय पर एवं सीधे भुगतान का लाभ मिले।उन्होंने यह भी बताया कि हाल ही में दुग्ध उत्पादक किसानों को लीन इंसेंटिव का भुगतान किया गया है। किसानों के निरंतर सहयोग, विश्वास एवं समर्पण के परिणामस्वरूप आज दुग्ध संघ, बरौनी दुग्ध संग्रहण के क्षेत्र में बिहार के अग्रणी दुग्ध संघों में अपना महत्वपूर्ण स्थान बनाए हुए है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने, पशुपालन को बढ़ावा देने तथा किसानों की आय में वृद्धि हेतु सभी संबंधित पक्षों को मिलकर कार्य करने का आह्वान किया।

# नागरिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ सुलभ तरीके से मिले : विधायक

## आवेदनों का किया गया ऑन द स्पॉट निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** बरौनी प्रखंड अंतर्गत मल्हीपुर दक्षिण पंचायत में मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों एवं लाभुकों ने भाग लेकर विभिन्न विभागों से संबंधित अपनी समस्याओं, शिकायतों एवं आवेदन प्रस्तुत किए। सहयोग शिविर में तेघड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक रजनीश कुमार, जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री तथा पुलिस अधीक्षक श्री मनीष सहित जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। उपस्थित अधिकारियों ने शिविर का निरीक्षण करते हुए विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया तथा आमजन से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर विधायक रजनीश कुमार ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि आम नागरिकों को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ सुलभ एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध हो। सहयोग शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम बन रहा है। जिससे लोगों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर त्वरित समाधान संभव हो पा रहा है। जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन नागरिकों की समस्याओं के समाधान के प्रति संवेदनशील एवं प्रतिबद्ध है तथा सहयोग शिविर का उद्देश्य आमजन को विभिन्न सरकारी कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर से राहत प्रदान करना है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को आवेदन निष्पादन की नियमित समीक्षा करने तथा पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने भी आमजन से संवाद स्थापित करते हुए सुरक्षा, कानून-व्यवस्था तथा जनसहभागिता के महत्व पर बल दिया तथा नागरिकों से प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर सामाजिक सौहार्द एवं सुरक्षित वातावरण बनाए रखने की अपील की। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा आमजन को संचालित कल्याणकारी योजनाओं, सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों, राजस्व, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, ग्रामीण विकास, आपूर्ति, बिजली, पेयजल तथा अन्य जनहितकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई गई। संबंधित विभागों द्वारा प्राप्त आवेदनों का पंजीकरण किया गया तथा कई मामलों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन भी किया गया। शिविर से पूर्व ग्राम पंचायत मल्हीपुर दक्षिण में कुल 579 आवेदनों का निष्पादन किया गया। सहयोग शिविर में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे प्रशासन और आम जनता के बीच विश्वास एवं सहभागिता को सुदृढ़ करने वाला प्रयास बताया। जिला प्रशासन द्वारा भविष्य में भी इसी प्रकार पंचायत स्तर पर सहयोग शिविरों के माध्यम से जनसमस्याओं के समाधान एवं सरकारी योजनाओं की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

# एनटीपीसी कांटी के नए परियोजना प्रमुख बने पंकज कुमार गुप्ता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**मुजफ्फरपुर।** एनटीपीसी कांटी में मुख्य महाप्रबंधक पंकज कुमार गुप्ता ने परियोजना प्रमुख का पदभार ग्रहण कर लिया है। विद्युत क्षेत्र में 34 वर्षों से अधिक का अनुभव रखने वाले श्री गुप्ता ने वर्ष 1991 में एनटीपीसी में एक्जीक्यूटिव ट्रेनी के रूप में अपने करियर की शुरुआत की थी। अपने लंबे कार्यकाल के दौरान उन्होंने एनटीपीसी की विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं और विभागों में जिम्मेदारियां निभाई हैं। उन्होंने कहलगांव परियोजना, कॉर्पोरेट सेंटर, ऊर्ज़ा संक्रमण एवं नीति समूह तथा हाल ही में एनटीपीसी मेजा में महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाईं। परियोजना अभियांत्रिकी, यांत्रिक प्रणालियों, ऊर्ज़ा संक्रमण, पर्यावरणीय प्रबंधन और योजना के क्षेत्रों में उनकी विशेष विशेषज्ञता रही है। शैक्षणिक रूप से श्री गुप्ता ने लखनऊ विश्वविद्यालय से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बीटेक तथा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली से एप्लाइड मैकेनिक्स में एमटेक की उपाधि प्राप्त की है। 390 मेगावाट क्षमता वाले एनटीपीसी कांटी बिहार की प्रमुख विद्युत उत्पादन इकाइयों में शामिल है और राज्य सहित पूर्वी भारत की ऊर्ज़ा आवश्यकताओं की पूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। परियोजना ने परिचालन उत्कृष्टता, सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण तथा सामुदायिक विकास के क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। पदभार ग्रहण करने के बाद श्री गुप्ता ने कहा कि उनका प्रयास परिचालन उत्कृष्टता और सुरक्षा के उच्चतम मानकों को बनाए रखते हुए परियोजना को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का होगा। उन्होंने बालिका सशक्तिकरण अभियान सहित विभिन्न सीएसआर कार्यक्रमों को और प्रभावी बनाने तथा स्थानीय समुदायों के विकास में एनटीपीसी की भागीदारी को सुदृढ़ करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। एनटीपीसी कांटी परिवार ने पंकज कुमार गुप्ता का स्वागत करते हुए उनके सफल एवं प्रेरणादायी कार्यकाल की शुभकामनाएं दी हैं।

# मुंगेर विश्वविद्यालय में बकाया वेतन और पेंशन जारी होने की संभावना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** मंगलवार को सुबह 11:00 बजे, पटना में जगजीवन राम संसदीय सामाजिक एवं राजनीतिक शोध संस्थान के सभागार में, बिहार सरकार के उच्च शिक्षा विभाग के निदेशक प्रोफ़ेसर नवीन कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में, बिहार के सभी पारंपरिक विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों और वित्त पदाधिकारियों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान, अक्टूबर 2021 से नवंबर 2022 के बीच महालेखाकार द्वारा किए गए ऑडिट में पाई गई कमियों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। उप निदेशक दीपक कुमार सिंह ने विभिन्न विश्वविद्यालयों से जुड़े विशिष्ट मुद्दों पर बिंदुवार चर्चा की, और तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई के लिए सलाह और निर्देश जारी किए। उपयोगिता प्रमाण पत्रों के मामले पर भी चर्चा हुई। मुंगेर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कुलसचिव डॉ. घनश्याम राय और वित्त अधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने किया। जब कुलसचिव डॉ राय ने मुंगेर विश्वविद्यालय की स्थिति के बारे में जानकारी चाही, तो उन्हें बताया गया कि विभाग से संबंधित कोई भी मामला वर्तमान में लंबित नहीं है। इसका अर्थ है कि मुंगेर विश्वविद्यालय को महालेखाकार की ऑडिट रिपोर्ट में 'क्लीन चिट' मिल गई है। उपयोगिता प्रमाण पत्रों के संबंध में, विभाग ने आगे पुष्टि की कि मुंगेर विश्वविद्यालय ने अपने सभी (100%) उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा कर दिए हैं। कविभाग की ओर से प्रभास कुमार, अजय कुमार आदि सक्रिय थे। बिहार विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफ़ेसर समीर कुमार शर्मा, केएसडीएसयू के कुलसचिव डॉ दिनेश झा, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के वित्त सलाहकार इन्द्र कुमार, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के वित पदाधिकारी सुबोध वर्मा आदि उपस्थित थे।

# जिला संग्रहालय में इंटर्नशिप कार्यक्रम का शुभारंभ

## जीडी कॉलेज के छात्र ले रहे भाग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** कला एवं संस्कृति कार्यालय द्वारा मंगलवार को जिला संग्रहालय में इंटर्नशिप कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में जीडी कॉलेज के प्राचीन इतिहास विषय के छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। ज्ञातव्य है कि सीबीसीएस (चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम) के अंतर्गत सत्र 2023-27 से संचालित बीए, बीएससी एवं बीकॉम पाठ्यक्रमों के पांचवें सेमेस्टर में इंटर्नशिप घटक को शामिल किया गया है। इंटर्नशिप का उद्देश्य विद्यार्थियों को अकादमिक अध्ययन के साथ वास्तविक कार्य-अनुभव प्रदान करना, डॉक्यूमेंटेशन एवं रिपोर्ट तैयार करने की क्षमता विकसित करना तथा मौखिक परीक्षा (वाइवा) एवं प्रस्तुतीकरण के लिए व्यावहारिक दक्षता उपलब्ध कराना है। इस इंटर्नशिप की कुल अवधि 120 घंटे निर्धारित की गई है। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु प्राचीन इतिहास विषय के छात्र-छात्राओं को बेगूसराय संग्रहालय में इंटर्नशिप कराई जा रही है। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों को संग्रहालय एवं उससे संबंधित विविध कार्यों का सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसमें संग्रहालय का परिचय, कार्यप्रणाली, प्रशासनिक व्यवस्था, संग्रहालय की अवधारणा, कलाकृतियों का अभिलेखीकरण एवं संरक्षण, प्रतिदर्शनी व्यवस्था, प्रकाशीय व्यवस्था, विशेष प्रदर्शनी का महत्व, संग्रहालय में शिक्षा, शोध एवं प्रकाशन से संबंधित गतिविधियों की जानकारी दी जाएगी।इसके अतिरिक्त प्रतिभागियों को पुरातत्व वीथिका, बेगूसराय जिले के प्राचीन एवं ऐतिहासिक स्थलों, सांस्कृतिक विरासत तथा पर्यटन से जुड़े विषयों पर भी अध्ययन एवं व्यावहारिक कार्य कराया जाएगा। यह इंटर्नशिप कार्यक्रम 20 जून तक संचालित किया जाएगा।इसी क्रम में आज जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी -सह-सहायक संग्रहालयाध्यक्ष श्याम कुमार सहनी ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए छात्र-छात्राओं को संग्रहालय की अवधारणा, उसकी भूमिका तथा बेगूसराय जिले की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासतों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में सहयोगी विषय विशेषज्ञ सगुफ्ता बेगम द्वारा संग्रहालय के इतिहास एवं उससे जुड़े विभिन्न विषयों का परिचय कराया गया।य ह इंटर्नशिप कार्यक्रम विद्यार्थियों को संग्रहालय अध्ययन, विरासत संरक्षण एवं सांस्कृतिक धरोहरों की समझ विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण अनुभव प्रदान करेगा।

# संगठन सृजन अभियान के तहत अररिया पहुंचे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**अररिया।** बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम सोमवार को पार्टी के संगठन सृजन अभियान के तहत अररिया पहुंचे। उनके आगमन पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष मासूम राजा के नेतृत्व में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हरिया टोल प्लाजा पर भव्य स्वागत किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। अररिया पहुंचने के बाद प्रदेश अध्यक्ष शहर के खरैहिया बस्ती स्थित वार्ड संख्या-11 के महादलित टोला पहुंचे, जहां आयोजित दलित संवाद कार्यक्रम में उन्होंने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने महादलित समाज के लोगों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना तथा कांग्रेस पार्टी की नीतियों और जनहित से जुड़े मुद्दों की जानकारी दी। अपने संबोधन में राजेश राम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के अधिकार, सम्मान और विकास के लिए संघर्ष करती रही है। उन्होंने कहा कि दलित, महादलित, पिछड़े और वंचित वर्गों को न्याय दिलाना कांग्रेस की प्राथमिकता रही है और आगे भी रहेगी। इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष सर्किट हाउस पहुंचे, जहां उन्होंने पत्रकारों से बातचीत की। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने राज्य और केंद्र सरकार पर कई मुद्दों को लेकर हमला बोला। उन्होंने बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा व्यवस्था, किसानों की समस्याओं और सामाजिक न्याय जैसे विषयों को उठाते हुए सरकार की नीतियों की आलोचना की। कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शकील अहमद खान सहित पार्टी के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन कांग्रेस जिला अध्यक्ष मासूम राजा की अध्यक्षता में किया गया। कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम को आगामी राजनीतिक गतिविधियों और संगठन विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# परिचालन, सुरक्षा, पर्यावरण एवं सामाजिक दायित्व कार्यक्रमों की समीक्षा

## निदेशक (प्रचालन) ने एनटीपीसी कहलगांव परियोजना का किया दो दिवसीय दौरा, दिए महत्वपूर्ण निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भागलपुर।** एनटीपीसी लिमिटेड के निदेशक (प्रचालन) श्री रवीन्द्र कुमार ने 31 मई से 1 जून तक 2340 मेगावाट क्षमता वाली कहलगांव विद्युत परियोजना का दो दिवसीय दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बिजली उत्पादन सहित विभिन्न परिचालन गतिविधियों की अद्यतन जानकारी प्राप्त की और परियोजना के समग्र प्रदर्शन की समीक्षा की।

दौरे के क्रम में श्री कुमार ने सेंट्रल कंट्रोल रूम, वैगन ट्रिपलर, एफजीडी क्षेत्र तथा ऐश डाइक क्षेत्र का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने संयंत्र की परिचालन दक्षता, सुरक्षा मानकों, पर्यावरण संरक्षण उपायों और अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियों का विस्तृत मूल्यांकन किया। उन्होंने अधिकारियों के साथ विभिन्न चुनौतीपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करते हुए उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही, संसाधनों के बेहतर उपयोग, समयबद्ध समस्या समाधान तथा संयंत्र की विश्वसनीयता और उपलब्धता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया।

इस अवसर पर निदेशक (प्रचालन) ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की तथा युवा अधिकारियों से संवाद स्थापित किया। उन्होंने कर्मचारी यूनियनों एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात कर उनके सुझावों को गंभीरता से सुना।

पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाते हुए श्री कुमार ने मानसरोवर अतिथि गृह परिसर में वृक्षारोपण किया और हरित एवं सतत विकास के महत्व पर बल दिया। अपने दौरे के दौरान उन्होंने परियोजना की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उत्कृष्ट परिचालन, सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक दायित्व कार्यक्रमों, ऐश यूटिलाइजेशन तथा प्रोजेक्ट निष्पादन को और अधिक सुदृढ़ करने का आह्वान किया। उनका यह दौरा अधिकारियों, कर्मचारियों तथा 'बालिका सशक्तिकरण अभियान 2026' में भाग लेने वाली बालिकाओं के लिए प्रेरणादायक एवं उत्साहवर्धक साबित हुआ।

# रिफाइनरी की परिधि में धारा 163 लागू

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के निर्देशन में अनुमंडल दण्डाधिकारी सदर अनिल कुमार (बिप्रसे) द्वारा आईओसीएल बरौनी रिफाइनरी क्षेत्र की सुरक्षा, विधि-व्यवस्था एवं पेट्रोलियम उत्पादों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के अंतर्गत निषेधाज्ञा लागू की गई है। महाप्रबंधक (एचआर), आईओसीएल बरौनी रिफाइनरी द्वारा 1 जून को प्रेषित पत्र के माध्यम से प्रशासन को सूचित किया गया था कि विस्तार परियोजना बीआर-09 के अंतर्गत कार्यरत कुछ संविदा श्रमिकों द्वारा रिफाइनरी के प्रमुख प्रवेश द्वारों–गेट संख्या 3डी, 4ए एवं 01बी–पर आंदोलन किए जाने की संभावना है।बरौनी रिफाइनरी को आवश्यक सेवा रख-रखाव अधिनियम, 1968 के अंतर्गत सार्वजनिक उपयोगिता उद्योग घोषित किया गया है। ऐसे में इसके संचालन में किसी भी प्रकार का व्यवधान जिले, राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति एवं जनहित को प्रभावित कर सकता है। स्थिति की संवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते हुए अनुमंडल दण्डाधिकारी द्वारा एहतियाती कार्रवाई के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई है।

# हजारीबाग झील बनेगा नो व्हीकल जोन

## पर्यटन क्षेत्र घोषित कराने की पहल तेज, विभाग को लिखा गया पत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** हजारीबाग शहर की पहचान मानी जाने वाली हजारीबाग झील को नो-व्हीकल जोन बनाने की दिशा में प्रशासनिक और नगर निगम स्तर पर पहल तेज हो गई है। हजारीबाग नगर निगम बोर्ड द्वारा झील क्षेत्र को नो-व्हीकल जोन घोषित करने का प्रस्ताव पारित किए जाने के बाद जिला प्रशासन ने भी इस दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं। हजारीबाग महापौर अरविन्द कुमार राणा द्वारा उपायुक्त हेमंत सती से किए गए आग्रह के बाद जिला प्रशासन ने झील क्षेत्र को नो-व्हीकल जोन के रूप में स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसके साथ ही उपायुक्त ने झील को पर्यटन क्षेत्र घोषित कराने के लिए पर्यटन विभाग को पत्र भेजा है। इससे पहले महापौर भी पर्यटन विभाग को पत्र लिखकर झील को पर्यटन क्षेत्र घोषित करने की मांग कर चुके हैं। मंगलवार को नो-व्हीकल जोन की



व्यवस्था को लागू करने की तैयारियों के तहत अधिकारियों की एक टीम ने झील क्षेत्र का निरीक्षण किया। आयुक्त के निर्देश पर पहुंची टीम ने संभावित व्यवस्थाओं, यातायात नियंत्रण और आवश्यक बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया। पूरे अभियान की निगरानी स्वयं उपायुक्त हेमंत सती कर रहे हैं। जिला प्रशासन का मानना है कि झील क्षेत्र में वाहनों की आवाजाही सीमित होने से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही स्थानीय लोगों और पर्यटकों को सुरक्षित, स्वच्छ और शांत वातावरण उपलब्ध हो सकेगा। झील को पर्यटन क्षेत्र घोषित किए जाने से इसके संरक्षण, सौंदर्यीकरण और पर्यटन विकास की संभावनाओं को भी नया बल मिलने की उम्मीद है। शहरवासियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे हजारीबाग के विकास और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है।

## उसरी नदी किनारे बनेगा भव्य मरीन ड्राइव, जुलाई से शुरू हो सकता है निर्माण कार्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** शहर के विकास और सौंदर्यीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए उसरी नदी किनारे भव्य मरीन ड्राइव निर्माण की योजना अब धरातल पर उतरने के करीब पहुंच गई है। शास्त्री नगर से अरगाघाट तक उसरी नदी की तलहटी में प्रस्तावित इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर लगभग 31 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे जानकारी के अनुसार, गिरिडीह विधायक एवं झारखंड सरकार के नगर विकास मंत्री सुदीव्य कुमार सोनू की पहल पर इस परियोजना को गति मिली है। योजना के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी जुडको को सौंपी गई है और इसके लिए टेंडर प्रक्रिया लगभग अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। अधिकारियों का कहना है कि यदि सभी औपचारिकताएं समय पर पूरी हो जाती हैं तो जुलाई माह से निर्माण कार्य शुरू होने की संभावना है। मरीन ड्राइव के निर्माण के बाद उसरी नदी का तट आधुनिक और आकर्षक स्वरूप में नजर आएगा। यहां लोगों के लिए मॉर्निंग वॉक, जॉगिंग, व्यायाम और मनोरंजन की बेहतर सुविधाएं विकसित की जाएंगी। साथ ही नदी किनारे सुंदरीकरण, बैठने की व्यवस्था और आकर्षक प्रकाश व्यवस्था भी की जाएगी, जिससे यह क्षेत्र शहरवासियों के लिए नया पर्यटन एवं मनोरंजन केंद्र बन सके स्थानीय लोगों का मानना है कि यह परियोजना गिरिडीह की पहचान को नई ऊंचाई देगी। मरीन ड्राइव बनने से न केवल शहर की खूबसूरती में इजाफा होगा, बल्कि पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ स्थानीय व्यापार और रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी शहरवासियों को अब उस दिन का इंतजार है, जब उसरी नदी का किनारा एक आधुनिक मरीन ड्राइव के रूप में विकसित होकर गिरिडीह की नई पहचान बनेगा।

## देवघर एम्स में अत्याधुनिक रक्त केंद्र का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर।** देवघर एम्स में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। आज सांसद निशिकांत दुबे ने एम्स परिसर में अत्याधुनिक रक्त केंद्र (ब्लड बैंक) का उद्घाटन किया। इस अवसर पर एम्स के अधिकारी, चिकित्सक एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। देवघर स्थित एम्स में सांसद निशिकांत दुबे ने फीता काटकर रक्त केंद्र का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद उन्होंने कहा कि इस रक्त केंद्र के शुरू होने से क्षेत्र के मरीजों को समय पर सुरक्षित रक्त उपलब्ध कराने में बड़ी सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि आपातकालीन परिस्थितियों में भी मरीजों को बेहतर और त्वरित चिकित्सा सुविधा प्रदान करने में यह केंद्र अहम भूमिका निभाएगा।

एम्स प्रबंधन के अनुसार रक्त केंद्र के संचालन से न केवल देवघर बल्कि संताल परगना सहित आसपास के जिलों के मरीजों को भी लाभ मिलेगा। यह सुविधा स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगी।

## चार अवैध खनन मुहानों को किया गया डोजरिंग

**हजारीबाग (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** हजारीबाग में अवैध कोयला उत्खनन पर अंकुश लगाने के लिए सीसीएल सुरक्षा विभाग, चरही पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। वनभूमि पर संचालित चार अवैध खनन मुहानों को डोजरिंग कर पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, सीसीएल के तापीन उत्तर और तापीन दक्षिण परियोजना के समीप स्थित नोनियाबेडा क्षेत्र में लंबे समय से वनभूमि पर अवैध तरीके से कोयला उत्खनन किए जाने की शिकायत मिल रही थी इसके बाद संयुक्त अभियान चलाए हुए टीम ने अवैध खनन के लिए बनाए गए चार मुहानों की पहचान की और सीसीएल तापीन उत्तर परियोजना से जेसीबी मंगाकर उन्हें ध्वस्त कर दिया।

## उपायुक्त ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** समाहरणालय में मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में उपायुक्त रामनिवास यादव ने जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से पहुंचे 100 से अधिक फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान भूमि विवाद, राशन कार्ड, खाद्यान्न वितरण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, आधार कार्ड, आवास, पेयजल, बिजली, राजस्व एवं अन्य जनहित से जुड़े मामलों पर लोगों ने अपनी शिकायतें रखीं उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को सभी आवेदनों का त्वरित, पारदर्शी एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी शिकायत को अनावश्यक



रूप से लंबित नहीं रखा जाना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से राशन कार्ड, खाद्यान्न वितरण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, आधार कार्ड एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि पात्र लाभुकों तक सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाना प्रशासन की जिम्मेदारी है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनता दरबार में प्राप्त कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि अन्य मामलों को संबंधित विभागों को अग्रसारित करते हुए शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए। साथ ही अधिकारियों को आवेदनों की नियमित मॉनिटरिंग कर निर्धारित समय सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित करने तथा आवेदकों को कार्रवाई की जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश भी दिया गया।

## जेएमएम ने सीबीएसई और एनटीए परीक्षा प्रणाली पर लगाया प्रश्न चिह्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** केंद्रीय शिक्षा प्रणाली पर सवाल उठाते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने परीक्षा व्यवस्था में बड़े सुधार की मांग की है। नीट और सीबीएसई परीक्षाओं में हाल ही में आई गड़बड़ियों, प्रश्नपत्र लीक होने और ऑन-स्क्रीन मार्किंग जैसे नए प्रयोगों के कारण छात्रों को भारी मानसिक तनाव का सामना करना पड़ रहा है, जिससे कई होनहार युवाओं को अपनी जान तक गंवानी पड़ी है। इस गंभीर स्थिति और लगभग 27 लाख विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ का हवाला देते हुए

### शिक्षा मंत्री की बर्खास्तगी की मांग

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पद से बर्खास्त करने की मांग की गई है। इसके साथ ही यूजीसी द्वारा पीएचडी रिसर्च गाइडलाइंस में किए गए हालिया बदलावों और शिक्षा बजट में की गई भारी कटौती को लेकर भी गहरी चिंता व्यक्त की गई है। दूसरी ओर, राज्यसभा नामांकन और स्थानीय ट्रेजरी घोटाले की चल रही एसीबी व सीआईडी जांच के निष्कर्षों को जल्द ही महालेखाकार के समक्ष प्रस्तुत करने की बात कही गई है।

## एडीजी ने की विधि-व्यवस्था की समीक्षा



**गुमला।** प्रदेश के एडीजी मनोज कौशिक ने आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में राँची जोन के चार जिलों की पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में गुमला, खूँटी एवं लोहरदगा जिला के पुलिस कप्तान एवं सिमडेगा जिला मुख्यालय डीएसपी शामिल थे। एडीजी मनोज कौशिक ने बताया कि बैठक में अपराध, विधि व्यवस्था इसके अलावा स्पेशल क्राइम की समीक्षा की गई है। उन्होंने बताया कि इन चार जिलों में विगत तीन सालों में जितने भी मामले दर्ज हुए हैं उसकी प्रगति रिपोर्ट एवं लंबित मामलों की भी समीक्षा की गई है। इसके अतिरिक्त स्पेशल क्राइम में महिला एवं बच्चों के विरुद्ध आने वाले मामलों की त्वरित गति से निष्पादन करने तथा पॉक्सो के मामले में तत्काल गिरफ्तारी कर कानून के तहत करवाई करने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही एडिशन ने बताया कि इन चार जिलों के अंतर्गत आने वाले पर्यटन स्थलों को कैसे सुरक्षित किया जाए इसको लेकर भी समीक्षा करते हुए कई दिशा निर्देश दिए गए हैं ताकि पर्यटन स्थलों में पर्यटक सुरक्षित होकर घूम सके।

## युवा संवाद चौपाल यात्रा के माध्यम से युवाओं को राजद से जोड़ना उद्देश्य : रंजन यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** धनबाद जिला युवा राष्ट्रीय जनता दल की ओर से मंगलवार को लुसी सर्कुलर रोड स्थित विवाह भवन में युवा संवाद चौपाल यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता और राजद नेता उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल द्वारा झारखंड के सभी 24 जिलों में युवा संवाद चौपाल यात्रा चलाई जा रही है। इसी क्रम में धनबाद में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को राजद से जोड़ना, उन्हें एकजुट करना तथा स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में जागरूकता फैलाना है। साथ ही समाज के अंतिम व्यक्ति को उसके हक और सम्मान दिलाने के लिए युवाओं को संगठित किया जा रहा है। रंजन यादव ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि हर साल दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने का वादा कर सत्ता में आई मोदी सरकार अपने वादों को पूरा करने में विफल रही है। उन्होंने नीट पेपर लीक मामले को लेकर भी केंद्र सरकार को घेरते हुए युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ का आरोप लगाया।

## सहयोग शिविर में प्रभारी सचिव ने लोगों की सुनीं समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** राज्य सरकार के जन-शिकायत निवारण अभियान के अंतर्गत जिले के गोराडीह प्रखंड के बिशनपुर जिच्छो पंचायत में आज आयोजित सहयोग शिविर में खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव सह जिला प्रभारी सचिव दीपक आनंद ने लोगों की समस्याओं को सुना और सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रभारी सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर वे शिविर की प्रगति और शिकायतों के निस्तारण की स्थिति का जायजा लेने पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि सहयोग शिविर का उद्देश्य आम




नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के लिए अधिकतम 30 दिनों की समय-सीमा निर्धारित की गई है तथा अनावश्यक विलंब के प्रति सरकार पूरी तरह गंभीर है। श्री आनंद ने बताया कि सहयोग पोर्टल एवं हेल्पलाइन 1100 के माध्यम से नागरिक घर बैठे अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने लोगों से डिजिटल माध्यमों का अधिकाधिक उपयोग करने और अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सहयोग पोर्टल का लाभ उठाने का आह्वान किया। प्रभारी सचिव ने विशेष रूप से भागलपुर जिला प्रशासन की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि पूर्व में आयोजित सहयोग शिविर में प्राप्त अधिकांश शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय-सीमा से काफी पहले, मात्र सात दिनों के भीतर कर दिया गया है। इसके लिए जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी और जिला प्रशासन की पूरी टीम को बधाई के पात्र हैं। जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि यह शिविर पूरी तरह आम जनता की समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देशानुसार प्रत्येक पंचायत में सहयोग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि लोगों की शिकायतों एवं समस्याओं का स्थानीय स्तर पर त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया।

## नींव रखने वालों को इतिहास याद रखता है, और शिलान्यास करने वालों को सिर्फ तस्वीरें : पूर्व विधायक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चौपारण (हजारीबाग)।** चौपारण प्रखंड के ग्राम बेला, लोहण्डी, मानगढ़ एवं कोयली के किसानों के लिए प्रस्तावित चेकडेम व लिफ्ट एरिगेशन परियोजना का शिलान्यास आज भले ही वर्तमान विधायक के हाथों हो रहा हो, लेकिन क्षेत्र की जनता को यह जानना चाहिए कि इस योजना की वास्तविक पहल किसने की थी। पूर्व विधायक श्री अकेला ने कहा अपने कार्यकाल के 19/06/2024 को किसानों की सिंचाई समस्या को गंभीरता से उठाते हुए तत्कालीन मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से क्षेत्र के लोगों के साथ भेंट कर चेकडेम व लिफ्ट एरिगेशन योजना की मांग की थी। इस संबंध में तत्कालीन मुख्यमंत्री को सौंपा गया अनुशंसा पत्र तथा मुलाकात के फोटो साक्ष्य आज भी उपलब्ध हैं, जो इस परियोजना की शुरुआत में पूर्व विधायक की महत्वपूर्ण भूमिका को प्रमाणित करते हैं। हमें खुशी है कि किसानों के हित में यह योजना धरातल पर उतर रही है। विकास कार्यों का स्वागत होना चाहिए। लेकिन यह भी उतना ही आवश्यक है कि जनता को सच्चाई बताई जाए और जिन लोगों ने इसकी नींव रखी, उनके योगदान को भुलाया न जाए। वर्तमान विधायक को उन योजनाओं का शिलान्यास का अवसर मिल रहा है, जिनकी मांग और संघर्ष की शुरुआत पूर्व विधायक ने की थी। राजनीति में श्रेय लेना आसान है, लेकिन संघर्ष करना कठिन।

## एसएसपी ने दिए प्रोफेशनल पुलिसिंग के गुर

### बेहतर कार्य करने वालों को मिलेगा सम्मान, लापरवाही पर होगी विभागीय कार्रवाई

**कार्यशाला**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** पुलिस केंद्र में मंगलवार को वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारियों के लिए विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सिटी एसपी रित्विक श्रीवास्तव एवं ग्रामीण एसपी एस. मोहम्मद याकूब भी मौजूद रहे। इस दौरान पुलिस अवर निरीक्षक स्तर के पदाधिकारियों को पुलिस कार्यप्रणाली, अनुसंधान, अपराध नियंत्रण एवं जनसंपर्क से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया।

एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम चरणबद्ध तरीके से आयोजित किया जा रहा है जिसके माध्यम से जिले के 329 पुलिस अवर निरीक्षक एवं 561 सहायक अवर निरीक्षकों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसका उद्देश्य पुलिसिंग की गुणवत्ता में सुधार लाना, अनुसंधान को अधिक प्रभावी बनाना तथा अपराध नियंत्रण के साथ आम नागरिकों को बेहतर कानूनी सहायता उपलब्ध कराना है। कार्यशाला के दौरान एसएसपी प्रभात कुमार ने सभी



पदाधिकारियों को लंबित मामलों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कांडों के उद्भेदन में तेजी लाते हुए समय पर चार्जशीट न्यायालय में समर्पित की जाए तथा अनुसंधान के दौरान इलेक्ट्रॉनिक एवं डिजिटल साक्ष्यों का अधिकतम संकलन किया जाए। इसके अलावा वारंट और कुर्की के निष्पादन में भी तेजी लाने को कहा गया। उन्होंने निर्देश दिया कि किसी भी आपराधिक घटना की सूचना तत्काल वरीय अधिकारियों एवं कंट्रोल रूम को दी जाए। पुलिस पदाधिकारी अपने कर्तव्यों का ईमानदारी एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करें तथा क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहकर पेट्रोलिंग करें। रात के समय संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान सत्यापित करने, पहचान पत्रों की जांच करने तथा देर रात बाहर रहने के कारणों की जानकारी लेने का भी निर्देश दिया गया।

एसएसपी ने कहा कि क्षेत्र में सूचना तंत्र को मजबूत बनाना अत्यंत आवश्यक है। यदि पुलिस को समय रहते हर गतिविधि की जानकारी मिलेगी तो अपराधों की रोकथाम में अधिक सफलता मिलेगी। उन्होंने एंटी क्राइम चेकिंग अभियान, वाहन जांच एवं संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी को नियमित रूप से संचालित करने पर बल दिया।

थाना स्तर पर शिकायतों के त्वरित निष्पादन पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि सभी शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए और किसी भी फरियादी को अनावश्यक परेशान न किया जाए।

## नल-जल योजना की जलमीनार बनी शोभा की वस्तु

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बांका।** कटोरिया प्रखंड क्षेत्र के बसमत्ता पंचायत अन्तर्गत वार्ड संख्या 11 के डहुआघाट गांव में सरकार की महत्वाकांक्षी नल-जल योजना फ़ेल साबित हो रही है। गांव में निर्माणाधीन पीएचईडी विभाग का पानी टंकी यानि जलमीनार सिर्फ शोभा की वस्तु बनकर रह गई है। जलमीनार का चदरा जर्जर होकर सड़ चुकी है एवं पाइप लाइन भी जगह-जगह से टूटी पड़ी है। और जल आने वाली टोंटी टूटकर बकरी बांधने का खूंटा बन गई है। ग्रामीणों के साथ संचालक ने आक्रोश जताते हुए कहा कि



जलमीनार का चदरा सड़ने से वर्षा का पानी सीधे मोटर के स्टार्टर पर गिरती है और बार-बार विभाग द्वारा लगये गये रिपेयरिंग मोटर खरब हो जाते है। तीन महिना पूर्व हुए मोटर खरब व जलमीनार के जर्जर स्थिति से ग्रामीणों को पानी नदी, कुआं या प्राइवेट चापाकल से पीना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा लगाये गए कई नालके मजदूर से उखड़वाकर उसी ने ले गया है और शेष बचे नलके कोई काम का नही रह गया है। पिछले दिनों जब जलमीनार संचालित होती थी तो अनेकों जगह पानी सप्लाई पाईप के फटने से कई ग्रामीणों के घर तक पानी नही पहुंच पाती थी क्योंकि पानी रास्ते में ही गिरकर बेकार हो जाता था जिसकी शिकायत के वाबजूद भी विभाग के लोग ध्यान नही देते थे। इस गांव में करीब 35 घर है जिनकी आबादी लगभग 300 के आसपास है। जलमीनार के संचालक पुरुषोत्तम यादव का कहना है कि विभाग के अधिकारीयों को कई बार इस समस्या से अवगत कराया पर वे लोग यहां के ठेकेदार को काम करने की सलाह देकर चले जाते है पर धरातल पर कोई काम नही होता है। मौके पर उषा देवी, सोनी देवी, कौशल्या देवी, पार्वती देवी, सुमित्रा देवी, रिता देवी, पिंकी देवी, ललीता देवी, प्रदीप यादव, धनराज यादव, पप्पू यादव, बबलू यादव, सुनील यादव, अहिल्या देवी के साथ अनेकों ग्रामीण मौजूद थे। इस मामले को लेकर पीएचईडी विभाग के कनीय अभियंता देवेन्द्र कुमार और ठेकेदार ने कहा जलमीनार की स्थिति का जायजा लेते हुए जर्जर टंकी और टूटी पाइप लाइन की मरम्मत कर जल्द सुचारु रूप से चालू कर दिया जाएगा।

## जिले में निकलेगी भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** हरे कृष्ण सेंटर द्वारा भगवान श्रीजगन्नाथ जी की भव्य रथयात्रा जिले में 19 जुलाई को दूसरी बार निकाला जयगा।इस संबंध में सोमवार को एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में रथयात्रा की तैयारियों, कार्यक्रम की रूपरेखा तथा आयोजन के आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर विस्तार से जानकारी साझा की गई। आयोजकों ने बताया कि जिले में भगवान श्री जगन्नाथ की यह

### दूसरी बार आयोजित हो रही रथ यात्रा

रथयात्रा लगातार दूसरी बार आयोजित की जा रही है। पिछले वर्ष श्रद्धालुओं के उत्साहपूर्ण सहयोग और अभूतपूर्व सहभागिता को देखते हुए इस वर्ष भी रथयात्रा को और अधिक भव्य एवं आकर्षक स्वरूप में आयोजित किया जा रहा है। यह महोत्सव 19 जुलाई (रविवार) को परम पूज्य भक्ति प्रमोद भागवत स्वामी महाराज जी के दिव्य आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन में सम्पन्न होगा।रथयात्रा का शुभारंभ सरयू सदन (काली मंदिर) से होगा। वहां से भव्य रथ डाकबंगला रोड एवं मुख्य बाजार मार्ग से होते हुए जी.डी. कॉलेज तक पहुंचेगा। रथयात्रा के दौरान भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा महारानी के दिव्य विग्रहों का दर्शन श्रद्धालुओं को प्राप्त होगा। संपूर्ण यात्रा में हरिनाम संकीर्तन, भजन-कीर्तन, नृत्य एवं विभिन्न आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिससे पूरे नगर में भक्ति एवं उत्साह का वातावरण निर्मित होगा।आयोजन समिति ने बताया कि रथयात्रा को सफल एवं भव्य बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है तथा बड़ी संख्या में स्वयंसेवक आयोजन की व्यवस्थाओं में जुटे हुए हैं। इस वर्ष हजारों श्रद्धालुओं के रथयात्रा में सम्मिलित होने की संभावना है। प्रेस वार्ता के दौरान आयोजन समिति के सदस्य संजय हिसारिया, कनिष्क हिसारिया, कमल मंगोटिया, मोहित, राजकमल, दीपेश, अच्युत एवं अभिषेक सहित अन्य भक्तगण उपस्थित रहे। सभी ने बेगूसराय एवं आसपास के क्षेत्रों के श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे अपने परिवार एवं मित्रों के साथ इस दिव्य रथयात्रा में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर भगवान जगन्नाथ के दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त करें।

# बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एनटीपीसी का सार्थक प्रयास : आइजी प्रबोध चंद्र

**अभियान के माध्यम से तीन वर्षों में 120 बालिकाओं का किया गया सर्वांगीण विकास : एल. के. बेहेरा | एनटीपीसी नबीनगर में बालिका सशक्तिकरण अभियान 2026 का किया गया शुभारंभ**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बालिका सशक्तिकरण अभियान बालिकाओं को शिक्षा, जीवन कौशल और नेतृत्व क्षमता से लैस कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सार्थक प्रयास है। यह बातें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सीआइएसएफ पूर्वी सेक्टर के महानिरीक्षक प्रबोध चंद्र ने कही। वे मंगलवार की रात एनटीपीसी नबीनगर के बाल भवन मैदान में बालिका सशक्तिकरण अभियान 2026 के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। श्री चन्द्र ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों की प्रतिभाशाली बालिकाओं को वह मंच प्रदान करना है, जहां वे अपने सपनों को साकार करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन और संसाधन प्राप्त कर सकें। यह पहल न केवल व्यक्तिगत विकास की ओर एक कदम है बल्कि यह एक समावेशी और समान समाज की दिशा में कंपनी की प्रतिबद्धता का भी प्रमाण है। कार्यक्रम का उद्घाटन सीआईएसएफ पूर्वी सेक्टर के आइजी प्रबोध चंद्र, आरईडी (ईआर-1) एल. के. बेहेरा, स्वरा लेडीज क्लब की अध्यक्ष आरती बेहरा आदि ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर आरइडी (इआर-1) एल. के. बेहेरा ने स्वागत संबोधन में एनटीपीसी नबीनगर की ओर से बालिका सशक्तिकरण अभियान में निभाई जा रही भूमिका



पर प्रकाश डाला। साथ ही आगामी एक माह तक चलने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा भी प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष अभियान के अंतर्गत 61 बालिकाओं का चयन किया गया है। श्री बेहेरा ने कहा कि बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए इस अभियान में नियमित प्रशिक्षण, कार्यशालाएं, मेंटरशिप सत्र और शैक्षणिक सहायता जैसे अनेक घटक शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान पंजीकृत बालिकाओं के चेहरे पर उत्साह और आत्मविश्वास झलक रहा था। वे न केवल इस अभियान का हिस्सा बनने पर गौरवान्वित थीं, बल्कि उन्होंने अपने भविष्य के सपनों को साकार करने के लिए इस अवसर को एक नई शुरुआत माना। यह प्रयास आने वाले समय में कई बालिकाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक प्रेरक उदाहरण बन सकता है। कार्यक्रम में बालिका सशक्तिकरण अभियान 2026 की बालिकाओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और अपने अनुभव साझा किए। इसके अतिरिक्त स्वरा लेडीज क्लब की सदस्यों और बाल भवन के बच्चों की प्रस्तुतियों ने सभी दर्शकों का दिल जीत लिया। मौके पर बीआरबीसीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीपक रंजन देहुरी, जीएम (परियोजना) राकेश कुमार शर्मा, जीएम (मेंटेनेंस) मनोरंजन पाणिग्रही, एजीएम (एचआर) ओंकार नाथ, डीसी (सीआइएसएफ) रफाकत खान, पीआरओ अतुल नाथ झा आदि मौजूद रहे।

# डिग्री कॉलेज के लिए जिले के दो स्कूलों का चयन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद जिले के मदनपुर प्रखंड स्थित उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, पीरवां तथा ओबरा प्रखंड स्थित उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, करसावां को डिग्री कॉलेज संचालन के लिए चिन्हित किया गया है। इन दोनों संस्थानों में आगामी शैक्षणिक सत्र के संचालन हेतु सभी आवश्यक तैयारियां निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण की जानी हैं। मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने से पूर्व संबंधित कॉलेज परिसरों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का विस्तृत आकलन कराया जाए। उन्होंने विद्युत आपूर्ति, पेयजल व्यवस्था, पर्याप्त एवं सुसज्जित कक्षाओं, छात्र-छात्राओं हेतु पृथक शौचालय, कॉमन रूम, फर्नीचर, कार्यालय कक्ष, स्वच्छता व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देशित किया कि 05 जून तक जिला पदाधिकारी संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यकताओं का अंतिम आकलन कर लें। इसके उपरांत अपर समाहर्ता स्तर पर एक क्रय समिति का गठन किया जाएगा, जिसमें संबंधित दोनों संस्थानों के प्रधानाध्यापक भी सदस्य के रूप में शामिल रहेंगे। बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि 08 जून से पूर्व आवश्यक सामग्रियों एवं संसाधनों की खरीद हेतु निविदा प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाए।

# बाढ़-सुखाड़ एवं लू से निपटने को उठाएं एहतियाती कदम : मनोज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** संभावित बाढ़, सुखाड़ एवं लू के मद्देनजर पूर्व तैयारियों की समीक्षा हेतु एक उच्चस्तरीय बैठक पंचायती राज विभाग के सचिव-सह-प्रभारी सचिव मनोज कुमार की अध्यक्षता में जिला अतिथि गृह में आयोजित की गई। बैठक जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक मौजूद रहे। इस दौरान प्रभारी सचिव ने सभी विभागों को आपदा की किसी भी संभावित स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु पूर्व तैयारी सुनिश्चित करने तथा जनहित में सभी आवश्यक एवं एहतियाती कदम उठाने का निर्देश दिया। अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) ने जानकारी दी कि जिला आपातकालीन संचालन केन्द्र (डीईओसी) कार्यरत है। जिले में वर्तमान में 1429 पॉलीथीन शीट्स



उपलब्ध हैं तथा अतिरिक्त आवश्यकता की पूर्ति हेतु गया जिले से 1200 पॉलीथीन शीट्स की मांग की गई है। बाढ़ राहत शिविरों के संचालन हेतु 86 ऊंचे स्थलों का चयन किया जा चुका है तथा 11 निजी नाव मालिकों के साथ एकरारनामा निष्पादित किया गया है। सांख्यिकी एवं जल संसाधन विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि जिले के सभी प्रखंडों में वर्षामापक एवं ऑटोमैटिक वेदर स्टेशन (एडब्लूएस) यंत्र क्रियाशील हैं। सोन नदी के तटबंधों की मरम्मत एवं बाढ़ सुरक्षा कार्य मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन परिक्षेत्र, डिहरी के निर्देशन में कराया जा रहा है। प्रभारी सचिव ने सभी सिंचाई प्रणालियों को पूर्णतः सक्रिय रखने तथा तटबंधों की सतत निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सुखाड़ की संभावित स्थिति के मद्देनजर लघु सिंचाई विभाग द्वारा जिले में कुल 1556 योजनाएं, जिनमें आहर-पैन, तालाब, चेकडैम एवं नलकूप शामिल हैं, क्रियाशील रखी गई हैं। कृषि विभाग द्वारा मानसून में विलंब अथवा कम वर्षा की स्थिति में मक्का, मडुआ, अरहर एवं धान की विशेष किस्मों जैसी वैकल्पिक फसलों का प्रस्ताव तैयार कर कृषि निदेशालय को भेजा गया है। साथ ही अनावृष्टि की स्थिति में बिचड़ों की सुरक्षा हेतु नियमित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा संभावित महामारी की रोकथाम हेतु 364 प्रकार की दवाओं एवं आवश्यक चिकित्सा सामग्रियों का भंडारण किया गया है। सदर अस्पताल में सर्पदंश एवं कुत्ता काटने की दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। बैठक में एसपी अम्बरीष राहुल, डीडीसी अनन्या सिंह, एडीएम (आपदा प्रबंधन) उपेंद्र पंडित, सिविल सर्जन कृष्ण कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेकार अहमद आदि उपस्थित रहे।

# विभिन्न अपराधों में 16 लोग गये जेल

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में सोमवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 38 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 16 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार, हत्या के शीर्ष में एक, रंगदारी में एक, आईटी एक्ट में एक, हत्या प्रयास में 9, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 6 तथा अन्य मामलों में 20 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 47.43 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1149 वाहनों की जांच की गई जिसमें 25500 रूपये शमन की राशि वसूली की गई है।

# लोगों की समस्याओं का होगा त्वरित समाधान : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अमरीश राहुल की संयुक्त अध्यक्षता में बारून प्रखंड अंतर्गत पिपरा में जन शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी समाधान हेतु सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने उपस्थित ग्रामीणों का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को इस प्रकार के संयुक्त सहयोग शिविरों का आयोजन किया जाता है। इस महत्वाकांक्षी पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें बल्कि प्रशासन स्वयं उनके द्वार तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रशासन का प्रयास है कि पंचायत स्तर पर ही लोगों की शिकायतें सुनी जाएं तथा उनका यथासंभव त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि शिविर आयोजन से पूर्व पंचायत क्षेत्र से आवेदन प्राप्त करने हेतु विशेष अभियान चलाया गया था जिसके अंतर्गत कुल 130 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें शिक्षा से संबंधित नामांकन, जन्म प्रमाण-पत्र, नल-जल योजना, श्रम कार्ड निर्माण, भूमि परिमार्जन, भूमि मापी सहित विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन शामिल थे। उन्होंने कहा कि प्राप्त सभी आवेदनों का निष्पादन कर दिया गया है तथापि यदि किसी व्यक्ति की समस्या अभी तक दर्ज नहीं हो सकी है तो वह शिविर में उपस्थित विभिन्न विभागों के स्टॉल पर आवेदन देकर अपनी समस्या का समाधान प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य केवल आवेदन प्राप्त करना नहीं बल्कि प्रत्येक आवेदन का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करना है। जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुँचे तथा किसी भी पात्र लाभुक को योजनाओं से वंचित न रहना पड़े। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शिविर में सभी विभागों के स्टॉल लगाए गए हैं, जहाँ विभिन्न योजनाओं की जानकारी उपलब्ध है। यदि कोई व्यक्ति किसी योजना का पात्र है और अभी तक उसे उसका लाभ प्राप्त नहीं हुआ है तो वह संबंधित स्टॉल पर संपर्क कर आवेदन दे सकते है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे अपनी समस्याओं को बिना किसी संकोच के प्रशासन के समक्ष रखें।

# अंतिम पंक्ति के लोगों को मिले सरकारी योजनाओं का लाभ : प्रमोद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** मदनपुर प्रखंड के दो पंचायतों में मंगलवार को आयोजित सहयोग शिविर में आम नागरिकों का 167 प्राप्त आवेदनों का निष्पादन किया गया। साथ ही शिविर में अन्य समस्याओं का समाधान किया गया। प्रखंड क्षेत्र के वार और पिपरौरा में आयोजित सहयोग शिविर का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि राज्य और केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक सुलभता से पहुंचे। इसी उद्देश्य से इस अभियान की शुरुआत की गई है। इसके माध्यम से पंचायत स्तर पर एक साथ विभिन्न समस्याओं का निदान हो रहा है तथा योजनाओं का लाभ मिल रहा है ताकि आम नागरिकों का कोई परेशानी न हो। शिविर के माध्यम से जन समस्याओं का निदान तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सहयोग पोर्टल पर किसी भी समस्या के निदान के लिए आनलाइन दर्ज कराए। 30 दिनों में समस्या का समाधान हो जाएगा। बीडीओ डॉ अवतुल्य कुमार आर्य ने बताया कि सहयोग शिविर में





पिपरौरा और वार में राशन कार्ड संबंधी प्राप्त 24 आवेदनों में सभी का निष्पादन कर दिया गया है। जन्म प्रमाण पत्र से संबंधित 39 आवेदन का निष्पादन किया गया। सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत 20 आवेदनों का निष्पादन किया गया। मनरेगा में जाब कार्ड आच्छादित में 29 आवेदनों का निष्पादन किया गया है। भारत स्वच्छता मिशन, लोहिया स्वच्छता अभियान के संबंध में प्राप्त 32 आवेदनों का निष्पादन किया गया। उन्होंने बताया कि कुल 186 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 167 आवेदनों का निष्पादन कर दिया गया है।

# मई माह के दौरान 1541 लोग धराये

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मई माह में 1541 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों में हत्या में 23, हत्या प्रयास में 283, लूट में 4, एसटी-एससी एक्ट में 34, दहेज हत्या 3, पुलिस पर हमला 5, पॉक्सो में 5, आर्म्स एक्ट में 3, वारंट में 173 एवं कांड में 473 हैं। पुलिस द्वारा चलाए गए इस सघन अभियान से अपराध कर्मियों में हड़कंप है। इसके अलावा शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 5311 लीटर देसी शराब, 5757 लीटर विदेशी शराब, 24 बाइक एवं 4 कार बरामद की गई। साथ ही मामले में 144 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

# 16 जून को 28 पंचायतों में लगेगा सहयोग शिविर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मंगलवार को जिले की कुल 28 ग्राम पंचायतों में 'सहयोग शिविर' का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। शिविरों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किए। शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की प्रक्रिया तत्काल प्रारंभ की गई। साथ ही पूर्व से लंबित अनेक मामलों का ऑन-द-स्पॉट समाधान कर ग्रामीणों को राहत प्रदान की गई। इस पहल से आमजन को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए प्रखंड एवं जिला मुख्यालय के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ी तथा उन्हें पंचायत स्तर पर ही सरकारी सेवाओं का लाभ प्राप्त हुआ। सहयोग शिविरों में राजस्व, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, बिजली, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, मनरेगा, भूमि विवाद, दाखिल-खारिज, वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांगजन सहायता, कृषि, छात्रवृत्ति सहित विभिन्न विभागों से संबंधित मामलों की सुनवाई की गई। संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा ग्रामीणों को



सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा पात्र लाभुकों को योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया भी प्रारंभ की गई। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी जयप्रकाश नारायण, अपर समाहर्ता आपदा उपेंद्र पंडित, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, दाउदनगर अनुमंडल पदाधिकारी अमित राजन, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी, डीआरडीए डायरेक्टर अनुपम कुमार सहित जिले के सभी जिलास्तरीय पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न पंचायतों में आयोजित शिविरों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा शिविरों के प्रभावी एवं सुचारु संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक सहयोग शिविर के लिए वरीय पदाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं सहयोगी पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ ही संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारियों को शिविर के सफल संचालन एवं आवश्यक व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिले के विभिन्न प्रखंडों की कुल 28 पंचायतों में 16 जून 2026 को सहयोग शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे अपने पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं एवं योजनाओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत करें तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।

# 80 बोरा खाद लदा पीकअप जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** अनुमंडल कृषि पदाधिकारी रजनीकांत भारती ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अरई हाई स्कूल के समीप उर्वरकों से लदे एक पिकअप वाहन को जब्त किया है। वाहन से कुल 80 बोरा उर्वरक बरामद किया गया, जिनमें 70 बोरा डीएपी एवं 10 बोरा यूरिया शामिल हैं। मामले में आवश्यक कागजात प्रस्तुत नहीं किए जाने पर कृषि विभाग ने वाहन को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुमंडल कृषि पदाधिकारी को उक्त पिकअप वाहन पर संदेह हुआ। वाहन को रोककर उसमें मौजूद लोगों से उर्वरकों के संबंध में पूछताछ की, लेकिन कोई भी व्यक्ति संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। इसी दौरान अरई गांव के कुछ ग्रामीणों ने भी वाहन को रुकवाया। मौके पर मौजूद एक व्यक्ति ने खाद अपना होने का दावा किया, लेकिन जब उससे उर्वरकों से संबंधित वैध दस्तावेज मांगे गए तो वह कोई प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सका। पूछताछ के दौरान ही स्थिति का फायदा उठाकर पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। इसी बीच अरई में आयोजित सहयोग शिविर से लौट रहे अंचल अधिकारी शैलेंद्र कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। कृषि विभाग के अधिकारियों ने जब उर्वरकों के परिवहन से संबंधित दस्तावेजों की जांच की तो कोई भी वैध कागजात उपलब्ध नहीं कराया गया। अनुमंडल कृषि पदाधिकारी रजनीकांत भारती ने बताया कि जब तक आवश्यक कागजात उपलब्ध नहीं कराए जाते तब तक खाद की वैधता एवं उसके स्रोत की पुष्टि नहीं की जा सकती। थाना लाने के बाद बरामद खाद का नमूना भी लिया गया है, जिसे जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# चोरी कांड का उद्भेदन व आभूषणों की बरामदगी के लिए एसआइटी का गठन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** दाउदनगर में बीते दिनों हुई चोरी की घटना को लेकर मगध क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक विकास वैभव के निर्देशानुसार एसआईटी का गठन किया गया है। चोरी गए आभूषणों की बरामदगी एवं अपराधियों की गिरफ्तारी में अपेक्षित प्रगति नहीं होने के मद्देनजर पुलिस महानिरीक्षक द्वारा एसआईटी का गठन किया गया है। ंड की गंभीरता, चोरी गए संपत्ति के मूल्य तथा उपलब्ध तथ्यों के सम्यक मूल्यांकन के उपरांत प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान सुनिश्चित करने हेतु दाउदनगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक दास के नेतृत्व में गठित एसआईटी को कांड के त्वरित उद्भेदन, अपराधियों की गिरफ्तारी एवं चोरी गए आभूषणों की बरामदगी का दायित्व सौंपा गया है। गठित टीम को स्थानीय पुलिस डीआईयू एवं अन्य संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल लोकेशन एवं अन्य तकनीकी साक्ष्यों का पुनः परीक्षण एवं गहन विश्लेषण करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों का सत्यापन, पूछताछ तथा आवश्यकतानुसार अन्य जिलों एवं राज्यों की पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर छापामारी अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

